Page 11 खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10 देश



**रजत पाटीदार ने रचा इतिहास : टी-20 टूर्नामेंट फाइनल में सबसे बड़ा स्कोर...**

**प्रयागराज महाकुंभ 2025 के रोड शोह में शामिल हुए उप्र के स्वतंत्र देव सिंह...**



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, पुनर्वसु, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 17 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 10 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹77,890 | ₹92,500 |



## आज का इतिहास

- 1971 : भारत और पाकिस्तान के बीच तीसरा युद्ध पाकिस्तान के विभाजन के परिणाम स्वरुप बांग्लादेश के अस्तित्व में आने के बाद समाप्त हुआ।

## राज्य के 1.90 लाख शिक्षकों ने तबादले के लिए किया आवेदन

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के एक लाख 90 हजार 332 शिक्षकों ने तबादले के लिए अपना आवेदन दिया है। एक से 15 दिसंबर तक शिक्षकों से ई-शिक्षा कोष पर आवेदन लिए गए हैं। इनमें सबसे अधिक एक लाख 62 हजार 167 शिक्षकों ने लंबी दूरी पर पदस्थापित होने के कारण आवेदन किया है। अब शिक्षा विभाग इन आवेदनों की जांच कर तबादले की कार्रवाई शुरू करेगा।

रेल परिचालन और परियोजनाओं में उत्कृष्टता

# 101 रेल कर्मियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से रेल मंत्री करेंगे पुरस्कृत

**विशेष संवाददाता | नई दिल्ली**

भारतीय रेल ने अपनी उत्कृष्टता और समर्पण के लिए 101 कर्मचारियों और अधिकारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार देने का फैसला किया है। यह पुरस्कार उन कर्मचारियों और अधिकारियों को दिया जाएगा जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अद्वितीय कार्य किए हैं और भारतीय रेल की सेवा में उत्कृष्ट योगदान दिया है। इन कर्मचारियों और अधिकारियों को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा 21 दिसंबर, 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

### नवाचार और समर्पण के लिए पुरस्कार

भारतीय रेल के द्वारा चुने गए 15 कर्मियों और अधिकारियों को नवाचार, रेल की आय में वृद्धि हेतु शानदार प्रयास, उत्पादकता में वृद्धि, आयात पर निर्भरता को कम करने, और स्वदेशी तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार रेल विभाग के



कर्मचारियों और अधिकारियों की प्रतिबद्धता को मान्यता देने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिन्होंने भारतीय रेलवे की कार्यकुशलता को बेहतर बनाने में अपना योगदान दिया है। 16 कर्मचारियों और अधिकारियों को अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना दूसरों की जान और रेलवे की संपत्ति की रक्षा करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। उनका योगदान रेल यात्रा को सुरक्षित और संरक्षित बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। 22 कर्मचारियों और अधिकारियों को रेल परिचालन, सुरक्षा और संरक्षा में अद्वितीय प्रयास करने के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। इन कर्मियों ने रेलवे के संचालन को बेहतर और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण

### टिकटलेस ट्रैवल और आय में वृद्धि

17 कर्मचारियों और अधिकारियों को रेल की आय बढ़ाने, टिकटलेस ट्रैवल को बढ़ावा देने और राजस्व की चोरी को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए पुरस्कार मिलेगा। इन कर्मचारियों की मेहनत ने रेलवे के वित्तीय स्वास्थ्य को मजबूत बनाने में मदद की है।

कदम उठाए हैं। इसके अलावा, 16 कर्मचारी और अधिकारी विभिन्न परियोजनाओं को रिकॉर्ड समय में पूरा करने के लिए चयनित किए गए हैं। भारतीय रेल के दो खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन के लिए अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार दिया जाएगा। इन खिलाड़ियों ने भारतीय रेल का गौरव बढ़ाया और रेलवे की टीम को प्रेरित किया। मेडिकल, कार्मिक, ट्रैक मेंटेनेंस और अन्य संबंधित क्षेत्रों से जुड़े 13 कर्मचारियों और अधिकारियों को भी अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार दिया जाएगा। यह पुरस्कार उन कर्मचारियों को दिया जाएगा जिन्होंने भारतीय रेलवे के विभिन्न पहलुओं में असाधारण कार्य किया है और रेलवे की सेवा को बेहतर बनाया है। इन 101 कर्मचारियों और अधिकारियों में विभिन्न रेल जोनों के कर्मचारी शामिल हैं, जिनमें सेंट्रल रेलवे, ईस्ट कोस्ट रेलवे, पूर्व मध्य रेल, पूर्व रेल, उत्तर मध्य रेल, उत्तर पूर्व रेल, पूर्वोत्तर रेल, नॉर्दर्न रेल, उत्तर पश्चिम रेल, दक्षिण मध्य रेल, दक्षिण पूर्व मध्य रेल, दक्षिण पूर्व रेल, दक्षिण रेल, दक्षिण पश्चिम रेल, पश्चिम मध्य रेल, और पश्चिम रेल के कर्मचारी शामिल हैं। इसके अलावा, चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स, डीएमडब्ल्यू, इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, एनएफआरसी, रेल कोच फैक्ट्री, आरडीएसओ, रेल बिल फैक्ट्री, रेल बिल प्लांट, और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी यह पुरस्कार दिया जाएगा। भारतीय रेल द्वारा यह पुरस्कार रेल कर्मियों और अधिकारियों के समर्पण, मेहनत, और उत्कृष्टता को मान्यता देने का एक महत्वपूर्ण तरीका है, जिससे रेलवे के विभिन्न कार्य क्षेत्रों में और बेहतर परिणाम मिल सके।

# समेकित सहकारी विकास परियोजना के तहत 31 गोदाम और 6 कम्पोजित यूनिट का उद्घाटन

- सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने समय सीमा का पालन करने और जिला प्रशासन से सहयोग लेकर समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने की बात कही।



**निज संवाददाता | पटना**

सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के छह जिलों में समेकित सहकारी विकास परियोजना के तहत बनाए गए 31 गोदामों और 6 कम्पोजित यूनिट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने औरंगाबाद, बेगूसराय, पूर्णिया, मोतिहारी, बेतिया और दरभंगा जिलों में कई अन्य सहकारी परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस परियोजना की शुरुआत 1988 में सासाराम और बक्सर जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई थी। इसकी सफलता के बाद 2001 से इसे राज्य के अन्य जिलों में विस्तारित किया गया। अब तक परियोजना के तहत 20 जिलों में कुल 737.92 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्य किए गए हैं। इनमें से 14 जिलों में 244.96 करोड़ की लागत से कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि छह जिलों में परियोजना का कार्यान्वयन जारी है। परियोजना के तहत औरंगाबाद जिले में 200 मीट्रिक टन क्षमता के तीन गोदाम और 2 कम्पोजित यूनिट, बेगूसराय जिले में 200, 500 और 1000 मीट्रिक टन क्षमता वाले 12 गोदाम और तीन कम्पोजित यूनिट, पूर्णिया जिले में दो गोदाम, मोतिहारी में एक गोदाम और एक सीरियल यूनिट कम्पोजित, बेतिया में छह गोदाम और एक प्रशिक्षण केंद्र, तथा दरभंगा में चार गोदाम बनाए गए हैं। साथ ही, पूर्णिया जिले में जिला केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा भवन का निर्माण कार्य भी शुरू किया गया है।

डॉ. प्रेम कुमार ने इस परियोजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने सहकारी समितियों के माध्यम से रोजगार सृजन और ग्रामीण उत्पादों के भंडारण एवं विपणन की व्यवस्था पर जोर दिया। उन्होंने महफिल-कालीन प्राथमिक बुनकर सहकारी समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह समिति उच्च गुणवत्ता वाले कालीन निर्माण में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। ऐसी समितियों को प्रोत्साहित करने से राज्य में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और पलायन रुकेगा। मंत्री ने सहकारी समितियों को व्यवस्थित और मजबूत बनाने के लिए सहकारी प्रक्षेत्र में मानव संसाधन विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समय सीमा के भीतर परियोजना कार्य पूरा करना आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जमीनी स्तर पर परियोजना की प्रगति का भौतिक निरीक्षण करें और कार्य को तेज करें। सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि परियोजना की समय सीमा 31 मार्च 2025 निर्धारित है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जिला प्रशासन के सहयोग से परियोजना को समय पर पूरा करें और उत्पन्न समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी, जैसे सचिव धर्मेंद्र सिंह, निबंधक इनायत खान, अपर निबंधक प्रभात कुमार और संयुक्त निबंधक शंभुसेन कुमार उपस्थित रहे।

# मालखाना में सुरक्षा लापरवाही पर मद्य निषेध अवर निरीक्षक निलंबित

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद स्थित मालखाना में जब्त वाहनों और सामग्री की सुरक्षा में गंभीर लापरवाही के चलते मद्य निषेध अवर निरीक्षक सह मालखाना प्रभारी मिथिलेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई आयुक्त उत्पाद सह निबंधन महानिरीक्षक रजनीश कुमार सिंह द्वारा की गई, जिन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यालय से वरीय पदाधिकारी भेजकर जांच कराई। मामला उत्पाद थाना कांड संख्या 817/24 से जुड़ा है, जिसमें शराब से संबंधित जब्त वाहन बीआर 02 बीए 8834 को औरंगाबाद के रमेश चौक स्थित मालखाना में रखा गया था। वाहन वहां से चोरी हो गया, जिसकी एफआईआर नगर थाना कांड संख्या 744/24 के तहत 18 अक्टूबर 2024 को दर्ज कराई गई। आयुक्त ने कहा कि प्रथम दृष्टया मिथिलेश कुमार की कार्यप्रणाली संदिग्ध लगती है। उनके कृत्य से जब्त सामग्री के दुरुपयोग की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। इस मामले में विस्तृत जांच के लिए संजय कुमार (उप सचिव) और संजय कुमार (उपायुक्त) को 10 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। यह निलंबन प्रशासन की ओर से सुरक्षा और जब्त सामग्री की निगरानी में लापरवाही के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को दर्शाता है। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए और भी कड़े कदम उठाए जाने की संभावना है।

### मालखाना सुरक्षा में गंभीर चूक

निलंबित अवर निरीक्षक मिथिलेश कुमार ने वाहन चोरी के समय और कारणों पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। जांच में पाया गया कि मालखाना की सुरक्षा के लिए कोई गार्ड नियुक्त नहीं किया गया था, जो उनकी घोर लापरवाही को दर्शाता है। वाहन चोरी की जानकारी पहले सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मिली, जिससे उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठे।

## मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना की समीक्षा बैठक

**पटना (नि.सं.)।** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार के सचिव की अध्यक्षता में पटना में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना की प्रगति और राशि वितरण के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया और योजना के क्रियान्वयन की जानकारी साझा की। बैठक में यह भी पाया गया कि कुछ जिलों में योजना के तहत राशि वितरण की गति धीमी है।

## बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा : रद्द की एक सेंटर की परीक्षा

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को लेकर बड़ी खबर है। बिहार लोक सेवा आयोग ने बीपीएससी 70वीं की प्राथमिक परीक्षा को लेकर सोमवार को एक अहम फैसला लिया। बीपीएससी ने पटना के बापू परीक्षा परिसर में आयोजित एग्जाम को रद्द कर दिया है। बीपीएससी के अध्यक्ष और सचिव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 911 सेंटर के चार लाख 75 हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी है। परीक्षा आम तौर पर शांतिपूर्व माहौल में संपन्न हुई है। उन्होंने पेपर लीक होने की बातों को खारिज करते हुए साफ कहा कि परीक्षा कैंसिल नहीं होगी, लेकिन एक केंद्र पर दोबारा परीक्षा ली जाएगी। दोबारा परीक्षा लेकर भी एक साथ ही परिणाम जारी किया जाएगा।

## टीआरई-3 परीक्षा पेपर लीक मामले में कोचिंग संस्थानों पर होगी कार्रवाई

**पटना (नि.सं.)।** बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने आज स्पष्ट किया कि बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की ओर से आयोजित शिक्षक टीआरई-3 परीक्षा पेपर लीक मामले में कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई की जाएगी। ईओयू के पुलिस उपमहानिरीक्षक एम. एस. ढिल्लो ने सोमवार को यहां बताया कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित शिक्षक टीआरई-3 परीक्षा पेपर लीक मामले में तीन कोचिंग संस्थानों की संलिप्तता सामने आई है। गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इन सभी कोचिंग संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इन कोचिंग संस्थानों के खिलाफ आर्थिक अपराधिक ईकाई न्यायालय जाएगी और फिर इन कोचिंग संचालकों को गिरफ्तार करेगी।

# राशन कार्ड से आधार 31 तक नहीं जुड़ा तो सूची से हटेगा नाम

**निज संवाददाता | पटना**




अगर 31 दिसंबर तक आपने अपने राशन कार्ड को आधार कार्ड तो नहीं जोड़ा तो आपको राशन नहीं मिलेगा। दरअसल, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत उपभोक्ता मामले, खाद्य सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने सभी राशनकार्ड धारकों को आधार सीडिंग की अनिवार्यता कर दी है। पहले 17 सितंबर तक आधार सीडिंग की अंतिम तिथि थी, इसे बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दिया गया है। निर्धारित समय पर राशनकार्ड को आधार से नहीं जोड़ने पर पहली जनवरी से लाभार्थियों का नाम सूची से हटा दिया जाएगा। जिले में 78 फीसदी ही राशनकार्ड धारकों ने ही आधार सीडिंग कराई है। जिला अनुभाजन अधिकारी मनोरंजन कुमार ने बताया कि राशनकार्ड धारक किसी भी राशन दुकान पर जाकर ई-पॉश मशीन से ई-केवाईसी करा सकते हैं। यह काम निःशुल्क होना है। यदि किसी राशन कार्ड में अंकित किसी सदस्य का आधार सीडिंग 31 दिसंबर तक नहीं होता है तो राशनकार्ड से नाम हटा दिया जाएगा। इससे उन्हें खाद्यान्न का लाभ नहीं मिलेगा। राज्य से बाहर रहने वाले कार्डधारक अपने नजदीकी राशन की दुकान पर ई-केवाईसी करा सकते हैं। पटना जिले में सिर्फ 23 प्रतिशत राशनकार्ड धारक का ही आधार सीडिंग नहीं हुआ है। इनमें ज्यादातर लोग प्रदेश से बाहर रहते हैं।

**राज्यपाल ने युवाओं को दी रोजगार प्रदाता बनने की प्रेरणा**

# युवा अपने ज्ञान व मेधा का उपयोग देश एवं समाज के हित में करें : राज्यपाल

**निज संवाददाता | पटना**

राज्यपाल-सह-कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना में आयोजित पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में पदक एवं उपाधि प्राप्त करनेवाले छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य काफी बड़ा होना चाहिए। वे अपने ज्ञान और मेधा का उपयोग देश व समाज के हित में करें। समाज में उनकी पहचान उनके कृतित्व और व्यवहार से होगी। राज्यपाल ने सुप्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा




का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपने कृतित्व से दुनिया में एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि हमारे युवा नौकरी की मानसिकता छोड़कर रोजगार प्रदाता बनने का प्रयास करें। स्वरोजगार प्रारंभ करने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार की कई योजनाएँ हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उद्यमी बनने हेतु आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल का गठन किया जायेगा। राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों को सत्र नियमित करने तथा परीक्षा का आयोजन, परीक्षाफल का प्रकाशन एवं प्रमाण-पत्र वितरण ससमय करने को कहा।

### बिहार में बने बेहतर शैक्षणिक माहौल

राज्यपाल ने बिहार के शैक्षणिक वातावरण को सुधारने पर बल देते हुए कहा कि ऐसा माहौल बनाया जाए जिससे यहां के छात्रों को बाहर पढ़ाई के लिए न जाना पड़े, बल्कि देशभर के छात्र बिहार आकर पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि बिहार की शिक्षा और संस्कृति का समृद्ध इतिहास है, जिसे संरक्षित करना आवश्यक है।

एनटीपीसी NTPC

भारत के लिए अनंत संभावनाओं के गौरवशाली 50 वर्ष




से विद्युत विकास में समर्पित

50 वर्षों से, एनटीपीसी भारत की प्रगति में एक प्रमुख स्तंभ बनकर खड़ी है। एक लघु शुरूआत से आज यह नवाचार के पॉवरहाउस के रूप में उभरी है, जिसने भारत के सपनों को साकार करने में योगदान दिया है। एनटीपीसी उद्योगों को विद्युत प्रदान करती हुई सामुदायिक विकास और जन–जीवन की उन्नति को असंख्य तरीकों से प्रभावित करती है। एनटीपीसी, एक विश्वसनीय ऊर्जा लीडर के रूप में सभी के लिए स्वच्छ, सतत विद्युत और 2047 तक विकसित भारत की दिशा में अग्रसर भारत की यात्रा में योगदान कर रही है।

**सशक्त भविष्य के लिए विद्युत प्रगति**
पारंपरिक, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों और परमाणु ऊर्जा योजनाओं के मजबूत पोर्टफोलियो के आधार पर 2032 तक 130 गीगावाट का लक्ष्य

**ऊर्जा का विश्वसनीय स्रोत**
देश में हर चौथे बल्ब को जगमग करना और बिजली की विश्वसनीय एवं किफायती विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना

**ऊर्जा के साथ–साथ जीवन को सशक्त बनाना**
समावेशी विकास के लिए समुदायों की सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता की सुरक्षा करना

**हरित भविष्य के लिए नवाचार**
फ्लोटिंग सोलर, ग्रीन हाइड्रोजन, ई–मोबिलिटी, कार्बन कैप्चर, बायोफ्यूल्स और ऊर्जा भंडारण समाधानों में अग्रणी

**मूल में स्थिरता**
'लोग, पृथ्वी, समृद्धि' दृष्टिकोण से प्रेरित होकर एनटीपीसी नेट जीरो भविष्य की ओर दृढ़ता से अग्रसर

www.ntpc.co.in



/ntpc1 /ntpcltd1 /ntpclimited /company/ntpc /ntpclimited पर आएँ

## संक्षिप्त समाचार

### चौकीदार सहित 3 लोगों को लंगूर ने काटा, डर से बच्चे नहीं जा रहे स्कूल

**फतेहपुर।** थाना क्षेत्र की जगरनाथपुर पंचायत के करियादपुर गांव में लंगूर ने दो दिनों में चौकीदार सहित तीन लोगों को काट कर जख्मी कर दिया है। घायलों का इलाज स्थानीय स्तर पर चल रहा हैं। लंगूर ने पंचायत के आधा दर्जन गांवों में अब तक दो दर्जन से अधिक लोगों को काट कर जख्मी कर दिया है। इसमें एक घायल व्यक्ति की मौत हो चुकी है। जगन्नाथपुर निवासी रामजी मांझी और करियादपुर निवासी चौकीदार अनूप पासवान ने बताया कि वह बाजार से घर जा रहे थे। इसी समय रास्ते में लंगूर ने उन पर अचानक हमला कर दिया और पैर में बुरी तरह से काटकर जख्मी कर दिया। चौकीदार के पैर में बारह टांके लगे हैं। वहीं रामजी के पैर में भी कई टांके लगे हैं। करियादपुर गांव के ही बड़े मियां ने बताया कि उसका पुत्र सरफराज मदरसा जा रहा था। इस दौरान लंगूर ने उसे अकेले पाकर उसके भी पैर को काट कर जख्मी कर दिया। वहीं चार दिन पहले भी लंगूर ने श्रीरामपुर गांव में ललिता देवी, सरिता देवी व चलीतर यादव और करियादपुर में कालो अंसारी के पुत्र अफरोज को काटकर घायल कर दिया है। घायलों का स्थानीय स्तर पर इलाज किया जा रहा है। जगन्नाथपुर के करियादपुर, जगरनाथपुर, श्रीरामपुर, कत्थाडीह, कोकथा, परवलडीह, दरीऔरा, महुडर, धरमपुर आदि आधा दर्जन से अधिक गांवों में पिछले दो माह से लंगूर (काले मुंह वाले हनुमान) ने आतंक मचा रखा है। लोग अपने बच्चों को अकेले स्कूल भेजना बंद कर दिया है। मुखिया धनंजय मिस्त्री, पूर्व उप प्रमुख रामचंद्र यादव, बासुदेव प्रसाद, दीपक कुमार आदि ने लंगूर के आतंक से मुक्ति दिलाने की गुहार डीएम से लगाई है। लंगूर के आतंक वाले गांवों में वन विभाग की टीम 20 दिनों से रेस्क्यू करने और लंगूरों को पकड़ने में जुटी है। वन विभाग की टीम द्वारा लंगूर को पकड़ने के लिए हर प्रयास किया जा रहा है।

### गुरपा में वृद्ध व्यक्ति का शव हुआ बरामद, सनसनी

**फतेहपुर।** गुरपा बाजार स्थित जिओ टावर के पास से पुलिस ने रविवार को एक वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद की है। पहले तो शव की पहचान नहीं हुई। बाद में शव की पहचान गुरपा थाना क्षेत्र के सर्वोदयपुरी गांव निवासी 70 वर्षीय रघुनी मांझी के रूप में की गई। वृद्ध की मौत ठंड से होने की बात बताई गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एएनएमएमसीएच गया भेज दिया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि सुबह में ग्रामीणों से खबर मिली कि गुरपा बाजार के बगल स्थित जिओ कंपनी के टावर के पास एक वृद्ध का शव पड़ा है। इसके तत्काल बाद वे पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तो वृद्ध का शव मुंह के बल पड़ा देखा। उन्होंने बताया कि वहां मौजूद ग्रामीणों से मृतक के बारे में पूछताछ की गई। लेकिन किसी ने उसकी पहचान नहीं की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर थाना पर लाया गया। उन्होंने बताया कि रात भर मुंह के बल पड़े रहने के कारण प्रथम दृष्टया वृद्ध की मौत ठंड लगने से होना प्रतीत हो रहा है।

### गया में 6 घंटे के लिए बंद रहेगी बिजली आपूर्ति, बिजली ग्रिड के मेंटेनेंस का काम होगा

**गया।** गया में 17 दिसंबर यानि कि मंगलवार को बोधगया समेत कई इलाकों में 6 घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान बिजली ग्रिड के मेंटेनेंस का काम किया जाएगा। बिजली विभाग ने इस निर्णय को लेकर कहा है कि ग्रिड में 132 केवी के तार को बदलने के लिए लिया गया है। जिससे भविष्य में किसी प्रकार की बिजली संबंधित समस्या का सामना न करना पड़े। बिजली विभाग के असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सआदत हसन ने कहा कि ग्रिड के मेंटेनेंस से बिजली की सप्लाई में स्थिरता और विश्वसनीयता आएगी। पुराने तार की वजह से पावर सप्लाई में रुकावट आ रही है। इसे बदलने से लंबे समय तक निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सकेगी। सिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने कहा कि 17 दिसंबर को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक बोधगया ग्रिड से जुड़ी बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। जिसमें बोधगया, मगध विश्वविद्यालय, टेकुना, एयरपोर्ट, मानपुर, अमरा, भुसुंडा,खटकाचक, बकरौर, सोभ, डोभी और डीआरडीओ जैसे प्रमुख इलाके प्रभावित होंगे। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से इस कटौती के दौरान संयम रखने और सतर्क रहने की अपील की है। साथ ही जरूरी काम को समय रहते निपटाने की अपील की है। साथ ही मेंटेनेंस के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद रखने, बिजली का बैकअप रखने के अलावा पानी का भंडारण करने की अपील की है।

### घर में आग लगने से संपत्ति जलकर राख, पांच बच्चों की बच गई जान

**मोहड़ा।** प्रखंड के उतरी कजूर पंचायत की टिकराचक गांव में अजय चौहान के घर में आग लगने से हजारों रुपए की संपति जल कर राख हो गई। घर के लोग शनिवार की रात खाना खाकर सो गए। अचानक रात में घर में आग लग गई। किसी तरह अजय चौहान की पत्नी तेतरी देवी अपने 5 बच्चों को लेकर जान बचा कर निकली। महिला का पति रोजगार के लिए दूसरे प्रदेश में गया हुआ है। महिला अपने गांव में बच्चों के साथ अकेली ही रहती थीं। मुखिया प्रतिनिधि रविन्द्र भारती ने बताया कि उन्होंने अपने निजी फंड से कुछ सहायता राशि और अनाज पीड़ित को उपलब्ध कराया। सीओ राकेश रंजन ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है लेकिन अंचल में कंबल उपलब्ध नहीं है। सोमवार को प्लास्टिक दिया जाएगा। एसडीएम गोपाल कुमार ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नजदीकी डीलर को अनाज देने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि आपदा से कम्बल भी सोमवार को दिलवा दिया जाएगा।



### 12 सूत्री मांगों के साथ सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त



**बोधगया।** नगर परिषद के सफाई कर्मियों, फेडरेशन के महामंत्री, नप के सभापति ललिता देवी, कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक आनंद एवं सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्यों एवं प्रतिनिधियों के समक्ष तीन घंटे लंबी चली बैठक के बाद आखिरकार हड़ताल की समाप्ति की घोषणा बिहार लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन के अध्यक्ष सजीत सिंह द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि हमलोगों की जो मांगे थी, उसे नप प्रशासक द्वारा विचार सौहार्द पूर्ण रहा। सभी मजदूरों को ठंडा एवं गर्म वर्दी देने पर निर्णय लिया गया कि सभी कर्मियों को वर्तमान समय में वर्दी दी गई है। बरसात के मौसम को देखते हुए सभी कर्मियों को बरसाती उपलब्ध कराया गया है तथा गर्म वर्दी देने के लिए वित्त विभाग द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में कार्यालय द्वारा अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। सभी कर्मचारियों को 8.33 प्रतिशत बोनस दिए जाने पर बताया गया कि पूर्व में सभी कर्मियों को प्रोत्साहन राशि दी गयी है, जिसे इस वित्तीय वर्ष भी दिया जाएगा। एनजीओ प्रथा समाप्त किया जाए और दैनिक मजदूर के रूप में उनसे काम कराने पर निर्णय लिया गया कि इस संबंध में फेडरेशन से विस्तृत आवेदन लेकर विभाग को भेजा जाएगा। हड़ताल समाप्ति की घोषणा सभापति ललीता देवी ने की। अब सफाई कर्मियों व लेबर के बीमार होने के क्रम में दस हजार रुपए दिए जाने पर निर्णय लिया गया।

# आरा मशीन में हादसा, आग लगने से नष्ट हुआ लाखों का कारोबार

## 3 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची, महंगी लकड़ियां जलकर राख

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा के हिलसा शहर के प्रमुख व्यापारियों में से एक, नबल मिस्त्री की आरा मशीन में आग लग गई। एक रात में उनके पूरे व्यवसाय को राख में बदल दिया है। हिलसा थाना क्षेत्र के योगीपुर रोड स्थित किसान टिंबर में हुई इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने न केवल मिस्त्री के परिवार को, बल्कि स्थानीय व्यापारिक समुदाय को गहरा आघात पहुंचाया है। पीड़ित ने बताया कि रविवार की शाम काम खत्म करने के बाद वह अपने घर लौटे, तभी सोमवार की अहले सुबह चार बजे उन्हें आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद आनन-फानन में वे दुकान पहुंचे, जहां दुकान से आग की तेज लपटें निकल रही थी। अग्निशमन दस्ते को सूचना दी गई, जिसके बाद तीन (फायर ब्रिगेड की गाड़ियां) मौके पर पहुंची। हालांकि, तब तक आग ने विनाशक रूप ले लिया था। महंगी लकड़ियां, सखुआ और सागवान- पूरी तरह से जलकर राख हो चुकी थी। मशीनें, मोटर और अन्य उपकरण भी पूरी तरह से नष्ट हो गए। मिस्त्री ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि इस आग से उन्हें करीब आठ लाख रुपए का नुकसान हुआ है, लेकिन वास्तविक क्षति इससे कहीं अधिक प्रतीत होती है। स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आशंका व्यक्त की जा रही कि शॉर्ट सर्किट या पटाखे की चिंगारी की वजह से आरा मशीन की दुकान में आग लगी है। हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित व्यवसाय क्षति के आकलन में जुटा हुआ है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# नालंदा में तालाब में डूबने से किशोरी की मौत

निज संवाददाता। नालंदा



♦ मौके से बच्ची का चप्पल मिला, पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबने की आशंका

नालंदा के गोविंदपुर गांव में सोमवार की सुबह पईन में डूबने से एक किशोरी की मौत हो गई। मृतका की पहचान गोविंदपुर गांव निवासी नरेश चौधरी की (14) वर्षीय पुत्री काजल कुमारी के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। परिजन ने बताया कि काजल सुबह उठकर घर से बाहर निकली थी। इसके बाद से वह लापता हो गई। करीब आधे घंटे बाद जब वह घर नहीं लौटी तो खोजबीन की जाने लगी। तभी घर से थोड़ी दूरी पर उसका एक चप्पल दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर पईन में फिसलने का निशान दिखा। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से पानी भरे पईन में उतरकर खोजबीन की गई तो पानी के अंदर से काजल का शव बाहर निकाला गया। परिजन पैर फिसलने से किशोरी गहरे पानी में चले जाने से मौत की आशंका जता रहे हैं। नालंदा थाना अध्यक्ष निशि कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते हैं पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# रेल यात्रियों के लिए 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का मौका

निज संवाददाता। नालंदा



स्लीपर क्लास में प्रति व्यक्ति 24,330 रुपए किराया, 5 जनवरी से यात्रा

आईआरसीटीसी ने भारत गौरव ट्रेन के माध्यम से बिहारवासियों को सभी 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का सुनहरा अवसर दिया है। विशेष यात्रा 5 जनवरी, 2025 से शुरू होकर 17 जनवरी तक चलेगी। यात्रा झांसुगोड़ा से शुरू होगी और उज्जैन के श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, श्री ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, द्वारिका के श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, द्वारिकाधीशा मंदिर, सोमनाथ की श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, शिर्डी के साईं बाबा, नासिक में श्री त्रियंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग और घीनेश्वर ज्योतिर्लिंग सहित कई अन्य धार्मिक स्थलों को कवर करेगी। यात्रा के लिए स्लीपर क्लास का किराया 24,330 रुपए प्रति व्यक्ति रखा गया है। जो भी श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होना चाहते हैं, वे आईआरसीटीसी की वेबसाइट या फिर 85959377731 और 8595 937732 पर संपर्क कर सकते हैं।

**अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन भी कराए जाएंगे:** आईआरसीटीसी पटना के मुख्य पर्यवेक्षक संजीव कुमार ने बताया कि यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए एक स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान यात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**इस यात्रा में श्रद्धालु सभी 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर सकेंगे:** यात्रा का किराया काफी किफायती रखा गया है। यात्रा के दौरान यात्रियों को आरामदायक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कई अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन भी कराए जाएंगे।

# महाबोधि मंदिर में काग्यू मोनलम चेनमो पूजा शुरू, आध्यात्मिक गुरु करमापा की उपस्थिति से बौद्ध श्रद्धालु उत्साहित



निज संवाददाता। गया

विश्व शांति और सभी जीवों के कल्याण की प्रार्थना के साथ बोधगया के महाबोधि मंदिर में काग्यू मोनलम चेनमो पूजा शुरू हो गई है। रविवार को महाबोधि मंदिर परिसर में पारंपरिक और भव्य आयोजन के साथ इस विशेष पूजा का शुभारंभ हुआ। तिब्बती बौद्ध धर्म के काग्यू परंपरा के आध्यात्मिक गुरु 17वें करमापा थिनले थाए दोरजे भी रविवार शाम को बोधगया पहुंचे और पूजा में शामिल हुए। सोमवार से उनके ही नेतृत्व में पूजा होगी। इस दौरान विश्व भर से करीब 10 हजार बौद्ध अनुयायी पहुंचेंगे और पूजा का लाभ भी उठाएंगे।

**करमापा की मौजूदगी से भक्तों में उत्साह:** 17वें करमापा थिनले थाए दोरजे का आगमन बौद्ध भिक्षुओं और श्रद्धालुओं के लिए बेहद खास पल रहा। हालांकि करमापा को शनिवार को पहुंचना था, लेकिन देर होने के कारण वे रविवार शाम पहुंचे। उनकी मौजूदगी से माहौल में उत्साह और भक्ति की ऊर्जा का संचार हो गया। सोमवार से करमापा अपने अनुयायियों को विशेष आध्यात्मिक मार्ग दर्शन देंगे।

**काग्यू मोनलम चेनमो की विशेषता:** काग्यू मोनलम चेनमो, तिब्बती बौद्ध धर्म का एक महत्वपूर्ण पूजा समारोह है, जिसे बीते 20 वर्षों से बोधगया में आयोजित किया जा रहा है। इस पूजा का उद्देश्य विश्व के सभी प्राणियों के लिए सुख, शांति और मोक्ष की प्रार्थना करना है। इसमें किंग ऑफ एस्पिरेशन के माध्यम से प्रार्थनाएं की जाती हैं, ताकि संसार के सभी लोग निरोग रहें, एक-दूसरे का भला करें और शांति के साथ जीवन व्यतीत करें।

**कौन हैं 17 वें करमापा?:** 17 वें करमापा थिनले थाए दोरजे काग्यू परंपरा के सर्वोच्च आध्यात्मिक गुरु हैं। उन्हें बौद्ध धर्म की काग्यू शाखा के प्रमुख के रूप में माना जाता है। उनकी खासियत है कि वे बौद्ध धर्म को आधुनिक संदर्भों में प्रासंगिक बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उनके प्रवचन और शिक्षाएं अनुयायियों के लिए गहन आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करती हैं। **भक्ति और शांति का संगम:** महाबोधि मंदिर परिसर में श्रद्धालु पारंपरिक परिधानों में पहुंचे और गर्भगृह में भगवान बुद्ध को नमन कर पूजा की। यह पूजा विश्व शांति के लिए समर्पित है और बोधगया को एक बार फिर वैश्विक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित करती है। इस पूजा के साथ, बोधगया की आध्यात्मिक आभा और भी बढ़ गई है।

# गया में लोग उठा रहे प्रशासन पर सवाल, जब्त की गई शराब का मामला

निज संवाददाता। गया

गया जिले के गुरपा थाना क्षेत्र में बच्चों से शराब उठवाते हुए पुलिसकर्मी का वीडियो सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि गुरपा थाना क्षेत्र में जब्त की गई शराब को पुलिसकर्मी वहां के स्थानीय बच्चों से शराब को बोर में भरकर ट्रैक्टर पर रखवा रहे हैं। वीडियो को देखने के बाद लोगों ने पुलिस पर सवाल खड़ा करना शुरू कर दिया है। वहीं, थाना प्रभारी अजय कुमार ने मामले को लेकर पहले ऐसी किसी घटना से इनकार किया लेकिन जब वीडियो और तस्वीरें सामने रखी गईं, तो उन्होंने सफाई दी। सफाई देते हुए कहा कि शराब तस्करों ने कई जगहों पर शराब फेंकी थी। आसपास के गांव के बच्चे उसे उठा रहे थे। पुलिस ने बच्चों को ऐसा करने से मना किया था। इस मामले में ग्रामीणों का कहना है कि छापेमारी दल में दर्जनभर पुलिसकर्मी और चौकीदार मौजूद थे। अगर अतिरिक्त मदद की जरूरत थी, तो मजदूर बुला सकते थे लेकिन बच्चों से शराब उठवाना अनैतिक है। यह कृत्य बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास पर बुरा असर डाल सकता है।

**क्या है पूरा मामला:** बीते 12 दिसंबर को गुरपा पुलिस और एलटीएफ टीम ने गोपी मोड़-गुरपा सड़क मार्ग पर शराब तस्करों के खिलाफ छापेमारी की थी। इस दौरान भारी मात्रा में महुआ शराब और 8 बाइक जब्त की गई थी।

## सीयूएसबी में कर्नाटक के युवाओं का स्वागत, गया में हुआ युवा संगम 5.0

निज संवाददाता। गया

गया में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के तहत कर्नाटक के 50 युवा प्रतिनिधियों का दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में रविवार की देर रात पारंपरिक अंदाज में स्वागत हुआ। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के नेतृत्व में यूनिवर्सटी परिवार ने ढोल-नगाड़ों, शंखनाद, तिलक और गुलाब के साथ मेहमान युवाओं का अभिनंदन किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कई अधिकारी, शिक्षक और छात्र मौजूद रहे। पीआरओ मुदस्सिर आलम ने बताया कि यह कार्यक्रम पांच प्रमुख आयामों- पर्यटन, परंपरा, प्रगति, परस्पर संपर्क और प्रौद्योगिकी पर आधारित है। इन आयामों के तहत कर्नाटक के प्रतिनिधियों को बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू कराया जाएगा।

**पांच दिवसीय यात्रा:** कर्नाटक के युवा राजगीर, नालंदा, बोधगया और पटना के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। वे दशरथ मांझी की गहलौर घाटी, महाबोधि मंदिर, शांति स्तूप, पावापुरी जल मंदिर और तख्त श्री हरमंदिर साहिब जैसे स्थलों की संस्कृति और इतिहास को समझेंगे। इसके अलावा राजभवन में महामहिम राज्यपाल से भेंट, बोधगया के शंकराचार्य मठ में नागरिक सम्मान और स्थानीय मंत्री प्रेम कुमार की मौजूदगी में विशेष समारोह का आयोजन भी होगा। युवाओं का दल पथरकट्टी के शिल्पकारों, जीविका परियोजना और बिपार्ड की अत्याधुनिक नेक्स्ट जेन लैब का दौरा करेगा। सीयूएसबी कैंपस में योग सत्र, पौधारोपण अभियान और खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को बिहार के पर्यावरण और जीवन शैली से जोड़ा जाएगा।

पूर्व रेलवे

**एनआईटी सं.: 285_2024-25, दिनांक 13.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण** : निम्नलिखित स्थानों पर सेस मरम्मत कार्य – वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में बाली–बैण्डेल अप मेन लाइन किमी 7.051–7.585, 11.008–11.968 किमी, 13.768–14.004 किमी, 14.02–15.863 किमी, 17.42–19.179 किमी, बाली–बैण्डेल डाउन मेन लाइन–12.033–12.695 किमी, 12.827–13.382 किमी, 13.762–15.802 किमी, बाली–बैण्डेल अप मेन लाइन–21.587–21.771 किमी, 23.004–24.063 किमी, 24.779–24.819 किमी, 25.329–28.041 किमी और 28.60–38.001 किमी और बाली–बैण्डेल डाउन मेन लाइन – 28.598–32.393, 33.058–37.406 किमी, **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,34,69,749.75, **बयाना राशि:** रु. 2,67,400/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 02.01.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-482/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 13.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.1, निविदा सं.: टीएन–170–24–25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के अधीन संतोषपुर और एक्यूआर के बीच किमी 16/15 से 19/6 तक, बालीगंज और संतोषपुर के बीच किमी 5/4 से 16/9 तक, एक्यूआर और बजबज के बीच किमी 19/5 से 25/2ए तक बैलस्ट रिटेनिंग वॉल के साथ रेल फेंसिंग द्वारा बाउंडरी वॉल और नैहाटी से हालिशहर के बीच स्थान 38/28 से 39/6ए (360 मी.), मदनपुर से शिमुराली के बीच 56/9 से 56/25 (480 मी) एवं चकदह से पायराडांगा के बीच 62/21 से 63/5 (600 मी.) में बाउंडरी वॉल (कुल 1440 मी.)। **निविदा मूल्य :** रु.5,91,98,610.35, **बयाना राशि :** रु.4,46,000/–, **क्रम सं.2, निविदा सं.: टीएन–198–24–25, कार्य का नाम:** बजबज–वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के अधीन बजबज में नए गुड्स कार्यालय, मर्चेंट रूम, ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण और पर्याप्त आलोक व्यवस्था। **निविदा मूल्य :** रु.4,58,43,822.40, **बयाना राशि :** रु.3,79,200/–, **क्रम सं.3, निविदा सं.: टीएन–199–24–25, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बालीगंज के अधीन कोलकाता स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 1 से 5 के बीच लाइन नं. 1, 2, 3, 4 एवं 5 के वर्तमान क्षतिग्रस्त धोने योग्य एप्रॉन की मरम्मत एवं नवीनीकरण तथा सभी अनुषंगी कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.86,41,074.50, **बयाना राशि :** रु.1,72,800/–, **क्रम सं.4, निविदा सं.: टीएन–200–24–25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के क्षेत्राधिकार में लेवल क्रॉसिंग रोड सरफेस की मरम्मत एवं अन्य अनुषंगी कार्य । **निविदा मूल्य :** रु.79,78,709.81, **बयाना राशि :** रु.1,59,600/– **क्रम सं.5, निविदा सं.: टीएन–201–24–25, कार्य का नाम:** टीटागढ़ स्टेशन में गुड्स शेड के विकास के साथ वार्फ का नवीनीकरण, आलोक व्यवस्था में सुधार एवं मर्चेंट रूम का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.2,41,07,286.31, **बयाना राशि :** रु.2,70,500/–, **क्रम सं.6, निविदा सं.: टीएन–205–24–25, कार्य का नाम:** (1) सियालदह –बजबज में- एलसी गेट नं. 1/ए/ई, 2/ए/ई, 5/एस/टी कांकुलिया, 7/बी/टी, (04 एलसी गेट) के स्टैंडर्ड टाइप गेट लॉज का प्रावधान, (2) न्यू अलीपुर में–सहायक अभियंता/बालीगंज के अधीन न्यू अलीपुर (कोलकाता) गुड्स शेड में पर्याप्त आलोक व्यवस्था, प्रवेश निकास गेट, बाउंडरी वॉल और उचित प्रदूषण नियंत्रण उपायों का प्रावधान एवं अन्य अनुषंगी कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.1,65,03,110.32, **बयाना राशि :** रु.2,32,500/–, **क्रम सं.7, निविदा सं.: टीएन–208–24–25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के क्षेत्राधिकार में त्रुटिपूर्ण ग्लूड जॉइंटों/ब्लॉक जॉइंटों की बदली के सिलसिले में इनसिटू ग्लूड जॉइंट (52/60 केजी) का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.1,05,67,583.18, **बयाना राशि :** रु.2,02,800/– **क्रम सं.8, निविदा सं.: टीएन–209–24–25, कार्य का नाम:** बालीगज में आरपीएफ बैरक का प्रावधान (30 बेड)। **निविदा मूल्य :** रु.1,16,11,725.56, **बयाना राशि :** रु.2,08,100/–, **क्रम सं.9, निविदा सं.: टीएन–210–24–25, कार्य का नाम:** एलसी गेट नं. 1/ए/ई, 2/ए/ई (सियालदह–बालीगंज जंक्शन), 5/एस/टी (बालीगंज जंक्शन–सोनारपुर जंक्शन), 7/बी/टी, 9/बी/टी, 10/बी/टी, 11/सी/ई, 12/बी/टी, 13/बी/टी, 14/बी/टी (बालीगंज जंक्शन–बजबज), 130 (नैहाटी जंक्शन–बैण्डेल जंक्शन), 1 और 1ए (कल्याणी–कल्याणी सीमांत)= 13 अदद में आरडीएसओ के अनुसार स्टैंडर्ड हाइट गेज का प्रावधान एवं अन्य सभी अनुषंगी कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.1,78,37,162.78, **बयाना राशि :** रु.2,39,200/–, **कार्य की समापन अवधि:** क्रम सं. 1, 7 और 9 प्रत्येक के लिए **18 (अठारह)** माह, क्रम सं. 2, 4, 5, 6 और 8 प्रत्येक के लिए **12 (बारह)** माह और क्रम सं. 3 के लिए **09 (नौ)** माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 06.01.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 से 9 प्रत्येक के लिए)। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 06.01.2025 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 से 9 प्रत्येक के लिए)। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
SDAH-277/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/628, दिनांक: 13.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. : ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3353, कार्य का नाम : (1)** एईएन/कटवा के अधीन कटवा (04 अदद) में पाइपलाइन एवं अन्य सहायक कार्यों के साथ 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ. एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक की बदली के सिलसिले में विद्युत (सामान्य) कार्य। **(2)** एईएन/कटवा के अधीन आजिमगंज (01 अदद) और सालार (01 अदद) तथा एईएन/नबद्वीपधाम के अधीन नबद्वीपधाम (01 अदद) एवं त्रिवेणी (01 अदद) में पाइपलाइन एवं अन्य सहायक कार्यों के साथ 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ. एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक की बदली के सिलसिले में विद्युत (सामान्य) कार्य । **निविदा मूल्य :** रु. 40,48,613/–, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 81,000/–, **समापन अवधि:** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 03.01.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।
HWH-484/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/627, दिनांक: 12.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. : ईएल–एचडब्ल्यूएच–25–21–3369, कार्य का नाम :** (1) एईएन/बैण्डेल के अधीन बैण्डेल (03 अदद), मेमारी (01 अदद) और बैंची (01 अदद) में पाइपलाइन एवं अन्य सहायक कार्यों के साथ 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ. एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक की बदली के सिलसिले में विद्युत (सामान्य) कार्य। (2) एईएन/बर्द्धमान के अधीन बर्द्धमान (4 अदद) में पाइपलाइन एवं अन्य सहायक कार्यों के साथ 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ. एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक की बदली के सिलसिले में विद्युत (सामान्य) कार्य। (3) डीईएन/1/हावड़ा के अधीन लिलुआ (02 अदद), सेवड़फुली (01 अदद) और तारकेश्वर (01 अदद) में पाइपलाइन एवं अन्य सहायक कार्यों के साथ 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ. एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक की बदली के सिलसिले में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 30,65,655/–, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 61,300/–, **समापन अवधि:** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 03.01.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।
HWH-483/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### नए भवन से पुराने भवन में लौटा अनुमंडल कार्यालय

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** केन यूनियन और व्यवपार मंडल के भवन में 1984 से स्थापित वो संचालित अनुमंडल कार्यालय समेत अन्य कार्यालय पुनः सोमवार से पुराने भवन में ही पुर्नस्थापित होकर कार्य शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि शहर के धावा पुल के समीप करीब दो एकड़ से अधिक भूमि में बनकर तैयार हो चुका लगभग दस करोड़ की लगात से अनुमंडल आदि का कार्यालय भवन में पिछले शुक्रवार को आनन फानन में अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक ने एक नोटिश जारी कर नए भवन में अनुमंडल कार्यालय को स्थानांतरित कर स्वयं नारियल फोड़कर प्रवेश कर कार्य को शुरू कर दिया। तथा जनहित में यह संदेश भी प्रसारित करवा दिया गया कि नए भवन में ही शुक्रवार से अनुमंडल कार्य का नियमित रूप से संचालित होगा। इस बीच कार्यालय से जुड़े करीब सभी अभिलेख के साथ अन्य समान को विभिन्न रूपों में शिफ्ट कर दिया गया। और कर्मियों को निर्देश दिया गया कि सभी अपना कार्य शुरू कर दे।आदेश का अनुपालन करते हुए सभी लोग अपना कार्य नए भवन में पहुंचकर शुरू कर दिया। लेकिन अगले दिन शनिवार को शाम होते होते पुनः पुराने भवन से नए भवन में ले जाया गया संचिका सहित अन्य टेबुल कुर्सी आदि समान लौटने शुरू कर दिया गया। इस मामले में जितनी मुंह उतनी बाते हो रही है। कोई डीएम के कड़ी फटकार के बाद वापस होने की बाते कह रहे है तो कोई भवन विभाग को सुपुर्द किए तथा गजट का प्रकाशन हुए बगैर उद्घाटन के कार्य शुरू किए जाने की बाते कह रहा। तो कोई शासन प्रशासन समेत क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को बगैर सूचना और उद्घाटन के कार्य करने पर सरकार के दबिश पर बैक टू पवेलियन लौटना पड़ा यानि जितनी मुंह उतनी बाते हवा में तैर रहा है। हालांकि आनन फानन में एसडीएम के फैसले से अधिवक्ताओं में भी काफी नाराजगी जाहिर किया था तथा सोशल मीडिया के जरिए अपनी शिकायत भी शासन प्रशासन से दर्ज कराया गया है। सोमवार को पुराने भवन में ही सुचारू रूप से अनुमंडल कार्यालय का कार्य होता नजर आया। बताया जाता है कि नए भवन का उद्घाटन होने तक अनुमंडल कार्यालय का कार्य पुराने भवन में ही सुचारू रूप से कार्य होता रहेगा।

### पीकप व बाइक में टक्कर, बाइक सवार घायल

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** नासरीगंज राजपुर रोड स्थित चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय के समीप सोमवार को पीक अप व बाइक के आमने-सामने हुई टक्कर में बाइक सवार मुन्ना कुमार 30 वर्षीय युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने स्थिति गम्भीर देख सासाराम सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल नासरीगंज थाना क्षेत्र के मंगराव टोला नुआंव का निवासी बताया जाता है। पुलिस पिक अप वैन को जब्त कर अपने कब्जे में ले ली है। प्राप्त सुचना के अनुसार मुन्ना नोखा से मंगराव के टोला नुआंव अपने घर जा रहा था। तभी राजपुर नासरीगंज रोड स्थित चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय के समीप विपरित दिशा से तेज रफ्तार से आ रही पीक अप वैन ने बाईक में टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही मुन्ना सड़क गिर पड़ा। सड़क से गुजर रहे लोगों ने सड़क दुघर्टना की सुचना थाना को सुचना पाते ही थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने डायल 112 नम्बर को सुचना दी। 112डायल पुलिस गाड़ी घटना स्थल पर पहुंच घायल को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। तथा पिक अप को जब्त कर लिया। पुलिस मुन्ना के घर सुचना दे दी है। समाचार लिखे जाने तक स्वजन अस्पताल नहीं पहुंच पाए थे।

### शार्ट सर्किट से लगी ओमनी भैन मे आग

**डेहरी आन-सोन (रोहतास) (नि.सं.)।** सोमवार की अहले सुबह करीब साढे सात बजे दुर्गा मंदिर स्थित सडक पर एक ओमनी भैन मे शार्ट सर्किट से लगी आग मौके से चालक फरार हो गया। आग लगने की सूचना स्थानीय लोगो ने फायर ब्रिगेड को दिया मौके पर पहुच कर आग पर काबू पाया। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार ओमनी भैन स्कूल के बताया जा रहा है। जब भैन मे कुछ किताबें और भी जल कर खाक हो गया।

# गेहूं की बुवाई के लिए खाद का संकट डीएपी और एनपीके के दाम आसमान पर



**निज संवाददाता | दिनारा (रोहतास)**

प्रखंड में रबी सीजन की तैयारी जोरों पर है। जहां धान की कटाई अंतिम चरण में है, वहीं गेहूं की बुवाई तेजी से शुरू हो गई है। लेकिन किसानों के लिए सबसे बड़ी चुनौती खाद की उपलब्धता बन गई है। डीएपी और एनपीके जैसे जरूरी उर्वरकों की भारी कमी के कारण किसान परेशान हैं। बाजार में खाद की तलाश में भटक रहे किसानों को सिर्फ मायूसी हाथ लग रही है।किसानों का कहना है कि कुछ दुकानदार चोरी-छिपे डीएपी उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन इसके लिए 1350 रुपये के बैग पर 1700-1800 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। खाद विक्रेताओं का कहना है कि जिले में खाद की आपूर्ति न के बराबर है, जिससे संकट और गहरा गया है। कुछ विक्रेता दूसरे जिलों से महंगे दाम पर खाद लाकर अधिक कीमत पर बेच रहे हैं।दिनारा प्रखंड के किसान गेहूं की बुवाई के लिए डीएपी और एनपीके जैसी उर्वरकों पर निर्भर हैं। लेकिन स्थिति यह है कि बिस्कोमान के पास आए 500 बैग डीएपी चंद दिनों में ही खत्म हो गए। जय हनुमान खाद भंडार के संचालक का कहना है कि उनके पास ग्रो प्लस और सुपर फार्मूला जैसे उर्वरक उपलब्ध हैं, लेकिन किसान उन्हें गेहूं की खेती में उपयोगी नहीं मानते।दिनारा प्रखंड के कृषि पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि खाद की कमी की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है। उन्होंने माना कि दिनारा जैसे बड़े प्रखंड में खाद की यह आपूर्ति नाकाफी है। बिस्कोमान प्रबंधक सुशील कुमार ने बताया कि नए एनपीके रैक के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन यह कब तक आएगा, इसकी कोई निश्चित सूचना नहीं है। किसानों को तत्काल राहत मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं।खाद संकट के कारण गेहूं की बुवाई प्रभावित हो रही है। किसान अपनी मेहनत और फसल के बेहतर भविष्य के लिए सरकार से तत्काल खाद आपूर्ति सुनिश्चित करने की गुहार लगा रहे हैं। अगर जल्द ही इस संकट का समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले समय में फसल उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है।

## दो ट्रक और एक कार की टक्कर में बाल-बाल बचे लोग

» आनन-फानन में सभी कार सवारों को बाहर निकाला गया तथा बुरी तरह घायल ट्रक चालक समेत सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया।

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर अउआं गेट के समीप सोमवार को दो ट्रक एवं एक कार की भिड़ंत में कार सवार सभी व्यक्ति बाल बाल बच गए हैं। हालांकि इस सड़क दुघर्टना में एक ट्रक चालक समेत चार लोग घायल हुए हैं, जिनका चिकित्सकों की देखरेख में फिलहाल इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि सोमवार की अगले सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग दो के एक हीं लेन में जा रहे दो ट्रक और एक कार अचानक से अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए। जिससे ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार सवार कुल तीन व्यक्ति घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों द्वारा आनन-फानन में सभी कार सवारों को बाहर निकाला गया तथा बुरी तरह घायल ट्रक चालक समेत सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। वहीं घटना के संदर्भ में शिव सागर थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर दो ट्रक एवं एक कार की भिड़ंत में कुल चार लोग घायल हुए हैं, जिनका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## लंबित वादों के त्वरित निष्पादन पर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)**

जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह की अध्यक्षता मे समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में अभियोजन पदाधिकारी/लोक अभियोजक/विशेष लोक अभियोजक/अपर लोक अभियोजकों के साथ विभिन्न न्यायालयों मे अभियोजन/ स्पीडी ट्रायल/न्यायालीय वाद से संबंधित लंबित कांडों की समेकित प्रतिवेदन प्रभारी लोक अभियोजक, रोहतास, सासाराम द्वारा बताया गया कि माह नवम्बर 2024 में न्यायालय मे लंबित मामलों मे सजा हुई है एवं सभी अपर लोक अभियोजकों से आदेश की प्रति की मांग की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया है कि सभी अपर लोक अभियोजक द्वारा जिस मामले मे फैसला हो चुका है उसकी आदेश की प्रति प्रभारी लोक अभियोजक को प्रस्तुत करेंगे। साथ ही निदेश दिया गया कि रिहा कांडो मे लंबित ऐसे कितने मामले जो अपील दायर करने योग्य है ताकि लंबित मामलो मे सजा एवं फैसला कराया जा सके तथा लंबित वादों का त्वरित रूप से निष्पादन किया जा सके। साथ ही, प्रभारी लोक अभियोजक एवं जिला अभियोजन पदाधिकारी, रोहतास, सासाराम को निदेश दिया गया कि ऐसे कितने मामले रिहा काण्ड योग्य हैं चिन्हित करे, जिसमे सरकार की ओर से अपील दायर करने योग्य हो, जिसमे अपील दायर कर त्वरित निष्पादन किया जा सके। बिन्देश्वर सिंह, विशेष लोक अभियोजक (एन०डी०पी०एस० एक्ट) रोहतास, सासाराम को निदेश दिया गया कि एन०डी०पी०एस० से संबंधित मामलों का अनुश्रवण कर त्वरित कार्रवाई करे ताकि लंबित वादों का त्वरित निष्पादन हो सके। रामेश्वर सिंह विशेष लोक अभियोजक (उत्पाद अधिनियम कोर्ट-01) रोहतास, सासाराम के पास 12182 मामले लंबित होने के कारण जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन कराया जाय एवं पुलिस अधीक्षक, रोहतास, डिहरी द्वारा निदेश दिया गया कि केश डायरी की मांग ई-मेल या पत्र द्वारा किया जाय। अनिल कुमार, अभियोजन पदाधिकारी (एम०पी०/एम०एल०ए०/एम०एल०सी०) रोहतास, सासाराम को जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि लंबित वादों का त्वरित निष्पादन किया जाय।

## डीएम ने किया शिक्षा विभाग द्वारा जिले में संचालित विभिन्न कार्यों की गहन समीक्षा

**निज संवाददाता | नवादा**



शिक्षा विभाग द्वारा जिले में संचालित विभिन्न कार्यों की गहन समीक्षा आज जिलाधिकारी रवि प्रकाश के द्वारा समाहरणालय सभा कक्ष में की गई। समीक्षा के क्रम में बिंदुवार कार्य प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की गई। समग्र शिक्षा नवादा अंतर्गत स्कूल भवन का निर्माण शीघ्र ही पूर्ण करने का आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा हाई स्कूलों में आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त कमरों का निर्माण करने का भी निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिले में सभी सरकारी स्कूलों में शौचालय, बिजली एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने वृक्षारोपण के संबंध में निर्देश दिया की विद्यालयवार पौधारोपण का आकलन करते हुए वृक्षारोपण के कार्यक्रम को सफल बनाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है। सरकार द्वारा बच्चों के कल्याणार्थ हेतु विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है, जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मी अपने-अपने कार्यों को बेहतर तरीके से संपादित करें। पूर्व में किए गए कार्यों का मूल्यांकन करें और त्रुटि परिलक्षित होने पर उसे अविलंब ठीक करने की पहल करें। विद्यालय निर्माण कार्य तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं के निर्माण से जुड़े अधिकारी एवं अभियंता मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि बच्चों का आधार सीडिंग का कार्य अविलंब पूर्ण कराया जाए ताकि बच्चे लाभकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे। उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित अधिकारी छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बनाने की दिशा में समुचित कार्रवाई करेंगे। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ स्थापना, डीपीओ समग्र शिक्षा के साथ-साथ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## पहले दिन सीबीसीएस स्नातक परीक्षा चार परीक्षा केंद्रों पर शांति पूर्व संपन्न

**निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)**

सीबीसीएस यूजी 2024-28 स्नातक सेमेस्टर वन की परीक्षा सोमवार को चार परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों के कदाचारमुक्त शांतिपूर्ण संपन्न हुई। संचालित परीक्षा के पहले दिन ही वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से पहले ही सभी परीक्षार्थियों की नकल को लेकर गहन जांच-पड़ताल की गई। जिस अभियान से वीर कुंवर सिंह परीक्षा केंद्रों पर सख्ती का खासा असर देखने को मिल रहा है। सोमवार को स्नातक परीक्षा के दौरान 4 परीक्षा केंद्रों पर कड़ाके की ठंड के बावजूद सख्ती से छात्रों को परीक्षा देने में पसीने छूट रहे थे। इस संबंध में वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय, धारूपुर केंद्राधीक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह उर्फ फुलेंदर सिंह सहित वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा द्वारा प्रतिनियुक्त प्रवेक्षक डॉ. कन्हैया सिंह की सख्त निगरानी के चलते परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त माहौल में संचालित हो रही है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों में प्रवेश से पहले छात्रों की पूरी जांच-पड़ताल की जा रही है। परीक्षार्थियों को अनुशासन के दायरे में रखते हुए प्रवेश दिया जा रहा है। जो वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय केंद्र पर पूरे परीक्षा तक सख्त नियमों का पालन सुनिश्चित किया गया है। साथ ही परीक्षा हॉल में किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री लाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। वही संचालित परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 जबकि दूसरी पाली दोपहर 1:30 से 4:30 बजे तक हो रही है। साथ ही केंद्र पर सभी परीक्षार्थियों को समय पर प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। जबकि शाहाबाद प्रक्षेत्र का वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय परीक्षा केंद्र आदर्श परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। जिस प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न किया जा रहा है। जो परीक्षाएं 16 से 21 दिसंबर तक दो पालियों में वीर कुंवर सिंह केंद्र पर कुल 2944 परीक्षार्थियों की संख्या साथ कला एवं साइंस विषय के साथ संचालित होगी। पहले दिन परीक्षा केंद्र पर कोई भी परीक्षार्थी निष्कासित नहीं किए गये हैं।

## पंचांग पूजन के बाद वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हुआ वातावरण

**निज संवाददाता | काराकाट (रोहतास)**

काराकाट प्रखंड के बाद गांव में शुरू हुए श्री लक्ष्मी नारायण महा यज्ञ का पंचांग पूजन के बाद विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ही यज्ञ का कार्यक्रम शुरू शुरू हो गया है। श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य जीयर स्वामी जी महाराज के मुखारविंद से आज प्रवचन का कार्यक्रम एवं महा आरती शुरू हुआ तो वही विभिन्न संतों के द्वारा भजन भाव एवं प्रवचन का दौर भी शुरू हो चुका है। संध्या आरती एवं स्वामी जी की उपस्थिति तथा लोगों को आशीर्वचन एवं मिलने जुलने का नियमित दिनचर्या शुरू हुआ। यज्ञ स्थल के आसपास अब मेले का स्वरूप भी दिखाई देने लगा है। संतो के आगमन एवं अतिथियों के प्रबंध का भी यज्ञ आयोजन समिति के द्वारा व्यवस्था कर दी गई है। यज्ञ में स्थानीय समाज सेवियों एवं पुलिस प्रशासन की सहभागिता देखी जा रही है। वहीं इस यज्ञ में विशेष रूप से महिलाओं की संख्या अधिक दिख रही है तो वहीं पुरुषों की संख्या महिलाओं से बराबरी नहीं कर पाई। दुर दराज से आए हुए लोगों के लिए भोजन आदि की व्यवस्था यज्ञ आयोजन समिति के तत्वाधान में किया गया है तो वही स्थानीय लोगों के सहयोग से कार्यकर्ताओं के माध्यम से चारों तरफ नजर रखी जा रही है । इस यज्ञ के आयोजन में जहां पुरुष वर्ग सक्रिय है तो वहीं महिलाएं ज्यादा खुश दिखाई दे रही हैं। क्योंकि धार्मिक कार्य में महिलाओं की संख्या हर जगह प्रभावित कर रही है और यज्ञ के शुरू से ही महिलाओं का काफी भीड़ देखा जा रहा है। ज्ञात हो कि बाद गांव में शुरू हुए सप्त दिवसीय इस महायज्ञ का समापन बाइस दिसंबर को होना है जबकि इसके लिए जल भरी का कार्यक्रम रविवार के दिन किया गया।

## शराब के नशे में बाइक ने टक्कर मारी दो घायल बाइक सवार को जेल भेजा गया

**निज संवाददाता | नोखा (रोहतास)**

» घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालकार ने बताया कि गंगहर गांव के पास एक साइकिल पर दो सवार जा रहे थे। इस साइकिल ने बाइक द्वारा टक्कर मार दी गई।

नोखा थाना क्षेत्र के गंगहर गांव के पास शराब के नशे में बाइक सवार द्वारा साइकिल से जा रहे हैं व्यक्ति में टक्कर मारी। जिसमें दो घायल हो गए। जिसे ग्रामीणों ने पड़कर के पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बाइक सवार की जांच की तो शराब के नशे में पाया गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। गिरफ्तार बाइक चालक की पहचान राजपुर प्रखंड के प्रतापगज गांव निवासी पीयूष कुमार उर्फ दीपक के रूप में की गई। घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालकार ने बताया कि गंगहर गांव के पास एक साइकिल पर दो सवार जा रहे थे। इस साइकिल ने बाइक द्वारा टक्कर मार दी गई। इसमें तराढ गांव निवासी अंजनी कुमार सिंह उर्फ बबलू, एवं सुदामा प्रसाद घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया। इनमें अंजलि कुमार सिंह को गंभीर अवस्था में घायल होने के कारण सासाराम से बनारस रेफर कर दिया गया। वहीं घटना के बाद ग्रामीणों ने बाइक सवार को पकड़ लिया। पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर के मेडिकल जांच कराई तो शराब के नशे में पाया गया। जिसको पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## ट्रैक्टर के धक्का लगने से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत, अक्रोसित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**निज संवाददाता | नौहट्टा (रोहतास)**



थाना क्षेत्र के दारानगर गांव में सोमवार को रोहतास नौहट्टा मुख्य सड़क जाम कर घंटो बाधित रहा। बताया गया की शुक्रवार को ट्रैक्टर से धक्का लगने से घायल द्वारिका चौधरी उम्र करीब 66 वर्ष को इलाज के दौरान वाराणसी ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। जहां आंक्रोषित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी को लेकर सोमवार को घटनास्थल के पास शव को रखकर सड़क जाम कर दिया। घटना के बारे में बताया जाता है कि शुक्रवार को दोपहर में द्वारिका चौधरी अपने खेत की ओर से घर जा रहे थे तभी तेज गति लापरवाही से आ रहे ट्रैक्टर ने दारानगर अंधा मोड के पास धक्का मार दिया। धक्का लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। चिंताजनक स्थिति होने के कारण स्वजन बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ले गए। वाराणसी ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। गांव में शव को पहुंचते हीं ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग समेत ब्रेकर बनाने की मांग कर रहे थे। बता दे की रोहतास से नौहट्टा जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर पर दारानगर गांव का यह अंधा मोड़ है। इस मोड़ पर ग्रामीणों का कहना है कि ब्रेकर होना चाहिए। ताकि तेज रफ्तार से आने वाले गाड़ी के गति पर नियंत्रण हो सके। इसके पूर्व भी इस स्थान पर कई लोग गाड़ी के धक्के से चोटिल हो गए है। सड़क जाम होने के बाद एसआई विनोद कुमार ने घटना स्थल पर पहुँच कर लोगों को समझाया व आश्वासन देकर जाम हटाया।

## भू-सामाधान पोर्टल पर भूमि विवाद के मामलों का इन्ट्री करना सुनिश्चित करे डीएम

» इन्ट्री नहीं किये जाने के कारण समाहर्त्ता द्वारा नराजगी व्यक्त की गयी तथा सभी थानाध्यक्षों को निदेश दिया गया कि भू-सामाधान पोर्टल पर भूमि विवाद के मामलों को निश्चित रूप से संबंधित थानों में पोर्टल पर इन्ट्री करना सुनिश्चित करेंगे।

**निज संवाददाता | सासाराम**



जिला पदाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में भू-समाधान पोर्टल के तहत भूमि विवाद मामलों की समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि पिछले बैठक की तुलना में इस बैठक में अपेक्षित प्रगति नहीं होने तथा दिनांकः 18/11/2024 से दिनांक-16/12/2024 तक भू-सामाधान पोर्टल पर थानाध्यक्ष-शिवसागर /बद्दी/बड़हरी/दरिहट एवं नासरीगंज द्वारा एक भी आवेदन की इन्ट्री नहीं किये जाने के कारण समाहर्त्ता द्वारा नराजगी व्यक्त की गयी तथा सभी थानाध्यक्षों को निदेश दिया गया कि भू-सामाधान पोर्टल पर भूमि विवाद के मामलों को निश्चित रूप से संबंधित थानों में पोर्टल पर इन्ट्री करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा निदेश दिया गया कि प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद की बैठक की कार्यवाही निश्चित रूप से भू-सामाधान पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे तथा अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जिस थाना का इन्ट्री शून्य है वहां भूमि विवाद से संबंधित बैठक में समीक्षा कर निश्चित रूप से बैठक की कार्यवाही अनुमंडल स्तर पर भू-सामाधान पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे तथा बैठक की कार्यवाही की एक प्रति गृह विभाग, बिहार, पटना को भी भेजना सुनिश्चित करेंगे।सभी अंचल अधिकारी, भूमि विवाद से संबंधित बैठक का रोस्टर बनाकर प्रत्येक शनिवार को थाना स्तर पर आयोजित बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे तथा उसकी प्रति संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को भी भेजना सुनिश्चित करेंगे।

## विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल के छात्र शिवांकर ने किया शानदार प्रदर्शन

**निज संवाददाता | पूर्णिया**

विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल (VVRS) और विद्या विहार करियर प्लस (VVCP) के संयुक्त प्रयासों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित की है। स्कूल के होनहार छात्र शिवांकर कुमार, जिन्होंने 2024 में बिहार बोर्ड (BSEB) के परिणामों में बिहार टॉप किया था, ने अब रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (RMO-2024) में भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया है। शिवांकर वर्तमान में वीवीआरएस एवं वीवीसीपी द्वारा संचालित 10+2 इंटीग्रेटेड प्रोग्राम (सत्र 2024-26)के विद्यार्थी हैं। उनके इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के उपलक्ष्य में विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल के ऑडिटोरियम में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में शिवांकर, उनके माता-पिता और विद्या विहार करियर प्लस के मार्गदर्शक राजन रंजन, शंकरदयाल , शिनेंद्र एवं अनीशा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल के सचिव राजेश चंद्र मिश्र, निदेशक आर.के. पॉल, प्राचार्य निखिल रंजन, पीआरओ राहुल शांडिल्य, विद्या विहार करियर प्लस के निदेशक प्रशांत शंकर सहित विद्या विहार परिवार के सभी सदस्य एवं छात्र छात्राएँ मौजूद रहे। इस मौके विद्यालय के सचिव राजेश चंद्र मिश्र ने कहा की शिवांकर जैसे होनहार छात्र हमारी संस्था की गुणवत्ता और मार्गदर्शन का प्रमाण हैं। उनका यह प्रदर्शन विद्यालय और राज्य के लिए गर्व का क्षण है। विद्या विहार सदैव छात्रों को उनके लक्ष्यों तक पहुँचने में मार्गदर्शन और प्रेरणा देने के लिए प्रतिबद्ध है।" वहीँ निदेशक आर.के. पॉल ने कहा की "हमारी शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ छात्रों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए तैयार करती हैं। शिवांकर ने यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन परिश्रम और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ।" जबकि प्राचार्य निखिल रंजन ने कहा की "शिवांकर की उपलब्धि ने हमें गौरवान्वित किया है। हमारी संस्था में न केवल शिक्षा का स्तर ऊँचा है, बल्कि छात्रों को अनुशासन, नैतिकता और प्रतिस्पर्धा की भावना से भी परिपूर्ण किया जाता है। यह सफलता इसी प्रक्रिया का परिणाम है। वहीँ VVCP के निदेशक प्रशांत शंकर ने कहा की "विद्या विहार करियर प्लस (VVCP) का उद्देश्य छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। शिवांकर की यह सफलता सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है। मैं उनके माता-पिता, शिक्षकों और पूरी टीम को इस सफलता के लिए धन्यवाद देता हूँ।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिपूर्ति राशि न मिलने पर विरोध



**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति की राशि विगत छह साल से नही दिए जाने के विरोध में फिरोज़ान हायर एजुकेशनल अकैडमी, छोटा शेखपुरा, नरहट समेत प्रखण्ड के अन्य प्राइवेट स्कूलों के शिक्षक एवं संचालकों ने काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। फ़िरोजन स्कूल के संचालक मो अल्ताफ अंसारी ने बताया कि आरटीई अधिनियम सत्र 2011 में केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया था, जिसे बिहार सरकार ने गरीब बच्चों के हित में अपनाया। इस अधिनियम के तहत यह प्रावधान है कि प्रत्येक प्राइवेट स्कूल प्रथम वर्ग में 25% गरीब बच्चों का नामांकन करेगा और उन्हें आठवीं वर्ग तक मुफ्त शिक्षा प्रदान करेगा। इन बच्चों से स्कूल शुल्क नहीं लिया जा सकता है। इन बच्चों के शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति राशि सरकार को देनी है। हालांकि, यह प्रतिपूर्ति राशि पिछले 6 वर्षों से सरकार द्वारा नहीं दी गई है। इस समस्या को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिलाधिकारी, शिक्षा सचिव बिहार सरकार, प्रधान सचिव बिहार सरकार, शिक्षा मंत्री बिहार सरकार, और मुख्यमंत्री बिहार सरकार को कई बार पत्र लिखा गया। नवादा जिला अध्यक्ष प्रोफेसर बिजय कुमार ने भी कोरोना काल में मुख्यमंत्री के जनता दरबार में इस विषय पर गुहार लगाई, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। प्रतिपूर्ति राशि के भुगतान में देरी के कारण मध्य और छोटे स्तर के स्कूल गंभीर वित्तीय संकट में हैं। इनमें सबसे ज्यादा गरीब बच्चे पढ़ते हैं। इस स्थिति में, गरीब बच्चों को पढ़ाने वाले ये स्कूल बंद होने की कगार पर हैं, लेकिन सरकार ने अभी तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। इसी के तहत प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन, नवादाआंदोलन के लिए बाध्य हो गया है। आज नवादा जिले के सभी प्राइवेट स्कूलों ने काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध दर्ज किया। यदि सरकार इस समस्या पर जल्द कार्रवाई नहीं करती है, तो 23 दिसंबर, सोमवार को शाम 5:00 बजे नवादा के प्रमुख सड़कों पर कैंडल मार्च किया जाएगा। इसके बाद भी यदि सरकार अनसुनी करती है, तो 8 जनवरी, बुधवार को समाहरणालय, नवादा के समक्ष धरना दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद समायल अहमद और अन्य प्रांतीय एवं राष्ट्रीय नेता नवादा आकर इस आंदोलन को धारदार बनाएंगे। यदि इसके बावजूद भी सरकार ने प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं किया, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिलाधिकारी कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। सरकार के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण गरीब बच्चों की शिक्षा बाधित हो रही है। ऐसी स्थिति में स्कूल भविष्य में इन बच्चों का नामांकन लेने में असमर्थ होंगे। यदि गरीब बच्चों को शिक्षित करना है, तो सरकार को प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान करना ही होगा।

### कड़के की ठंड से जन जीवन हो रहा प्रभावित

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिसके कारण जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। सूर्यास्त होते ही लोग अपने अपने घरों में दुबक जाते हैं। पछुआ हवा चलने के कारण सूर्यास्त होते ही हाड़ कंपाने वाली ठंड का प्रकोप शुरू हो जाता है जो सुबह के नौ बजे दिन तक जारी रहता है। जब धूप पूरी तरह से निकलता है तब जाकर ठंड से राहत मिलती है। सीएचसी नारदीगंज में भी ठंड लगे मरीजों की संख्या बढ़ गई है।सीएचसी प्रभारी डॉ नवीन कुमार कहते हैं कि सर्दी खांसी और ठंड लगे मरीज अभी ज्यादा मात्रा में अस्पताल में पहुंच रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी मजदूर और फुटपाथी दुकानदारों को झेलना पड़ रहा है। दुकानदार मनोज शर्मा, सुधीर राम समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि इस कड़ाके की ठंड में जीना मुश्किल हो रहा है। परिवार को चलाने के लिए रोजगार करना जरूरी है। इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह फूटपाथ पर रोजगार हो पाता है। प्रत्येक वर्ष ठंड के मौसम में प्रशासन की ओर से अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था की जाती थी, लेकिन इस वर्ष वह भी नदारथ है।

### महुआ शराब को पुलिस ने किया बरामद

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत अंतर्गत तारगीर गांव में गुप्त सूचना के आधार पर 60 लीटर देसी शराब को रजौली पुलिस ने जप्त किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि तारगीर गांव के रास्ते शराब की ढुलाई लाई की जा रही है। सूचना के आलोक में एसआई अजय कुमार को पुलिस टीम के साथ भेजा गया। जहां से 60 लीटर देसी महुआ शराब बरामद हुआ। हालांकि पुलिस वाहन को दूर से आता हुआ देखकर कारोबारी सड़क किनारे शराब फेंक कर फरार होने में कामयाब रहा है। बाइक सवार के द्वारा फेंके गए सड़क किनारे बोरे की जांच करने पर उसमें प्लास्टिक की थैलियों शराब भरा हुआ मिला है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब मिलने के बाद उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर पड़ताल की जा रही है।जल्द हीं कारोबारी को चिन्हित कर गिरफ्तार किया जाएगा।

### जन आरोग्य समिति का उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनोद कुमार की अध्यक्षता में 'जन आरोग्य समिति' के सदस्यों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहट एवं पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से किया गया। इस उन्मुखीकरन कार्य शाला में पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की प्रतिनिधि शीला कुमारी के द्वारा जन आरोग्य समिति का उद्देश्य के बारे में सदस्यों को जानकारी दी गयी, एवं जिला प्रतिनिधी नवीन कुमार पाण्डेय के द्वारा जन आरोग्य समिति के बारे आये हुए सदस्यों को उनकी रोल एंड रेस्पोंस्बिलिटी के बारे उन्हें जानकारी दी गई। सदस्यों को समिति की भूमिका और समस्याओं के निबंधन के ऊपर जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में पंचायती राज पदाधिकारी शिल्पी नेहरु ने बताया की इस उन्मुखीकरण का मुख्य उद्देश्य समिति के सदस्यों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करना और उन्हें समुदाय के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने के लिए सशक्त बनाना है जिसे सभी के द्वारा किया जाना आवश्यक है। क्योंकि यह सभी जनहित के लिए है। कार्यक्रम में मुखिया धनंजय कुमार, निर्मला देवी, सोना देवी, जीविका से पुष्प कुमारी,स्वास्थ्य प्रबंधक शांता शवामी,जीविका सीएम, महिला प्रय्वेक्षिका पूनम कुमारी, माधवी कुमारी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आशा फैसिलिटेटर, आईसीडीस और जनप्रतिनिधियों सहित कई प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बिहार में समिति द्वारा किए गए सफल प्रयासों को साझा किया गया, और सदस्यों को सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी भूमिका की महत्ता समझाई गई। अनटाइड फंड के सही उपयोग, नियमित बैठकें आयोजित करने, और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने भविष्य की कार्य योजनाओं को प्रभावी बनाने और समुदाय के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और समिति के कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव दिए। यह पहल समिति के सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए उनके कार्यों में दक्षता और समुदाय से जुड़ाव बढ़ाने में सहायक होगी।

# डीएम ने किया जिला स्तरीय समन्वय/राजस्व समिति एवं तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय समन्वय/राजस्व समिति एवं तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गई। इस बैठक में पंचायत सरकार भवन, नये प्रखंड भवन का निर्माण, ग्रामीण सड़कों का निर्माण/ मरम्मती, गंगाजल परियोजना, बख्तियारपुर रजौली फोर लेनिंग परियोजना, सिंचाई हेतु किसानो को विद्युत की आपूर्ति, सिंचाई हेतु नहर का जीर्णोद्धार/ नलकूप की मरम्मती, जल छाजन परियोजना, अमृत सरोवर का निर्माण /सरकारी विद्यालय की चहारदीवारी/ आंगनबाड़ी का निर्माण, नल-जल /चापाकलों की मरम्मती से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विभाग के लक्ष्य के अनुरूप गुणवत्ता के साथ ससमय कार्य को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला समन्वय समिति की बैठक में उन सभी मुद्दों को लाएं जिसमें अंतर्विभागीय समन्वय की आवश्यकता है। पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि चयन करने के संबंध में सभी अंचलाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अंचल अधिकारी को सरकारी जमीन चिन्हित करने का निर्देश दिया एवं दाखिल खारिज के लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया।समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया गया कि कई स्थानों पर पेयजल की काफी समस्या है एवं लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इसलिए अपने टीम को सजग करके रखें एवं कहीं से भी पेयजल के लिए शिकायत आती है तो त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान करने का निर्देश दिय। जिला कल्याण पदाधिकारी को नए छात्रावास के निर्माण हेतु भूमि चयन करने का निर्देश दिया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि राशन कार्ड धारी के बच्चों का आधार कार्ड नहीं बन पाने के कारण आधार सीडिंग के प्रतिशत में कमी हुई है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग या अन्य किसी संस्थान से पीडीएस दुकानों पर आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा राशन कार्ड धारी के बच्चों का आधार कार्ड बन सके। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी को सर समय तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं यथा-कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना, मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना आदि पर लक्ष्य के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि उक्त सभी योजनाओं में तेजी लाना सुनिश्चित करेंगे। डीपीओ आईसीडीएस ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली एवं नल-जल की समस्या से अवगत कराया। जिला पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि संबंधित पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर उन समस्या का समाधान करना सुनिश्चित करेंगे। सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि धान की अधिप्राप्ति समय पर करवाना सुनिश्चित करें, साथ ही सभी पैक्स का समय-समय पर जांच करने का भी निर्देश दिया। किसान भवन एसएफसी आदि हेतु जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया गया। नवादा जिले में विलुप्त होते जा रहे हैं कला के उत्थान हेतु कला एवं संस्कृति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, प्रियंका रान , अपर समाहर्ता नवादा, चंद्रशेखर आजाद, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी संजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अखिलेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रजौली आदित्य कुमार पीयूष, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार के साथ साथ अंचलाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचइडी, भवन, सिंचाई प्रमंडल, पथ प्रमंडल, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा, हिसुआ, वारसलीगंज एवं नगर पंचायत रजौली आदि उपस्थित थे।

## सिंटेक्स कंपनी में अगलगी की थाना में दी आवेदन

निज संवाददाता | नोखा (रोहतास)

प्रखंड के घोरडीहा गांव में सिंटेक्स निर्माण कंपनी में अगलगी में लगभग 8 लाख की संपत्ति जल करके राख हो गई।इसकी आवेदन नोखा थाना में बीजू पटनायक ने दी है। यह अगलगी की घटना के बारे में बताया जा रहा है कि बगल के खेत में आग लगी थी। जहा से कंपनी में अगली की घटना हुई। आग की तेजी से फैलते हुए सिंटेक्स कंपनी के निर्माण कंपनी में अगलगी की घटना हुई।

## चौकीदार पर फायरिंग मामले में पुलिस को मिली कामयाबी

निज संवाददाता | नालंदा

नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र इलाके के बजरंगी मोड़ के समीप पिछले 11दिसम्बर की रात ज्वेलरी शॉप लूट के दौरान चौकीदार पर फायरिंग मामले में फरार चल रहे दो आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में तीन आरोपितों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा एक कारतूस उपकरण बरामद किया जा चुका है। इस मामले को लेकर सदर डीएसपी संजय जायसवाल ने बताया कि घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। गिरफ्तार अपराधियों में नगर थाना क्षेत्र के चैनपुरा निवासी मोहम्मद सिराज और दूसरा मोहम्मद मिराज उर्फ घोचा शामिल। डीएसपी संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि अपराधकर्मियों द्वारा रहुई बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक एवं ज्वेलर्स शॉप की लूट को अंजाम देने के फिराक में थे। लेकिन चौकीदार अलखदेव पासवान ने बहादुरी का परिचय देते हुए अपराधियों से हाथापाई करके उनके मनसूबों पर पानी फेर दिया । इस दौरान दोनों अपराधकर्मी से हाथापाई में चौकीदार जख्मी भी हो गये थे।गिरफ्तार अभियुक्तों का कई आपराधिक इतिहास पाया गया है, जिससे ज्ञात हुआ है कि अभियुक्त पिछले 10 वर्षों से अधिक नालंदा जिला में संगठित गिरोह बनाकर अपराध के क्षेत्र में सक्रिय हैं। दोनों के ऊपर बिहार और लहेरी थाना में 19 से अधिक मामले दर्ज हैं।

# विश्व मगही परिषद् द्वारा अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल का 201वां सम्मेलन संपन्न

निज संवाददाता | नवादा

विश्व मगही परिषद्, नई दिल्ली के तत्वावधान में रविवार, 15 दिसंबर 2024 को सायं 6 बजे अंतरराष्ट्रीय मगही चौपाल का 201वां सम्मेलन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन का विषय 'मगही साहित्य में लघुकथा और कविसम्मेलन 'पर केंद्रित था, जिसमें मगही साहित्य की लघुकथा विधा और मगही कविता की महत्वपूर्ण भूमिका पर गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत साहित्यकार महेंद्र प्रसाद देहाती जी के सरस्वती वंदना से हुआ मगही क्षेत्र में काम करने वाले पांच साहित्यकारों क्रमशः नारायण प्रसाद पुणे महाराष्ट्र, कवि राजकुमार भागलपुर, नरेंद्र प्रसाद सिंह नवादा, डॉ दिलीप कुमार पालीगंज पटना और महेंद्र प्रसाद देहाती, अरवल को विश्व मगही परिषद् के दूसरे सबसे बड़े सम्मान मगही विभूषण से सम्मानित किया गया इस महत्वपूर्ण आयोजन में जिला नवादा (बिहार) के जाने-माने साहित्यकार, पत्रकार, मगही मनीषी और 'मगही रत्न' राम रतन प्रसाद सिंह 'रत्नाकर' मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सम्मेलन में मगही साहित्य के अन्य प्रमुख हस्तियों का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लालमणि विक्रांत जी ने की। कार्यक्रम का संचालन और तकनीकी सहयोग प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण, अंतरराष्ट्रीय महासचिव, विश्व मगही परिषद् द्वारा किया गया। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सनातन संस्कृति के ध्वज वाहक, रससिद्ध कवि एवं सिद्ध संत परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज, जो 'दुर्गा चरित मानस' महाकाव्य के साथ-साथ दर्जनों ग्रंथ सृजन कर राष्ट्र की सेवा में जुड़े हैं। दस लाख से भी ऊपर इनके शिष्य-शिष्या अपनी संस्कृति को जगाने में जुटे हैं। मगही गीत सम्राट जयप्रकाश बाबू भी मगध गौरव गीत गाकर अपनी उपस्थति दर्ज कराई। सम्मेलन में देश-विदेश से दो दर्जन से अधिक विश्व मगही परिषद् के कार्यकारिणी सदस्य और मगही प्रेमी उपस्थित रहे। सम्मेलन में भाग लेने वालों में मगही के प्रमुख कवि, कवयित्री, लोकगायक, समाजसेवी, साहित्यकार और पत्रकार शामिल हुए। नवादा जिले से हिंदी और मगही के साहित्यकार नरेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. बालेंदु कुमार बमबम, डॉ. शिवेंद्र नारायण सिंह, अनमोल कुमारी और वर्षा कुमारी की विशेष उपस्थिति रही। पटना जिले से समाजसेवी सह साहित्यकार पूजा ऋतुराज, शेखपुरा से चुनचुन पांडेय, दिल्ली से समाजसेवी रंजना कुमारी, भागलपुर से साहित्यकार, कवि और गीतकार राजकुमार, लखीसराय से डॉ. राजेंद्र राज, जहानाबाद से हिंदी-मगही साहित्यकार सह कवि रविशंकर शर्मा, अरवल जिला से महेंद्र प्रसाद देहाती, नालंदा से जयराम देवसपुरी और रंजीत दुधु, धनबाद से डॉ. सत्यनारायण प्रसाद टंडन सहित अन्य राज्यों से भी मगही प्रेमी शामिल हुए। प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस सम्मेलन में मगही साहित्य की लघुकथा विधा और मगही कविता पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने कहा कि लघुकथा मगही साहित्य में संक्षिप्तता की शक्ति का अद्वितीय प्रमाण है, जो गहन अर्थ को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करती है। इस तरह के आयोजन से मगही भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित कराने के प्रयासों पर बल मिलेगा। सम्मेलन के समापन पर प्रोफेसर डॉ. नागेंद्र नारायण ने मगही भाषा के विकास के लिए मगध के साहित्यकारों को सम्मानित करने को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार की गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी, ताकि मगही भाषा के विकास और संवर्धन के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें। विश्व मगही परिषद् के इस प्रयास से मगही भाषा को सम्मान दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे, जिससे मगही भाषा का संवैधानिक दर्जा प्राप्त करने का सपना जल्द ही साकार हो सके।

## नारदीगंज बिक्कू सड़क जाम रहने से होती है परेशानी



निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

नारदीगंज चौक से बाजार होते हुए बिक्कू, अनारपुर पकड़िया तक जाने वाली सड़क में नारदीगंज चौक से नारदी डीह गेट तक हमेशा जाम की समस्या लगी रहती है। इसका मुख्य कारण सड़क पर दोनों तरफ सब्जी विक्रेताओं और फुटपाथी दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण है। बाजार और उसके आस पास के गांवों के दर्जनों दुकानदार मुख्य सड़क पर कब्जा कर सब्जी बेचने का कार्य करते हैं। जिसके कारण हमेशा इस सड़क में जाम की समस्या बनी रहती है। जबकि यह सड़क प्रखंड मुख्यालय से ओड़ो और इचुआ करना पंचायत के अधिकांश गांवों को जोड़ता है। नारदीगंज कॉलेज, पंजाब नेशनल बैंक, पोस्ट ऑफिस सभी इसी मार्ग में हैं। जिसके कारण इस मार्ग में काफी लोगों का आना जाना लगा रहता है। सड़क के दोनों किनारे में फुटपाथी दुकानदारों समेत अन्य व्यवसाय करने वाले का बोलबाला है। फुटपाथ पर दुकानें सजी रहने के कारण यह सड़क मार्ग सिकुड़ते जा रहा है। सुबह होते ही व्यवसाय करने वाले अपना अपना टेंट तंबू इस मार्ग में लगा देते हैं।इस मार्ग से आये दिन छोटी बड़ी वाहन भी दौड़ती है। ऐसे में आये दिन वाहन की जहां लंबी कतार लग जाती है, वही लोग जाम में फंसे रहने के कारण हकलन के हालात में रहते हैं। ऐसे में पैदल राहगीरों की परेशानी बढ़ जाती है। वही आये दिन नोंक झोंक भी बनी रहती है। ऐसे में सकारात्मक पहल की आवश्यकता है।

## सिविल सर्जन ने मांगा स्पष्टिकरण

**» चुकी रोस्टर के अनुसार दो बजे दोपहर से संध्या आठ बजे तक प्रभारी की ही डियूटी थी और वे गायब थे। चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी के विरुद्ध कार्यवाई किये जाने का निर्देश जारी किया है।**

निज संवाददाता | नवादा

जिले के उग्रवाद प्रभावित सिरदला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 13 दिसंबर को चिकित्सकों व कर्मियों की अनुपस्थिति से सड़क दुघर्टना में गंभीर रूप से जख्मी अखबार विक्रेता की मौत मामले को सिविल सर्जन ने काफी गंभीरता से लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पर संज्ञान लेकर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग कर दी। आश्चर्य यह कि दिये गये स्पष्टीकरण के जबाव में वे खुद फंसते नजर आ रहे हैं। ऐसा हम नहीं खुद स्पष्टीकरण के तहत दिये गये जबाव का दस्तावेज कह रहा है। चिकित्सा में लापरवाही का स्पष्टिकरण देकर खुद चिकित्सा प्रभारी डॉ राजीव कुमार फंस गए हैं। चुकी रोस्टर के अनुसार दो बजे दोपहर से संध्या आठ बजे तक प्रभारी की ही डियूटी थी और वे गायब थे। सिविल सर्जन ने अखबार विक्रेता की मौत पर चिकित्सक कि लापरवाही की कड़ी निंदा करते हुए लापरवाह चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी के विरुद्ध कार्यवाई किये जाने का निर्देश जारी किया है। चिकित्सा प्रभारी खुद बचने के लिये सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक डियूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अजय कुमार चौधरी के विरुद्ध स्पष्टिकरण निकाल कर खुद रोस्टर के अनुसार फंसते नजर आ रहे हैं। अब गेंद सिविल सर्जन के पाले में है। ऐसे में हर किसी को परिणाम का इंतजार है।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बी पी एस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का अभूतपूर्व किया प्रदर्शन

निज संवाददाता | नवादा



शहर के राम नगर स्थित बी पी एस पब्लिक स्कूल सह बी पी एस किड्स जोन के प्रांगण में दूसरे दिन विज्ञानं प्रदर्शनी के दौरान बच्चों ने भारत के भविष्या से सम्बन्धित लगभग 100 से अधिक मॉडल तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विज्ञानं प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने कचरे के इस्तेमाल से विधुत धारा का निर्माण, स्मार्ट फार्मिंग, सूक्ष्मदर्शी यंत्र, मिसाइल, वाटर फ़िल्टर, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, शुक्र यान, जल चक्र, विंड मिल, सौर मंडल, लाइट हाउस, एयर कूलर लेज़र लाइट सिक्योरिटी सिस्टम, इत्यादि का ज्वलंत मॉडल बनाकर अपने विद्यालय का नाम ऊँचा किया, जिसमें प्रथम स्थान वर्ग की छात्राएं प्राची, सृस्टि, श्रुति, छोटी, चांदनी, नंदनी तथा संध्या, दूसरा स्थान वर्ग के छात्र सौरव, राहुल, साहिल तथा आदित्य तथा तृत्य स्थान वर्ग 5 की छात्राएं अंशु, प्रीति, दिव्या, आकृति, प्रिया ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की निदेशिका हेमलता कुमारी तथा प्रबंध निदेशक पंकज कुमार के कर कमलों द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे ही आने वाले समय में देश का भविष्य हैं। आप सभी के कन्धों पर ही देश का उज्जवल भविष्य निर्भर करता है। अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक ने बी पी एस किड्स जोन के सफलतापूर्वक दो साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वर्ग प्री नर्सरी से लेकर वर्ग यू के जी तक के नए नामांकन पर नामांकन शुल्क, पाठ्य पुस्तक तथा स्कूल ड्रेस निःशुल्क देने की घोषणा की। इस मेले को शानदार और यादगार बनाने में विद्यालय के प्राचार्य मनोरंजन कुमार सिन्हा, उप प्राचार्य सारिका भगत तथा सारे शिक्षकों यथा शिव शंकर, रवि, विश्वाश, विनोद, पुष्पा, अंकिता, सुनीला, सोनाली, पम्मी, जूही, नूतन, पूजा, समृद्धि, आरती, सिमरन इत्यादि का भरपूर योगदान रहा

# गलाघोंटू एवं लंगड़ी रोग से बचाव को लेकर शुरू हुआ मवेशियों का टीकाकरण

निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)




मवेशियों को गलाघोंटू व लंगड़ी बुखार आदि रोगों से बचाने के लिए कौआकोल में पशु टीकाकरण महाअभियान की शुरुआत सोमवार को की गई। इसकी जानकारी देते हुए भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० हरिशंकर शरण ने बताया कि विभाग के निदेश के आलोक में टीकाकरण कर्मियों के द्वारा पशुपालकों के डोर-टू-डोर जाकर मवेशियों को टीका लगाने का कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर सोमवार से प्रखण्ड मुख्यालय परिसर अवस्थित भ्रमणशील पशु चिकित्सालय से टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उन्होंने बताया कि टीकाकरण कार्य 31 दिसम्बर तक किया जाएगा। पशु चिकित्सक ने पशुपालकों से अपने अपने पशुओं में टीका अनिवार्य रूप से लगाने एवं जनप्रतिनिधियों से टीकाकरण कार्यक्रम में सहयोग करने एवं लोगों को जागरूक करने की अपील किया। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के बाद पशुओं में गलाघोंटू व लंगड़ी बुखार होने की सम्भावना न के बराबर होगी। मौके पर बरौन पशु चिकित्सालय के टीवीओ डॉ० मनोज कुमार, छबैल के टीभीओ डॉ० राकेश रंजन, टीकाकरण कर्मी संतोष कुमार, मिथलेश कुमार आदि मौजूद थे।

## जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में प्राथमिकी दर्ज

**» खेत जाने के दौरान जमकर मारपीट की गई तथा गले में रहे सोने की चेन के अलावे 5000 नगदी छीन लिया गया।**

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के अंधरवारी गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट व छिनतई की प्राथमिकी थाने में दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि अंधरवारी गांव निवासी रामस्वरूप प्रसाद के पुत्र राकेश कुमार के द्वारा दिये गये लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिक की दर्ज हुई है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि जमीन विवाद को लेकर गोतिया के स्व. बूंदी यादव के पुत्र भुवनेश्वर प्रसाद व सरदार प्रसाद तथा भुवनेश्वर प्रसाद के पुत्र बलराम प्रसाद एवं सरदार प्रसाद के पुत्र सचिन कुमार एवं गौरव कुमार तथा भुवनेश्वर प्रसाद की पत्नी बेटे की के द्वारा अंधरवारी चौक पर खेत जाने के दौरान जमकर मारपीट की गई तथा गले में रहे सोने की चेन के अलावे 5000 नगदी छीन लिया गया। पीड़ित ने बताया कि बचाने आये पिता जी एवं भाई के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट किया है। जिसके कारण थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया हूं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# रेल मंत्री से बात कराएं क्या...मेरा भतीजा DRM है



◆ बिना टिकट सफर कर रहे यात्री ने धमकाया; TTE ने कहा- हाथ क्यों लगा रहे, बात कीजिए

निज संवाददाता। बक्सर

'मेरे पास मनोज सिन्हा का नंबर है। बात करें क्या...' 'रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात कराएं क्या....।' 'मेरा भतीजा DRM है....। मुझे बक्सर तक बैठकर जाने दो।' ये सारी बातें एक यात्री ने TTE को धमकाते हुए कहीं। ट्रेन की AC बोगी में बिना टिकट यात्रा कर रहे शख्स और TTE के बीच बहस का ये वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से शेयर हो रहा है।

**पूर्व रेल राज्य मंत्री से रेल मंत्री तक की दी धमकी:** टीटीई ने जब यात्री से टिकट मांगा तो उसने कहा कि 'मेरे पास टिकट नहीं है। मैं आपको मनोज सिन्हा से बात कराता हूं।' जिसके बाद टीटीई ने जवाब दिया कि उनके पास भी मनोज सिन्हा का नंबर है। फिर यात्री ने कहा कि 'अश्विनी वैष्णव से बात कराऊं क्या...' जिस पर टीटीई ने कहा कि 'हां कराइए... टिकट नहीं है फिर ताप क्यों दे रहे हैं इतना...। मुझे लगा रिजर्वेशन है।' इसके बाद यात्री ने टीटीई के कंधे पर हाथ रखते हुए कहा- 'आराम से टीटीई साहब..।' जिसके बाद टीटीई भड़क गए और कहा कि 'हाथ क्यों रख रहे हैं। मुंह से बात कीजिए।' इसके बाद यात्री ने कहा कि 'मेरा भतीजा DRM है। अभी फोन लगाता हूं।' तब टीटीई ने कहा- 'हां बात करवाइए...'

**बहस के बाद पेनाल्टी देने पर हुआ राजी:** टीटीई जब यात्री के किसी भी धौंस में नहीं आए तो वो जुर्माना देने की बात करने लगा। उसने कहा- 'बक्सर तक जाना है, पेनाल्टी के साथ कितना होगा बताइए...।' बहस के बाद टीटीई ने उसे आगे ले चला गया। पूरे मांमले पर बक्सर आरपीएफ प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि ऐसी कोई शिकायत उनके पास नहीं आई है। यदि कोई शिकायत मिलती है, तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

## डेयरी फॉर्मिंग व बर्मी कंपोस्ट मेकिंग का प्रशिक्षण शुरू




निज संवाददाता। आरा

पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोईलवर भोजपुर में डेयरी फॉर्मिंग एवं बर्मी कंपोस्ट मेकिंग का दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भोजपुर जिले के विभिन्न प्रखंडों के 35 बेरोजगार युवक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षक पिंटू कुमार द्वारा गाय पालन एवं जैविक खाद बनाने के तौर तरीके, गाय पालन हेतु आवास का प्रकार, बीमारी, दूध की गुणवत्ता एवं उनके रख रखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। संस्थान निदेशक राणा संजीत ने बताया कि संस्थान में पोशाक, भोजन एवं आवासीय सुविधा के साथ निःशुल्क प्रशिक्षण प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। संकाय देव कुमार ने बताया कि दिनांक 18 दिसम्बर से मछली पालन एवं मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण चलाया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु नामांकन शुरू हो गया है, इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान में आकर आवेदन कर सकते है। संकाय प्रेम कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला एवम पुरुष दोनों शामिल हो सकते है। प्रशिक्षणार्थियों का चयन पहले आओ और पहले पाओ के आधार पर होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी सर्टिफिकेट पर नौकरी लेने वाले शिक्षकों पर केस दर्ज करने का आदेश

**आरा।** कन्या प्राथमिक विद्यालय रामशहर के शिक्षक राज कुमार सुमन, न्यू प्राथमिक विद्यालय रामशहर के शिक्षक मनोज कुमार सिंह एवं कन्या प्राथमिक विद्यालय सिन्हा के शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह पर फर्जी सर्टिफिकेट दिखाकर नौकरी लेने के मामले में निगरानी विभाग ने संबंधित थाने को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। निगरानी विभाग, पटना ने पत्र जारी करते हुए बताया कि बड़हरा प्रखंड के मटुकपुर पंचायत में नियोजन वर्ष 2008 में कन्या प्राथमिक विद्यालय रामशहर के शिक्षक राज कुमार सुमन के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच की गई। जांच के क्रम में बीएड का अंक पत्र जिसका रोल नंबर 1439, वर्ष 2002, कुल प्राप्तांक 2326 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण बताया गया है जो कि गलत पाया गया है। न्यू प्राथमिक विद्यालय, रामशहर के शिक्षक मनोज कुमार सिंह के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच की गई। जांच के क्रम में यह पाया गया कि बीएड का अंक पत्र रोल नंबर 1121, परीक्षा वर्ष 2000, कुल प्राप्तांक 2089 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण बताया गया है जो कि फर्जी है। इसी प्रकार बड़हरा प्रखंड के सिन्हा पंचायत में नियोजन वर्ष -2013 में कन्या प्राथमिक विद्यालय, सिन्हा के शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह का नियोजन हुआ था। शिक्षक कृष्ण मोहन सिंह सारण जिले के मांझी थाना अंतर्गत रामबाबू सिंह के पुत्र हैं। निगरानी विभाग द्वारा जांच के क्रम में इनका भी सर्टिफिकेट फर्जी पाया गया है। इसके बाद निगरानी विभाग ने उक्त शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया है। गौरतलब हो कि पूर्व में भी निगरानी विभाग ने फर्जी सर्टिफिकेट दिखाकर नौकरी लेने वाले कई शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज किया था। निगरानी विभाग शिक्षा विभाग से नियोजित शिक्षकों का फोल्डर मांगकर शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की जांच कर रहा है।

### राजद का कार्यकर्ता सह सम्मान समारोह आयोजित

**आरा।** राष्ट्रीय जनता दल का कार्यकर्ता सम्मेलन सह सम्मान समारोह बड़हरा प्रखंड केशोपुर में हुआ। अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद सदस्य विनोद पासवान ने किया। संचालन राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रभु यादव ने किया। बड़हरा के पूर्व विधायक सरोज यादव ने कहा कि पिछड़ा, अति पिछड़ा, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, गरीब व सवर्ण समेत आम जनता के सेवा में मैं सदैव तत्पर रहता हूं और रहूंगा। रात हो या दिन मुझे जब भी जनता फोन पर अपनी समस्या कहती है, मैं हर संभव मदद करता हूं। पार्टी के मजबूती के लिए बड़हरा विधान सभा के सभी बूथों पर बूथ कमिटी का गठन कर मजबूत कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाएगा। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को सरोज यादव ने अंगवस्त्र से सम्मानित भी किया। सभा को संबोधित करने वाले अन्य कार्यकर्ताओं में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष आरती देवी, परमा यादव, मटुकपुर के मुखिया विजय राम, मनोज सिंह, धर्मेंद्र चन्द्रवंशी, दुर्गा पासवान, विजय यादव, जितेंद्र बिंद, जयराम यादव, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद अली इमाम, अजीत यादव गुड्डू।

### 16 फरवरी को जगदीशपुर में क्षत्रिय सम्मान रैली

**आरा।** शहर के मारुति नगर जमीरा कोठी में श्री राजपूत करणी सेना ने 16 फरवरी को जगदीशपुर के वीर कुंवर सिंह किला मैदान में होने वाले क्षत्रिय सम्मान रैली को लेकर प्रेस वार्ता किया। श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह उज्जैन व उपाध्यक्ष अनुराग सिंह राठौड़ ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री राजपूत करणी सेना के संस्थापक ठाकुर लोकेंद्र सिंह कालवी साहब के संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के नेतृत्व में समाज के अंदर जागरूकता और एकता के उद्देश्य से संगठन का निर्माण किया गया है। संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 16 फरवरी को वीर कुंवर सिंह की धरती जगदीशपुर में क्षत्रिय सम्मान रैली होगी। इस रैली में शाहाबाद के चारों जिले से लोग शामिल होंगे। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष शशिकांत सिंह, प्रदेश संरक्षक अजय सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री।

### गड़हनी में एक माह में मात्र 245 आयुष्मान कार्ड

**गड़हनी।** सरकार के आदेश पर करीब एक माह में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व आशा के द्वारा 245 लोगो का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। आशा अपने अपने क्षेत्र में घूमकर लैपटॉप से बनाया है । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रजिस्ट्रेशन काउंटर से बनाया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड को लेकर रजिस्ट्रेशन काउंटर पर ही अलग काउंटर बनाया गया था। सरकार के निर्देश जारी किया था कि जल्द से जल्द अधिक से अधिक लोगो को व 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगो का आयुष्मान बनाया जाय। आशा व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बन रहे आयुष्मान कार्ड का देख रेख सीएचसी प्रभारी चिकित्सक सुनील महेन्द्र कपूर व स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार कर रहे है। सीएचसी व आशा के द्वारा 16 नवंबर से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। वही प्रभारी ने बताया कि आशा का डिजिटल सिस्टम देहात में काम सही नही।

### अवैध सब्जी मंडी, दुकानदारों पर धारा 107 की कार्रवाई

**कोईलवर।** आरा-पटना नेशनल हाइवे पर गीधा थाना क्षेत्र में लगने वाले अवैध सब्जी मंडी के दुकानदारों पर पुलिस ने धारा 107 की कार्रवाई किया है। कायमनगर व गीधा के बिच नेशनल हाइवे पर ही सब्जी की बड़ी मंडी लगाई जाती है। जिस कारण फोरलेन पर अक्सर जाम लगता रहता है। हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसे लेकर पूर्व में गीधा थाना की थानाध्यक्ष उमूस शलमा द्वारा सब्जी मंडी व गणमान्य लोगों के बीच बैठक किया। हिदायत दिया गया था कि कोई भी सब्जी विक्रेता सड़क पर दुकान नहीं लगाएगा। लेकिन दुकानदारों द्वारा उनकी बातों को नजरअंदाज कर सब्जी मंडी को सड़क पर ही लगा रहे हैं। इसे लेकर रविवार को पुलिस ने सभी दंडिधारियों पर धारा 107 की कार्रवाई किया है। इस बाबत थानाध्यक्ष उमूस शलमा ने बताया कि 107 की कार्रवाई के बावजूद लोग सड़क पर सब्जी मंडी लगाने पर एफआईआर कर कार्रवाई की जायेगी।

### असहाय कल्याण समिति ने 551 कंबल का किया

**कोईलवर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चांदी में असहाय कल्याण समिति द्वारा गरीब, असहाय, विकलांग, वृद्ध व विधवा महिलाओं के बीच कम्बल का वितरण व एक दिन का भोजन दिया गया। चांदी बाजार में असहाय कल्याण समिति के अध्यक्ष योगेश प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। मौके पर कार्यक्रम का संचालन करते हुये योगेश प्रसाद ने कहा कि प्रखंड के 551असहाय लोगों के बीच कम्बल वितरित कर आत्म संतुष्टि का आभास होता है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता जागा कुशवाहा ने कहा असहाय कल्याण समिति मानवता के इस पुनीत कार्य के लिये सदैव तत्पर रहता है। इस मौके पर राम कृपाल सिंह, ददन सिंह, दीनानाथ चौधरी, जयनाथ यादव, रामदेव भारती, बिनेश्वर यादव, बिनोद ठाकुर, धर्मराज पंडित, अखिलेश मिश्रा, जागा कुशवाहा, रामू यादव, प्रवीण कुमार, कृष्णा सिंह समेत सैकड़ों।



### आज से तीन दिवसीय भिखारी ठाकुर लोकोत्सव शुरू

**आरा।** आरा लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की जयंती पर तीन दिवसीय भिखारी ठाकुर लोकोत्सव सोमवार से सरदार पटेल बस पड़ाव स्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर होगा। आयोजक भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान है। लोकोत्सव में पारंपरिक गोंड, कठफोड़वा, धोबिया नाच, चर्चित कलाकारों अंकिता पंडित, आशीष दूबे का गायन, बक्शी विकास का भोजपुरी गीतों पर शास्त्रीय नृत्य स्कूली बच्चों की तथा भोजपुरी भाषा की अस्मिता और संवैधानिक मान्यता के सवाल पर परिचर्चा होगी। बैठक में भोजपुरी चरित्र अभिनेता विजय खरे के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में नरेंद्र सिंह, अमरदीप कुमार राय, विजय खरे, रविन्द्र नाथ सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार शर्मा, कृष्ण प्रताप सिंह, कवि राज कवि, रंजन यादव, सुरेन्द्र प्रसाद यादव, डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा, चंद्रभूषण पांडेय, संजय कुमार श्रीवास्तव, सोहित सिन्हा, रवि प्रकाश, सूरज थे। बैठक में शामिल सदस्य।



## बक्सर में मुकेश सहनी का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



◆ ज्योति प्रकाश की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, पटना से जौनपुर जा रहे थे सहनी

निज संवाददाता। बक्सर

जिले के वीआईपी पार्टी के सुप्रीमो और 'सन ऑफ मल्लाह' के नाम से प्रसिद्ध मुकेश सहनी का बक्सर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने फूल-माला और बाजा-गाजा के साथ उनका अभिनंदन किया। बता दें कि बक्सर में प्रवेश करते ही सबसे पहले उनका स्वागत ब्रह्मपुर में किया गया। उसके बाद बक्सर मुख्यालय पहुंचे तो ज्योति चौक पर जिला उपाध्यक्ष विनोद मौर्या की अध्यक्षता में उन्होंने ज्योति प्रकाश की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और उत्साह दिखाया। हालांकि मुकेश साहनी ने कार्यक्रम में समय की कमी के चलते मीडिया से बातचीत न कर पाने का अफसोस व्यक्त किया। इसके बाद चौसा में बच्चा लाला निषाद ने गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया। वीआईपी के जिला उपाध्यक्ष विनोद मौर्य ने बताया कि मुकेश सहनी पटना से सड़क मार्ग से जौनपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए जा रहे थे। इस दौरान बक्सर से गुजरते वक्त कार्यकर्ताओं ने उनका विभिन्न स्थानों पर गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कहा की जौनपुर जाने के क्रम मुकेश सहनी ने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने का काम किया है। वो कार्यकर्ताओं का मान सम्मान ऊंचा रखने के लिए हमेशा उनके बीच पहुंचते रहते है।

## आइकन अवार्ड के कार्यक्रम में बक्सर पहुंची अभिनेत्री तनुश्री दत्ता

◆ बोली-सभी मनुष्यों के सशक्तिकरण पर काम करूंगी, महर्षि विश्वामित्र की धरती पर आना भाग्य की बात



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में सोमवार की रात पहुंची बॉलीवुड की जानी मानी हीरोईन तन्नु श्रीदत्ता ने कहा नारी नारी सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रमों में पहुंचती रहती हूं। बता दें की हुमैन राइट एंड सोशल जस्टिस की ओर से आयोजित "बक्सर आइकॉन अवॉर्ड सेरेमनी में पहुंची हुई थी। जहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने एक तरफ जहां बक्सर को महर्षि विश्वामित्र की धरती पर पहुंचना अपने को भाग्यशाली मान रही थी। तो वही नारी सहित सबके सशक्तिकरण की बात करते नजर आई।

**आइकन अवार्ड के कार्यक्रम में पहुंची थी:** बता दें की रविवार की रात बक्सर आइकन अवार्ड का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फेमिना मिस इंडिया यूनिवर्स और प्रसिद्ध बॉलीवुड अदाकारा तनुश्री दत्ता मुख्य अतिथी के रूप में जिले के होटल ईस्टर्न ग्रेस में पहुंची। जिसकी अध्यक्षता बिहार सचिव, मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय के डॉक्टर दिलशाद आलम ने की। डॉक्टर दिलशाद आलम ने बताया कि"यह बक्सर आइकन अवार्ड का पहला संस्करण है।भविष्य में और भी क्षेत्रों से चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह कार्यक्रम समाज की प्रतिष्ठा बढ़ाने का काम किया है।

**बक्सर वासियों को दी शुभकामनाएं:** मुख्यअतिथि के रूप में पहुंची बॉलीवुड की मशहूर हिरोइन तनुश्री दत्ता के हाथों लोगो ने अवॉर्ड पाकर सम्मानित होने का गौरव प्राप्त किए। जहां मीडिया से बात करते हुए तनुश्री दत्ता ने कहा की "बहुत अच्छा लगा बक्सर आ कर के सभी बक्सर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा की बक्सर महर्षि विश्वामित्र की धरती मुझे इतना प्यार और सम्मान के लिए बहुत बहुत धन्यवाद। साथ ही महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए कहीं की "इस क्षेत्र में अभी बहुत कार्य बाकी है मैं चाहती हूं की आने वाले दिनों में नारी सहित सभी मनुष्यों की सशक्तिकरण पर काम करूंगी। जिसके कारण मैं ऐसे कार्यक्रमों में पहुंचती रहती हूं। सबका साथ सबका विकास इस भावना से आगे काम करती रहूंगी।

## फिजूलखर्ची रोकें : शादी के लिए 300 रुपए का शुल्क व 3 गवाह ही काफी



निज संवाददाता। बक्सर

जरूरी नहीं कि सात फेरों के लिए पानी की तरह पैसे बहाएं या लाखों के कर्ज में डूबें। बस 3 सौ रुपए में शादी को रजिस्टर्ड करा लें। बारातियों की भी जरूरत नहीं। तीन गवाह ही काफी हैं। अब बक्सर में शादी के निबंधन का ट्रेंड बढ़ रहा है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, हर साल निबंधित शादियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वर्ष 2019 में 250 निबंधन हुए, जबकि 2020 में यह संख्या 150 से अधिक हो गई। 2021-22 में लगभग 300 और 2023 में 166 शादियां निबंधित हुईं। वर्ष 2024 में अब तक 121 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 103 निबंधित किए जा चुके हैं। सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी सपना है कि राज्य दहेज और बाल विवाह से मुक्त हो। हालांकि, शादी में अनावश्यक खर्चों के चलते यह सपना अधूरा ही नजर आता है। जन-जागरूकता के बावजूद लोग दहेज और बाल विवाह से पूरी तरह मुक्त नहीं हो सके हैं। लेकिन अब विवाह का निबंधन कराकर लोग शादी के खर्चों को नियंत्रित कर सकते हैं। इसके जरिए न केवल अनावश्यक खर्चों से बचा जा सकता है, बल्कि विवाह को कानूनी मान्यता भी प्राप्त होती है। बक्सर की पौराणिक और ऐतिहासिक धरती जहां हर साल सीताराम विवाह महोत्सव आयोजित होता है। यहां अब लोग विवाह के निबंधन के लिए जागरूक हो रहे हैं। निबंधित विवाह न केवल दहेज और बाल विवाह जैसे सामाजिक कुप्रथाओं को खत्म करने का एक जरिया है, बल्कि यह विवाह को कानूनी और प्रमाणिक बनाता है। पंचायत स्तर पर सुविधा बढ़ने और प्रक्रियाओं के सरलीकरण से अब अधिक से अधिक लोग इस विकल्प को अपना रहे हैं। हिन्दू विवाह अधिनियम 1954 के तहत यह है प्रक्रिया ▪ हिन्दू विवाह अधिनियम 1954 के अनुसार निबंधित विवाह का प्रावधान है। यह जिला अवर निबंधन पदाधिकारी के समक्ष कराया जाता है। ▪ विवाह के लिए जोड़े को उम्र और पते के प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन करना होता है। इसमें तीन गवाहों की उपस्थिति आवश्यक है। ▪ आवेदन शुल्क 100 रुपये है। आवेदन के बाद इसे निबंधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर 30 दिनों तक आपत्तियों के लिए लगाया जाता है। ▪ कोई आपत्ति नहीं आती, तो 90 दिनों के भीतर निबंधन पदाधिकारी विवाह को कानूनी मान्यता प्रदान करते हैं। इसके लिए पुनः 200 रुपये का शुल्क देना पड़ता है। नोटरी पब्लिक के समक्ष एफिडेविट मान्य नहीं विवाह का निबंधन न केवल कानूनी रूप से अनिवार्य है, बल्कि कई परिस्थितियों में उपयोगी भी है। विदेश यात्रा, पासपोर्ट बनाने या नौकरियों में विवाह प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। विवाह निबंधन के बिना नोटरी पब्लिक के समक्ष एफिडेविट मान्य नहीं है। जिनकी शादियां सामाजिक या धार्मिक रीति-रिवाजों से होती हैं, वे भी निबंधन कराकर अपनी शादी को कानूनी मान्यता दिला सकते हैं। हालांकि, निबंधन के लिए दंपति की न्यूनतम आयु लड़कियों के लिए 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष होनी चाहिए। बक्सर में ही कई अधिकारियों ने भी निबंधित कराईं शादियां : तत्कालीन एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा एवं प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी प्रतीक्षा सिंह ने बक्सर में ही निबंधित विवाह किया। एसपी ने निबंधन कराया था वहीं प्रशिक्षु आईएएस ने यहीं निबंधित शादी की। पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष भी विवाह निबंधन करा सकते हैं विवाह अधिनियम 2006 में हुए संशोधन के बाद अब पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष भी विवाह निबंधन कराया जा सकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सुविधा मिली है। ऐसे में ग्रामीण भी इसका लाभ ले सकते हैं। उन्हें जिला मुख्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## बक्सर में 500 करोड़ की लागत से बनेगा सीमेंट फैक्ट्री



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत कांट और रघुनाथपुर के बीच आज जेके सीमेंट कंपनी का भूमि पूजन समारोह संपन्न हुआ। इस मौके पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राघवपत सिंघानिया ने भूमि पूजन करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा,"हमारी कंपनी अब उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए अपने उत्पादों का निर्माण और वितरण करेगी। "जेके सीमेंट के वाईस चेयरमैन डॉ निधिपति सिंघानिया और जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया ने नई ग्राइंडिंग यूनिट का भूमि पूजन किया।कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी भूमि पूजन समारोह के दौरान मौजूद रहे। इस उपलब्धि के साथ कंपनी ने बिहार के मार्केट में विश्वस्तरीय सीमेंट उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने की दिशा में एक और नए अध्याय की शुरुआत की है। बक्सर में जेके सीमेंट कंपनी के स्थापित होने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

**रोजगार के क्षेत्र में बड़ा बदलाव:** डॉ.सिंघानिया ने बताया कि यहां के युवाओं को उनकी स्किल और योग्यता के अनुसार रोजगार दिया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।इस समारोह में जिले के कई आला अधिकारियों ने भाग लिया। बक्सर के विकास आयुक्त (डीडीसी) महेंद्र पॉल और एसडीएम राकेश कुमार ने इस मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा अन्य अधिकारियों और गणमान्य लोगों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस नए प्रोजेक्ट के शुरू होने से क्षेत्रीय उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

**स्थानीय बाजार की जरूरतों को पूरा करने में होंगे सक्षम:** नई ग्राइंडिंग युनिट पर बात करते हुए डॉ राघवपत सिंघानिया,मैनेजिंग डायरेक्टर, जेके सीमेंट ने कहा,आज आयोजित यह समारोह बिहार में जेके सीमेंट के लिए ऐतिहासिक कदम है। हमें खुशी है कि हम अपने उच्च गुणवत्ता के उत्पादों को इस वाइब्रेंट और तेजी से विकसित होते क्षेत्र में ला रहे हैं। यह ग्राइडिंग युनिट न सिर्फ देश में हमारी मौजूदगी को सशक्त बनाएगी बल्कि बिहार में इन्फ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक विकास में भी योगदान देगी। हमें विश्वास है कि अपनी आधुनिक निर्माण क्षमता एवं गुणवत्ता के लिए प्रतिबद्धता के साथ हम स्थानीय बाजार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे।"

**500 करोड़ की अधिक के लागत से बनेगा फैक्ट्री:** जानकारी दी गई की नई ग्राइडिंग यूनिटी बिहार में प्रीमियम सीमेंट की बढ़ती मांग को पूरा करते हुए क्षेत्र में प्रमुख प्लेयर बन जाएगी। गौरतलब है कि यह मार्केट तेजी से विकसित हो रहा है। यह विस्तार पूर्वी भारत में जेके सीमेंट लिमिटेड की मौजूदगी को सशक्त बनाने तथा देश में मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बक्सर युनिट की प्रस्तावित क्षमता 3.00 एमटीपीए है, जो अगले साल तक जेके सीमेंट की उत्पादन क्षमता को 30 एमटीपीए से अधिक तक ले जाने की कंपनी की योजनाओं में योगदान देगी। बिहार में कई बड़ी परियोजनाओं के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास तेजी से हो रहा है।

## मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



निज संवाददाता। बक्सर

जिले के सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों के रसोईघर अब फोर्टिफाइड चावल की खुशबू से महकेंगे। विद्यालयों में बनने वाले मध्याह्न भोजन में फोर्टिफाइड चावल का उपयोग किया जाएगा। ताकि पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को अच्छा पोषण मिल सके। इसके लिए रसोइयों, शिक्षकों व बच्चों को जागरूक किया जाएगा, ताकि फोर्टिफाइड चावल के बारे में जानकारी हासिल कर सकें। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जल्द ही विद्यालयों में विद्यार्थियों को यह चावल खाने को मिलेगा। इस चावल के खाने से छात्र-छात्राओं को पोषक तत्वों की प्राप्ति होगी। यह पोषक युक्त चावल बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अहम होगा। बता दें कि जिले में 1149 प्रारंभिक विद्यालय हैं। जहां 2.70 लाख छात्र छात्राओं को मध्याह्न भोजन दिया जाता है। इसको लेकर मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक ने डीपीओ एमडीएम को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। इसके लिए विद्यालयों में रसोइए, शिक्षकों व बच्चों को फोर्टिफाइड चावल के उपयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। फोर्टिफाइड चावल के बारे में विद्यालयों के रसोइयों को जानकारी का अभाव है। इसके लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। शिक्षकों व विद्यार्थियों को भी इसके प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही चयनित स्कूलों में इस चावल का पोस्टर लगाया जाएगा। बच्चों में कुपोषण से लड़ने के लिए फोर्टिफाइड चावल जरूरी है। क्या है फोर्टिफाइड चावल फोर्टिफाइड चावल में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी-12 जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व मिलाए जाते हैं। ये पोषक तत्व एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से बचाता है। आयरन एनीमिया से बचाव करता है। वहीं फोलिक एसिड खून बनाने में सहायक होता है। विटामिन बी 12 नर्वस सिस्टम के सामान्य कामकाज में सहायक होता है। फोर्टिफाइड चावल की पहचान के लिए चावल की बोरी पर प्लस एफ का मार्क होगा। जिससे चावल की आसानी से पहचान हो सकेगी।

# संक्षिप्त समाचार

## सुल्तानगंज में गंगा किनारे रिवर फ्रंट का निर्माण कार्य शुरू

**घोघा।** गंगा नदी किनारे रिवर फ्रंट निर्माण कार्य कराने की प्रक्रिया बाढ़ नियंत्रण विभाग ने शुरू कर दी है। विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल ने बताया कि रविवार को विभाग के कार्यपालक अभियंता से इस संबंध में बात हुई तो उन्होंने बताया कि 11 दिसंबर से ही काम शुरू कर दिया गया है। रिवर फ्रंट का निर्माण नमामि गंगे घाट से नई सीढ़ी घाट होते हुए कृष्णगढ़ मोड़ तक होगा, जिसे रेल ओवरब्रिज से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही सालोंभर उत्तरवाहिनी गंगा प्रवाहित करने के लिए कैनाल भी बनाया जाएगा। विधायक ने बताया कि फिलहाल अभी पटना में हैं, सुल्तानगंज आने पर निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश देंगे। बता दें कि श्रावणी मेला में आने वाले शिवभक्तों को जाम से निजात दिलाने के लिए रिवर फ्रंट का निर्माण कराने की मांग विधायक ने बिहार सरकार से की थी।

## घोघा में एनएच पर लूटपाट, कट्टा के साथ दो नाबालिग गिरफ्तार

**घोघा** | एनएच-80 पर थाना क्षेत्र के ब्रह्मचारी टोला गांव के समीप शनिवार की रात अपराधियों ने ट्रैक्टर चालक के साथ लूटपाट की। अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर उससे 1050 रुपए और मोबाइल लूट लिए। मामले को लेकर पीड़ित ट्रैक्टर चालक सन्हौला थाना क्षेत्र के ताड़र निवासी मुकेश कुमार यादव ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने 5 घंटे के अंदर दो नाबालिग अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूटे गए मोबाइल, रुपए और एक कट्टा भी बरामद किए गए हैं। घोघा थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया इस मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि ठंड बढ़ते ही इलाके में लूटपाट की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

## सीटेट के दूसरे दिन 8049 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**भागलपुर।** जिले के 24 केंद्रों पर रविवार को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) की परीक्षा हुई। दूसरे दिन आठ हजार 49 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। ऑफलाइन मोड में यह परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। रविवार को पहली पाली में पेपर टू कक्षा छह से आठवीं तक के लिए सुबह 9.30 से दोपहर 12 बजे तक हुई। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा कक्षा एक से पांच के लिए दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक हुई। एसकेपी विद्या विहार से परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि चाइल्ड डेवलपमेंट एंड पेडागोजी से सवाल कठिन पूछा गया है। बाकि सारे सवाल ठीक था। परीक्षा केंद्र पर जैमर भी लगाये गये थे। मुख्य गेट पर ही तलाशी ली जा रही थी। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड के साथ एक वैध फोटो आईडी प्रूफ जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस और वोटर आईडी कार्ड अनिवार्य किया गया था। रिपोर्टिंग समय के बाद किसी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिला। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित था। केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में पहली पाली में कुछ प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को परेशान किया। परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र अपेक्षाकृत आसान रहा। केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में काफी सतर्कता बरती गई। हाल में ही प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी के चलते सीटेट को लेकर कड़ी सतर्कता बरती गई।

## 120 अतिथि शिक्षकों का 19 को 11 महीने का पूरा हो रहा है कार्यकाल, सबको सेवा विस्तार मुश्किल

**मुंगेर।** 11 महीने में तीन महीने का मानदेय भुगतान है बाकी विभिन्न कालेजों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों ने बताया कि अभी भी तीन महीने का मानदेय बाकी है। जिसको लेकर वे जल्द संबंधित अधिकारी से मिलेंगे। हालांकि हाल के दिनों में शिक्षा विभाग अतिथि शिक्षकों के मानदेय के एवज में मांगी गई राशि रिलीज करता रहा है। जिससे इन्हें विवि द्वारा भुगतान भी किया गया है। इधर आयोग द्वारा विभिन्न विषयों में साक्षात्कार के बाद चयनित अभ्यर्थियों की सूची भी विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराई जा रही है। जिनको काउंसलिंग के बाद विभिन्न कॉलेजों में नियुक्त भी किया जा रहा है। जिससे अतिथि शिक्षकों की संख्या भी घटती जा रही है। अतिथि शिक्षकों का कार्यकाल 19 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। सभी कॉलेजों से उनकी सीसीआर एवं पीएआर मांगी गई है। - डॉ. प्रियरंजन तिवारी, पीआरओ अतिथि शिक्षकों को प्रति कक्षा 1500 रुपए का होता है भुगतान भास्कर न्यूज| मुंगेर/जमुई मुंगेर विश्वविद्यालय में करीब 18 विषयों के लगभग 120 अतिथि शिक्षकों का 11 महीने का कार्यकाल 19 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। इसी साल 20 जनवरी को ये बहाल हुए थे। हालांकि इस बीच अर्थशास्त्र, भौतिकी, भूगोल आदि विषयों में बिहार विवि सेवा आयोग से स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति हुई है या होने वाली है। जिससे अगले सेवा विस्तार में अतिथि शिक्षकों की संख्या घट सकती है। जानकार बताते हैं कि करीब 100 अतिथि शिक्षकों को सेवा विस्तार मिल सकता है। इधर संबंधित प्रभारी प्राचार्य से कार्यरत अतिथि शिक्षकों का सीसीआर (कन्फिडेंशियल कैरेक्टर रॉल) और पीएआर (परफॉरमेंस एप्रेजल रिपोर्ट) मांगा गया है। इससे संबंधित पत्र विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को संबंधित अंगीभूत कॉलेजों को भेजा है। दरअसल सीसीआर एवं एपीआर के आधार पर ही अतिथि शिक्षकों की सेवा विस्तार की प्रक्रिया पूरी होगी। डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. अंशु कुमार राय कहते हैं कि इसमें किसी अतिथि शिक्षक का सीसीआर व एपीआर प्रतिकूल पाया गया, तो उन्हें सेवा विस्तार नहीं भी दी दिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि मुंगेर विवि में 18 विषयों में करीब 120 अतिथि शिक्षकों को 20 जनवरी, 2024 में 11 माह का सेवा विस्तार प्रदान किया गया था।

## ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में तौसिफ चयनित

**मुंगेर।** ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में फुटबॉलर मो. तौसिफ अहमद का चयन हुआ है। खेल प्रवक्ता महमूद आलम ने बताया कि चुरंबा निवासी तौसिफ ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में चयनित हुआ है। इससे पहले तौसिफ ने जामिया मीलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी न्यू देहली में दो महीना पहले एडमिशन लिया था। उसके बाद एक महीना का फुटबॉल खिलाड़ियों का कैंप आयोजित किया गया। कैंप समाप्ति के बाद फाइनल सलेक्शन में इन्ही सफलता मिली है। 18 दिसंबर को टीम टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए जयपुर जाएगी। वहां तीन मैच खेले जाएंगे।

## मेंटर्स एडुसर्व टैलेंट रिवार्ड एग्जाम, प्रतिभाएं हुईं सम्मानित



**भागलपुर।** ईस्टर्न इंडिया के कोचिंग संस्थान मेंटर्स एडुसर्व ने सूबे के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए मेंटर्स एडुसर्व टैलेंट रिवार्ड एग्जाम (मीटर) आयोजित किया। सेमिनार में मेंटर्स एडुसर्व के निदेशक आनंद कुमार जायसवाल ने इंजीनियरिंग व मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी करने के सही तरीके से संबंधित मेंटर्स फार्मूले को उपस्थित विद्यार्थियों व अभिभावकों को बताया। उन्होंने बताया कि भागलपुर सेंटर में कक्षा छठी से 12वीं और 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए जेईई, नीट या फाउंडेशन कोर्स के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। मीटर परीक्षा में शामिल छात्रों को राज्यभर के मेधावी विद्यार्थियों के साथ प्रतियोगिता का अवसर मिला। मीटर से चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को संस्थान की ओर से लगभग 28 करोड़ तक की छात्रवृति व प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें 16 करोड़ तक की छात्रवृति, 4.5 करोड़ तक का प्रोत्साहन नकद पुरस्कार और छात्र-छात्राओं की आवासीय व्यवस्था पर 7.5 करोड तक की छात्रवृति दी जाएंगी। संस्थान द्वारा दिए जाने वाले प्रोत्साहन पुरस्कार व छात्रवृति की सुविधा में 1600 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। इसमें कक्षा 5वीं के 200, कक्षा 6वीं के 200, कक्षा 7वीं के 200, कक्षा 8वीं के 200, कक्षा 9वीं के 200, कक्षा 10वीं के 500 और कक्षा 11वीं के 100 विद्यार्थी होंगे।

# भागलपुर में मामा-भांजा के पेट में चाकू गोदकर किया घायल

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में रविवार की रात दो गुटों के बीच हो रहे विवाद का विरोध करने गए दुकानदार सहित दो लोगों की पिटाई कर दी गई। घटना के दौरान युवकों ने चाकू से हमला का दुकानदार और उसके भांजा को घायल कर दिया। दोनों के पेट में चाकू लगी और सिर में गंभीर रूप से चोट आई है। घटना के सूचना मिलने पर परिजनों ने पुलिस की मदद से दोनों घायल को इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया। वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से सभी आरोपी फरार हो गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जख्मी की पहचान बड़ी खंजरपुर निवासी सूरज तांती और उसके भांजे रौशन कुमार के रूप में हुई है। सूरज तांती कुख्यात फंटूश तांती का छोटा भाई है। जानकारी के अनुसार, सूरज कुछ ही दिन पहले जेल से बाहर आया है और उसका भाई फंटुश तांती जेल में है।

**चाकू से किया हमला:** इस संबंध में घायल रौशन ने बताया कि बरारी थाना क्षेत्र के एसएम कॉलेज स्थित दुर्गा मंदिर समीप रोड पर 10-15 की संख्या में युवक एक लड़के की जमकर पिटाई कर रहे थे। जिसका विरोध मेरे मामा सूरज ने किया तो 15 की संख्या में मारपीट कर रहे युवकों ने उनपर हमला बोल दिया। बीच बचाव करने पहुंचे मैं पहुंचा तो मुझ पर भी चाकू से हमला किया। मारपीट में दोनों मामा भांजा घायल हो गए हैं है। दोनों के पेट में चाकू और सिर में गंभीर चोट लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी इलाके के ही रहने वाले हैं। वह लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडे बरसा रहे थे। उपद्रवी ईंट का बड़ा-बड़ा टुकड़ा उठाकर एक दूसरे पर फेंक रहे थे। घटना के बाद मौके से सभी फरार हो गए थे। घटना को लेकर मामले की जानकारी पुलिस को दी तो पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जांच कर रही है। बता दें कि घटनास्थल के पास दुकान लगाने वाले घटना को लेकर कुछ भी बोलने से बचते दिखाई दिए।



♦ मारपीट का विरोध करने के दौरान किया हमला, मौके से आरोपी फरार

## अब प्रतिदिन जिले के 10 स्कूलों की वीडियो कॉल से डीईओ करेंगे जांच

**मुंगेर।** शिक्षा विभाग लगातार विद्यालयों की विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर नए-नए फैसले ले रहा है। अक्सर शिक्षकों द्वारा फर्जी तरीके से अधिक बच्चों का अटेंडेंस बनाना, शिक्षक द्वारा अपनी उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज कर विद्यालय से गायब होने की शिकायतें आती हैं। इसपर अब शिक्षा विभाग पूरी तरह अंकुश अंकुश लगाने की तैयारी कर चुका है। जिसके तहत विद्यालय से गायब रहने वाले और विभाग को गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों की अब खैर नहीं है। शिक्षा विभाग ने सभी डीईओ को निर्देश दिया है कि विभागीय मोबाइल नंबर 9153468895 से विद्यालय अवधि के दौरान प्रदेश के किन्हीं 10 विद्यालयों के शिक्षकों को वीडियो कॉल करेंगे। इस वीडियो कॉल को उठाना अनिवार्य है।

**वीडियो कॉल नहीं उठाने पर की जाएगी प्रधानाध्यापकों पर कार्रवाई:** प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक को वीडियो कॉल को बिना देरी किये उठाने का निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी

## वल्लभ भाई पटेल ने रियासतों को मिला नए भारत का किया निर्माण



निज संवाददाता। मुंगेर

जदयू पार्टी कार्यालय में रविवार को पार्टी के प्रदेश महासचिव सौरव निधि नेतृत्व में सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उनके फोटो पर माल्यापर्ण किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत के स्वतंत्रता सेनानी, अधिवक्ता और राजनेता थे। उन्होंने भारत के पहले उप प्रधानमंत्री के रूप में कार्य कर राजनीति में अपनी मौजूदगी स्थापित की। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाते हुए स्वतंत्र भारत में देश के रियासतों के एकीकरण की महान चुनौतियों को उन्होंने सफलता पूर्वक हल किया। 1947 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान गृह मंत्री के रूप में कार्य किया था स्वतंत्र भारत में 562 देशी रियासतें थी सरदार पटेल ने इन सब का भारत में विलय करा एक राष्ट्र का निर्माण किया। हैदराबाद और जूनागढ़ को भी बल प्रयोग कर भारत में मिलने को विवश किया। वह आधुनिक अखंड भारत के निर्माता थे। मौके पर मुनिलाल मंडल, मिथलेश मंडल, गुलाम सुब्हानी, राकेश रंजन, कुंदन कुशवाहा आदि मौजूद थे।

## पति ने ईंट से कूचकर पत्नी को मार डाला आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के बरियारपुर थाना क्षेत्र के महदेवा हटिया के पीछे ईंट-भट्ठा के पास बीते 24 नवंबर को ईंट से कूच कर 45 साल की महिला उमा देवी की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने रविवार को मामले का खुलासा कर मुख्य आरोपी उसके पति शंकर रजक को गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर सदर डीएसपी राजेश कुमार ने कहा कि आरोपी शंकर रजक ने अपना अपराध कबूल लिया है।

अवैध संबंध को लेकर पति-पत्नी में विवाद था। घटना के दिन महिला काम के लिए घर से निकली थी। वह लोगों के घर में साफ-सफाई का काम करती थी। इसको लेकर वह सुबह 3:30 बजे घर से निकली थी। इसके बाद 4:45 में सीसीटीवी में महिला को जाते हुए देखा गया। शंकर यादव को पहले से पता था कि महिला काम करने के बहाने अपने प्रेमी से मिलने जाती है।

**2 ईंट से कूच-कर की थी हत्या:** वहीं कुछ दूर जाने पर शंकर रजक ने महिला का हाथ पकड़ लिया और समाज को जानकारी देने के लिए उसको लेकर जाने लगा। जान बचाने के लिए महिला ईंट भट्ठा की ओर भाग गई। वहां पर उसके पति ने घटना को अंजाम दिया। उसके पति ने 2 ईंट से कूच-कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। वहीं दोपहर में आरोपी पति अनजान बनकर वहां पहुंचा था।



♦ सदर डीएसपी ने दी जानकारी

## बाइक चोरी का आरोपी पकड़ाया, कमरे में किया बंद, CCTV के जरिए पकड़ाया

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में बाइक चोरी के आरोप में एक शख्स को लोगों ने पकड़कर घर में बंद कर दिया। घटना की जानकारी मधुसुदनपुर थाना की पुलिस को दी। सूचना के बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शख्स को अपने हिरासत में लेकर थाना ले गई। बताया गया कि थाना क्षेत्र के बदरपुर निवासी निरंजन कुमार शाह के घर से यामाहा कंपनी की बाइक 13 दिसंबर की अहले सुबह चोरी हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद कुछ अता-पता नहीं चला।

इसे लेकर बाइक मलिक निरंजन ने मधुसुदनपुर थाना की पुलिस से लिखित शिकायत की थी। रविवार को सीसीटीवी के मदद से चोरों का पहचान की जिसके बाद उधर से गुजर रहे चोर को लोगों ने पकड़ लिया। घर के कमरे में बंद कर दिया। उससे बाइक चोरी को लेकर पूछताछ कर रही थी। लोगों ने बताया कि हिरासत में लिए गए चोर इसी मोहल्ले के रहने वाला हैं।



## वार्षिक एथलेटिक्स स्पर्धा में टीएनबी का दबदबा, दूसरे दिन जीते 13 पदक

निज संवाददाता। भागलपुर

टीएमबीयू में चल रही वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024-25 के दूसरे दिन टीएनबी के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में टीएनबी के खिलाड़ियों ने कुल 13 पदक जीते, जबकि पीजी एथलेटिक्स के खिलाड़ियों ने छह पदक हासिल किए। टीएमबीयू के स्टेडियम में खेले जा रही प्रतियोगिता में 17 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगित में विभिन्न कॉलेजों के करीब 400 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। रविवार को प्रतियोगिता के 14 विभिन्न विधाओं में खिलाड़ियों ने पदक के लिए दमखम दिखाया। दूसरे दिन खेल का उद्घाटन विवि क्रीड़ा सचिव डॉ. संजय कुमार जायसवाल ने किया। इस मौके पर डॉ. रूचि श्री, सीनेटर डॉ. सुप्रिया शालिनी, डॉ. चैतन्या सी दामू, डॉ. श्वेता सिंह कोमल, डॉ. अंबिका कुमार, डॉ. अंशु, डॉ. इकबाल अहमद, डॉ. शोभा कुमारी, डॉ. मणिकांता, बिपिन कुमार, कृष्णा आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों में से ही विवि की एथलेटिक्स टीम का चयन होगा। इसके लिए खिलाड़ियों के प्रदर्शन की मॉनिटरिंग की जा रही है। सोमवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन विवि टीम का चयन होगा। दूसरे दिन की प्रतियोगिता में शॉटपुट (महिला) में एसएम कॉलेज की राखी पहले, पीजी एथलेटिक्स की नेहा दूसरे और टीएनबी कॉलेज की जिया तीसरे स्थान पर रही। शॉटपुट (पुरुष) में बीएन कॉलेज अभिषेक पहले, पीजी एथलेटिक्स के कालीचरण दूसरे और जीबी कॉलेज के बादल कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION, DALTONGANJ

VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER

Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/17/2024-25

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 24.12.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 26.12.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 26.12.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of First Class Veterinary Hospital Building at Chainpur, Daltonganj, Palamu. | 3120000.00 | 62500.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 2. | Construction of First Class Veterinary Hospital Building at Bishrampur, Daltonganj, Palamu. | 3120000.00 | 62500.00 | 5000.00 | 06 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj

PR 342089 Building (24-25)_D

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद
''हर खेत तक सिंचाई का पानी''
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 10/2024–25
केवल ई० निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर संवेदकों से प्रतिशत दर पर निविदा
पत्रांक–2405

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल औरंगाबाद |
| 2. | विज्ञापन निर्गत करने की तिथि | दिनांक– 11.12.2024 |
| 3. | परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक– 02.01.2025 से 10.01.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर। |
| 4. | प्री–बीड मीटिंग का स्थान, तिथि एवं समय | मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के कार्यालय में दिनांक– 08.01.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक । |
| 5. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक– 11.01.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर। |
| 6. | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक– 12.01.2025 को 10:00 बजे पूर्वाह्न को संबंधित प्रमंडलीय कार्यालय में। |
| 7. | तकनिकी निविदाओं का मुल्यांकण | दिनांक 15.01.2025 से लगातार |
| 8. | वित्तीय वीड खोलने की तिथि | सक्षम प्राधिकार द्वारा बाद में घोषित किया जाएगा। |
| 9. | निविदा की वैद्यता अवधि | 120 दिन |
| 10. | कार्य की विवरणी | |

| क्र0सं0 | योजना का नाम | जिला | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) (रूपये में) | बेल्ट्रॉन को देय बीड प्रोसेसिंग मूल्य सेवा शूल्क सहित (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | बेलाई चेक डैम का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | नवीनगर | 117.797 | 2.360 | 10000 | 3540 | 6 (छ:) माह |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद
PR- 014721 (MWRD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का किया आयोजन

# मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने की जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा




निज संवाददाता | महागामा

झारखंड के ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सोमवार को महागामा प्रखंड स्थित उर्जानगर के राजमहल हाउस में एक जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का उद्देश्य जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की गहन समीक्षा करना था। बैठक में उपायुक्त जिशान कमर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोड्डा, महागामा अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता तथा अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की गई। सबसे पहले, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने मनरेगा योजना के अंतर्गत रोजगार सृजन और कार्य की प्रगति पर गहन विचार-विमर्श किया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराया जाए और कार्यों में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उनका कहना था कि यह योजना ग्रामीणों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकती है, इसलिए इसकी सफलता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के निर्माण कार्यों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत शौचालय निर्माण, साफ-सफाई की स्थिति और कचरा प्रबंधन पर भी चर्चा हुई।

मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि स्वच्छता के मामले में कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी कार्यों का समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पंचायतों की भूमिका और अधिकारों को लेकर भी विशेष जोर दिया गया। मंत्री ने कहा कि पंचायतों को उनके अधिकारों का पूरी जानकारी होना चाहिए, ताकि वे अपने कार्यों को अच्छे से और प्रभावी तरीके से कर सकें। इसके अलावा, आवास योजनाओं जैसे अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों को समय पर मकान और निर्माण के लिए आर्थिक सहायता देने के निर्देश भी दिए गए। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अधिकारियों से यह भी कहा कि योजनाओं का लाभ समय पर और सही तरीके से जरूरतमंदों तक पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और प्रत्येक विभाग को अपनी जिम्मेदारी के प्रति पूरी तत्परता से काम करना होगा। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र का नियमित दौरा करने और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने की बात भी की। इस पर उपायुक्त जिशान कमर ने आश्वासन दिया कि सभी विभागों के बीच समन्वय बनाकर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर इन योजनाओं को सही तरीके से लागू करेंगे ताकि इसका लाभ जिले के हर एक व्यक्ति तक पहुंचे। मंत्री के द्वारा की गई इस समीक्षा बैठक से यह स्पष्ट हुआ कि राज्य सरकार ने विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पारदर्शिता को अपनी प्राथमिकता बनाते हुए क्षेत्रीय विकास के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार किया है।

## मंत्री बनने के बाद पहली बार गोड्डा पहुंचे संजय यादव का लोगों ने किया जोरदार स्वागत

निज संवाददाता | गोड्डा



झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन एवं उद्योग मंत्री सह गोड्डा विधानसभा विधायक संजय प्रसाद यादव के पद संभालने के बाद पहली बार गोड्डा पहुंचे। गोड्डा पहुंचने के बाद देर शाम कारगिल चौक पर लोगों ने उनका स्वागत किया इसके बाद संजय यादव सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि क्षेत्र की जनता के उम्मीदों पर हम खरे उतरने की कोशिश करेंगे। राजद पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद, भाई हेमंत सोरेन और सोनिया गांधी के आशीर्वाद से उन्हें मंत्री बनाया गया है, इसके लिए गोड्डा के लोगों का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि वे गरीब परिवार और किसान के बेटे हैं। उन्हें पता है कि किस घर में चूल्हा जला है और कहां छत की जरूरत है। अब वे मंत्री बन गए हैं तो ऐसे में उनकी जिम्मेदारी बढ़ गयी है। गोड्डा एक कृषि प्रधान क्षेत्र है जहां बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है। ऐसे में उनकी कोशिश रहेगी कि सिंचाई पर बेहतर काम हो। मंत्री ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर कहा कि गोड्डा में एक बड़े अस्पताल का निर्माण किया जाएगा, जिससे लोगों को इलाज के लिए कोलकाता, दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु नहीं जाना पड़े। वहीं, जो उनके विभाग से जुड़ा कार्य है, उसमें युवाओं का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार मुहैया कराया जाएगा। मंत्री संजय यादव के गोड्डा आने से पूर्व और गोड्डा पहुंचने पर उनके समर्थकों एवं क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने पोड़ैयाहाट समेत कई जगहों पर जमकर आतिशबाजी की गयी। वहीं मंत्री का स्वागत करने वालों में राजद नेता जाहिद इकबाल, झामुमो नेता घनश्याम यादव, कांग्रेस के सच्चिदानंद साह, अकबर अली के अलावा अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य एकरारुल हसन एवं गठबंधन के कार्यकर्तागण शामिल थे।

जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त का सख्त निर्देश

# भंडारण और परिवहन पर लगाएं पूरी रोक

निज संवाददाता | दुमका



सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों से खनन विभाग की कार्यों की सख्त समीक्षा की और उन्हें यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि जिले में किसी भी हाल में अवैध खनन, भंडारण और परिवहन न हो। उपायुक्त ने बैठक में मौजूद परिवहन विभाग, खनन विभाग, प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों से अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की और भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि जिले में अवैध खनन, भंडारण और परिवहन पर पूर्णतः रोक लगाई जाए और इसके लिए लगातार निगरानी रखी जाए। उपायुक्त ने कहा कि अवैध कारोबारियों पर पैनी नजर रखनी होगी और उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलवानी होगी। उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में नियमित रूप से जांच करें और वाहनों की कड़ी निगरानी रखें, ताकि कोई भी अवैध खनन सामग्री का परिवहन न कर सके। इसके अलावा, जहां कहीं भी अवैध रूप से खनन किया गया हो, वहां गड्ढे बनाए गए हैं, उन्हें तत्काल जेसीबी द्वारा भरवाने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि इस महीने के अंत तक अवैध खनन की जांच का रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए। उपायुक्त ने पुलिस अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करें और अवैध खनन के किसी भी संकेत पर तुरंत कार्रवाई करें।

बालू घाटों की स्थिति की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने बताया कि जिले के कुछ बालू घाटों में संचालन की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। कैटकरी 1 बालू घाट पर काम चल रहा है, जबकि कैटकरी 2 बालू घाट का संचालन शुरू होने की प्रक्रिया में है। इसके अलावा, 6 बालू घाटों से बालू उठाव के लिए कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त ने खनन और प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय निदेशक से कहा कि वे इन बालू घाटों के संचालन में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान करें और बालू उठाव शुरू करवाएं। उन्होंने कहा कि जिले के विकास कार्यों में बालू की कमी नहीं होनी चाहिए, क्योंकि यह निर्माण कार्यों के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बालू की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को सही तरीके से निभाएं और किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने से बचें। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी और पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने उपायुक्त के निर्देशों को सख्ती से लागू करने का आश्वासन दिया। यह बैठक जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने और खनन कार्यों को वैधानिक तरीके से संचालित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है।

## सीआई की मनमानी से जनता परेशान, सीओ ने जारी किया स्पष्टीकरण

**मेहरमा (नि.सं.)।** मेहरमा अंचल में राजस्व कर्मचारियों और अंचल सहायक कर्मचारियों की मनमानी और उनके बिना सूचना के कार्यालय में अनुपस्थित रहने के कारण जनता में नाराजगी व्याप्त है। इस गंभीर स्थिति को लेकर बीडीओ सह प्रभारी सीओ अभिनव कुमार ने अंचल कार्यालय के कर्मचारियों के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी किया है। स्पष्टीकरण में राजस्व कर्मचारी सह प्रभारी अंचल निरीक्षक चंदेश्वरी प्रसाद मेहरा, राजस्व कर्मचारी सत्यनारायण रंबानी, राजस्व कर्मचारी रसीक टुडू, राजस्व कर्मचारी निलंबर महतो, राजस्व कर्मचारी श्रवण कुमार राउत, और अंचल सहायक सुमन मरांडी के खिलाफ कार्रवाई का नोटिस दिया गया है। स्पष्टीकरण जारी होते ही अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया है और इन कर्मचारियों के कामकाज पर सवाल उठने लगे हैं। इसके साथ ही यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है कि मेहरमा अंचल के राजस्व कर्मचारियों की कार्यशैली से न केवल प्रखंड के वरीय अधिकारी बल्कि स्थानीय लोग भी परेशान हैं। अधिकारियों का कहना है कि आवंटित कार्यों को समय पर पूरा करने में कमी हो रही है, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ जन तक पहुंचने में देरी हो रही है। इसी संदर्भ में अंचल के जिम्मेदार अधिकारी के अनुभव की कमी का भी आरोप लगाया जा रहा है, जिससे राजस्व कर्मचारियों और अंचल सहायक कर्मियों को मनमानी करने का मौका मिल रहा है। कई ऐसे भूमि संबंधित जांच रिपोर्ट और मामले वर्षों से अंचल कार्यालय में लंबित हैं, जिनका समय रहते समाधान नहीं हो पा रहा है।

## बसंतराय में धान क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन

निज संवाददाता | गोड्डा

रविवार को बसंतराय प्रखंड के कैथपुरा पंचायत अंतर्गत मांजर खुर्द गांव स्थित मांजर पैक्स केंद्र में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर कैथपुरा पंचायत की मुखिया कमली देवी ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद, महेशपुर गांव के किसान शम्भू नाथ चौधरी का धान तौलकर पैक्स में लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी मरांडी ने इस अवसर पर कहा कि सरकार किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए पंचायत और गांव स्तर पर धान क्रय केंद्र की सुविधा प्रदान कर रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे बिचौलियों के बजाय पैक्स केंद्र में धान बेचें, क्योंकि यहां उन्हें बेहतर मूल्य मिल सकता है। मांजर पैक्स अध्यक्ष नसीम अख्तर ने भी किसानों को सलाह दी कि वे 50 किलो ग्राम के बैग में साफ-सुथरा और सुखा धान बेचें। इसके अलावा, उन्होंने किसानों को बताया कि निबंधन करना जरूरी है, बिना निबंधन के धान पैक्स में बेचना संभव नहीं होगा। निबंधन के लिए किसानों को जमीन का पर्चा, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर, पासपोर्ट साइज फोटो, और आधार कार्ड लाना जरूरी होगा। धान की कीमतों के बारे में जानकारी देते हुए, नसीम अख्तर ने बताया कि साधारण धान की कीमत प्रति क्विंटल 2300 रुपये और 100 रुपये का बोनस मिलाकर 2400 रुपये प्रति क्विंटल किसानों को मिलेगा। वहीं, ग्रेड ए धान की कीमत प्रति क्विंटल 2420 रुपये (बोनस मिलाकर) होगी। बसंतराय प्रखंड क्षेत्र में सभी धान क्रय केंद्रों पर कुल 10,000 क्विंटल धान खरीदारी का लक्ष्य रखा गया है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक पैक्स केंद्र में ही अपना धान बेचें, ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके और बिचौलियों से बच सकें। उद्घाटन के मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी अभय कुमार झा, रजनीश यादव, जिला परिषद सदस्य अरशद वहाब, एम ओ राजकुमार दास, नसिम अख्तर, उप प्रमुख बजरंगी यादव, मोहम्मद परवेज, शम्भू रविदास, गजबलाल पंडित सहित क्षेत्र के दर्जनों किसान भी मौजूद थे।

### ट्रेलर ने बाईक सवार को रौंदा, ट्रेलर में लगी आग

**दुमका (नि.सं.)।** हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग पर बढ़ैत गांव के समीप एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने मोटरसाईकिल सवार को रौंद दिया| घटना के बाद ट्रेलर में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही हंसडीहा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार ट्रेलर जिसका निबंधन संख्या एन एल 04 डी 8501 रेलवे का सामान लेकर भागलपुर की ओर जा रही थी तभी बढ़ैत्त गांव के समीप पहुंचने पर हंसडीहा की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल सवार को आमने-सामने से रौंद डाला।

## बीडीओ ने विकास कार्यों की प्रगति को लेकर की समीक्षा बैठक

निज संवाददाता | रानीश्वर (दुमका)



सोमवार को रानीश्वर प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO) राजेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों ने भाग लिया, जिसमें प्रखंड में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों को विभिन्न योजनाओं के बारे में आवश्यक विभागीय निदेश दिए। बैठक में मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण मनरेगा योजना और 15वीं वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी योजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का कार्य प्रभावी ढंग से और समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने कार्यों को और अधिक सुसंगत बनाते हुए निदेशों का कड़ाई से पालन करना होगा। इसके अलावा, मंईयां सम्मान योजना के बारे में भी चर्चा की गई, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि इस योजना के तहत लाभार्थियों का चयन बेहद सावधानी से किया जाए। चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहनी चाहिए, और केवल योग्य लाभार्थियों का ही चयन किया जाए। इसके लिए सभी पंचायतों में एक उचित जांच प्रक्रिया अपनाने की बात भी की गई। बैठक में मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा की गई। मनरेगा के सहायक अभियंता अख्तर अंसारी, कनीय अभियंता पुतिन कुमार साह और सोमनाथ दत्त सहित अन्य अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि मनरेगा योजनाओं के तहत ग्रामीणों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराना चाहिए, साथ ही सभी कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखी जाए। बैठक में मौजूद सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों ने योजनाओं के कार्यान्वयन के बारे में अपने-अपने विचार साझा किए और इन योजनाओं को सही तरीके से लागू करने के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी पंचायतों में निरंतर संवाद बनाए रखने और ग्रामीणों को योजना से संबंधित जानकारी देने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक के अंत में, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में योजनाओं के कार्यों की नियमित निगरानी करें और किसी भी तरह की लापरवाही से बचें।

## महिला सशक्तिकरण से कुप्रथा पर लगाम लगेगी: डा. प्रदीप कुमार

निज संवाददाता | गोड्डा




जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिला विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन सोमवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट महिला उच्च विद्यालय सभागार में किया गया। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सशक्तिकरण की दिशा में जागरूक करना था। शिविर का संचालन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा संचालित विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डा. प्रदीप कुमार ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को कानूनी और सामाजिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है। उनका मानना था कि महिलाओं का सशक्तिकरण ही समाज में व्याप्त कुरीतियों और अव्यवस्थाओं को खत्म करने का प्रभावी तरीका है। उन्होंने बताया कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए जरूरी है कि उन्हें शिक्षा दी जाए, क्योंकि शिक्षा से ही महिलाएं अपनी ताकत और अधिकारों को समझ सकती हैं। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि सरकार महिलाओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है, लेकिन जिले में साक्षरता दर की स्थिति अभी भी चिंताजनक है। डा. प्रदीप ने स्थानीय स्तर पर ही शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध होने का उल्लेख किया और कहा कि गरीबी और लाचारी का बहाना बनाकर बालकों और बालिकाओं को पढ़ाई के लिए बाहर भेजना या काम में लगाना ठीक नहीं है। उन्होंने महिला शिक्षा और जागरूकता को ही बाल तस्करी, मानव तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम जैसे सामाजिक अपराधों को खत्म करने का सबसे प्रभावी तरीका बताया। रिसोर्स पर्सन एलएडीसी लीली कुमारी ने महिलाओं और किशोरियों को सही उम्र में विवाह करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लड़की के लिए विवाह की सही उम्र 18 वर्ष और लड़के के लिए 21 वर्ष निर्धारित की गई है। इससे पहले विवाह करना कानूनी जुर्म है और इससे न केवल लड़की का भविष्य खतरे में पड़ सकता है, बल्कि लड़के का जीवन भी प्रभावित हो सकता है। लीली कुमारी ने इस बात पर भी जोर दिया कि कानूनी प्रावधानों के तहत नाबालिग लड़की का पुनर्वास तो किया जा सकता है, लेकिन लड़के को जेल की सजा हो सकती है। उन्होंने सलाह दी कि इस प्रकार के निर्णयों से बचना चाहिए, क्योंकि यह भविष्य में घातक साबित हो सकता है। इसके अलावा, पोक्सो (प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस) एक्ट, महिला हिंसा अधिनियम और अन्य महिला सुरक्षा कानूनों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

### डीजल टैंकर में लगी आग

**गोपीकांदर (दुमका) (नि. सं.)।** दुमका-पाकुड़ मुख्य सड़क पर जीतपुर मोड़ के पास डीजल टैंकर में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने के बाद वहां हो हल्ला मचा गया। घटना की जानकारी गोपीकांदर की थाना पुलिस को सूचना की जानकारी दी गई। थानेदार रंजीत मंडल ने घटना स्थल पर पहुंच कर आग को बुझने के लिए दुमका से दमकन को मंगवाया। जिससे दमकन के सहारे आग पर काबू पा लिया गया है। सड़क पर टैंकर जलने से दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। आग से किसी को कोई तरह से नुकसान नहीं पहुंचा है। टैंकर ड्राईवर विजय कुमार ने बताया कि वाहन को जीतपुर मोड़ के पास खड़ा कर नाश्ता कर रहा था। उसने अचानक वाहन टैंकर का नीचे हिस्सा में आग जलते देखा।

## स्वामी प्रणवानंद सेवा मिशन द्वारा कंबल वितरण, जरूरतमंदों को ठंड से राहत

निज संवाददाता | रानीश्वर (दुमका)



स्वामी प्रणवानंद सेवा मिशन पाटजोड़ा द्वारा आयोजित एक विशेष शिविर में आश्रम के स्वामी बाबलु महाराज ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किए। यह आयोजन रानीश्वर प्रखंड के विभिन्न गांवों के लिए खास था, जिनमें बाँसकुली, बिलकंदी, गोविंदपुर, सुखजोड़ा, कुमीरदहा और पाथरा पंचायत के गांव शामिल थे। इस शिविर में जिला परिषद सदस्य विमान सिंह भी उपस्थित थे। शिविर का मुख्य उद्देश्य कड़ाके की ठंड में गरीब और जरूरतमंद लोगों को गर्मी प्रदान करना था। स्वामी प्रणवानंद सेवा मिशन की ओर से हर गांव से चुन-चुनकर जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए, ताकि वे ठंड से बच सकें। स्वामी बाबलु महाराज ने कहा कि मिशन का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर और असहाय वर्ग की मदद करना है।

इस तरह के आयोजन समय-समय पर किए जाते रहेंगे ताकि लोगों को सर्दी से बचाया जा सके और उन्हें गर्मी की राहत मिल सके। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और आश्रम के स्वामी बाबलु महाराज का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की मदद से गरीबों और जरुरतमंदों को बहुत राहत मिलती है, खासकर सर्दियों के मौसम में।

## झामुमो के केन्द्रीय महासचिव एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार सिंह का निधन

निज संवाददाता | दुमका



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय महासचिव और वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार सिंह का सोमवार की सुबह 6 बजे दुमका के न्यू केयर हॉस्पिटल में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे शहर और झामुमो पार्टी में शोक की लहर दौड़ गई। विजय कुमार सिंह पिछले चार-पाँच महीनों से बीमार चल रहे थे, और उनका निधन पार्टी के लिए एक गहरी क्षति है। उनके निधन की सूचना मिलते ही कुम्हार पाड़ा स्थित उनके आवास पर उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झामुमो के सांसदों, विधायकों, नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। दुमका सांसद नलिन सोरेन ने भी उनके निधन पर शोक जताया और बताया कि विजय कुमार सिंह ने अलग झारखंड राज्य के निर्माण के लिए हुए आंदोलन में गुरु जी (शिबू सोरेन) के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया था। उनकी कड़ी मेहनत और संघर्ष के परिणामस्वरूप ही झारखंड राज्य का गठन संभव हुआ। विजय कुमार सिंह का झामुमो में योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण था। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के कहने पर उन्होंने राजनीति में कदम रखा, हालांकि उन्होंने कभी भी पद की लालसा नहीं दिखाई। इसके बावजूद, उनकी निष्ठा और समर्पण के कारण पार्टी ने उन्हें केन्द्रीय महासचिव का पद सौंपा, और वे आज भी इस पद पर आसीन थे। पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता उन्हें 'चाचा' कहकर सम्मानित करते थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक बसंत सोरेन, और सोरेन परिवार के अन्य सदस्य भी उन्हें स्नेहपूर्वक 'चाचा' ही कहते थे। विजय कुमार सिंह, झामुमो के लिए एक प्रेरणास्त्रोत थे। वे समय के बहुत पाबंद, मिलनसार और अनुशासनप्रिय व्यक्ति थे। उनके सामाजिक कार्यों में भी गहरी भागीदारी थी, और वे हमेशा दूसरों की मदद करने के लिए तत्पर रहते थे। उनके निधन से पार्टी और समाज दोनों को अपूरणीय क्षति हुई है। विजय कुमार सिंह का योगदान न केवल झारखंड के राजनीतिक क्षेत्र में, बल्कि समाज सेवा और मानवीय कार्यों में भी महत्वपूर्ण था। उनके निधन से झारखंड मुक्ति मोर्चा और राज्य के लोग गहरे शोक में हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को खाने मे सड़ा हुआ अंडा देने पर हंगामा

**रानीश्वर (दुमका) (नि. सं.)।** पाटजोड़ पंचायत के ढोडडा गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को सड़ा हुआ अंडा देने की घटना को लेकर ग्रामीणों ने तीव्र विरोध जताया और हंगामा किया। गांव के लोग एकत्रित होकर आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे और आंगनबाड़ी सेविका सकुमारी मन्ना के खिलाफ कड़ी नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सेविका द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन मनमानी तरीके से किया जा रहा है और बच्चों को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खराब खाद्य सामग्री दी जा रही है। ग्रामवासी नेपाल चंद, बिलतू घोष, मदन दास, और पार्थ घोष ने आंगनबाड़ी सेविका के खिलाफ शिकायत करते हुए कहा कि बच्चों को दिए जाने वाले भोजन में साफ-सफाई और गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जाता। सोमेन घोष, एक स्थानीय ग्रामीण, ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका खुद ही नियमों का उल्लंघन करते हुए केंद्र का संचालन करती हैं, जिससे गांव के बच्चों की सेहत को खतरा हो सकता है।

## एनीमिया मुक्त झारखंड सप्ताह अभियान के तहत जिला स्वास्थ्य समिति गोड्डा द्वारा टी 4 कैम्प का हुआ आयोजन

निज संवाददाता | गोड्डा



एनीमिया मुक्त झारखंड सप्ताह अभियान (16 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक) के तहत जिला स्वास्थ्य समिति, गोड्डा ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय और बिसरा मुंडा पब्लिक स्कूल में टी 4 कैम्प (टेस्ट, ट्रीट, टॉक एंड ट्रैक) आयोजित किया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और किशोरियों में एनीमिया की स्थिति की पहचान करना और उन्हें इससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस कैंप में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, गोड्डा के हेल्थ सर्विस प्रोवाइडर की टीम ने 431 छात्राओं का हिमोग्लोबिन परीक्षण किया। इस परीक्षण में 96 छात्राओं में माइल्ड एनीमिया और 105 छात्राओं में मोडरेट एनीमिया पाया गया। इन छात्राओं को आयरन गोलियों का वितरण किया गया और खानपान से संबंधित महत्वपूर्ण सलाह दी गई। वहीं, 230 छात्राएं जिनका हिमोग्लोबिन स्तर सामान्य पाया गया, उन्हें उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान एएनएम रीना कुमारी ने बताया कि एनीमिया एक गंभीर समस्या है, जो बच्चों, किशोरों, गर्भवती महिलाओं और प्रजनन आयु वर्ग के लोगों को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रभावित कर सकता है। उन्होंने बताया कि एनीमिया से बचाव के लिए आयरन और प्रोटीन युक्त आहार का सेवन करना जरूरी है। उन्होंने आहार में पालक, सोयाबीन, चुकंदर, लाल मांस, मूँगफली, मक्खन, अंडे, टमाटर, अनार, शहद, सेब और खजूर जैसे प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों के सेवन की सलाह दी। एनीमिया के लक्षणों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि इस बीमारी के प्रारंभिक लक्षणों में थकान, कमजोरी, त्वचा का पीला होना, दिल की धड़कन में बदलाव, साँस लेने में कठिनाई, चक्कर आना, सीने में दर्द, हाथों और पैरों का ठंडा होना, सिरदर्द आदि शामिल हैं। इन लक्षणों के दिखने पर तत्काल जांच और उपचार की आवश्यकता होती है। एएनएम अलबिना सोरेन ने भी बताया कि शिविर के दौरान न केवल जांच की गई, बल्कि बच्चों को एनीमिया से बचाव के लिए जागरूक भी किया गया।

# विधायक ने किया छह करोड़ से बनने वाली दो महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास



निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)

सोमवार को हरिहरगंज प्रखंड के डेमा और तूरी पंचायत में क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने करीब 6 करोड़ की लागत से बनने वाली दो महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में डेमा स्थित बटाने नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला पुल और तूरी पंचायत के पथलबाजा नाला पर लगभग 78 लाख रुपये की लागत से बनने वाला पक्का चेक डैम शामिल है। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने शिलान्यास समारोह में विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर इन दोनों योजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इन योजनाओं का पूरा होने से न केवल क्षेत्र की धारा बदलेगी, बल्कि इनका सीधा फायदा क्षेत्रवासियों को मिलेगा। उन्होंने विशेष रूप से बटाने नदी पर बनने वाले पुल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह पुल झारखंड और बिहार राज्य के दर्जनों गांवों को जोड़ने का कार्य करेगा। पुल के निर्माण से क्षेत्र के कई गांवों के लोग आपस में जुड़े रहेंगे और उनके बीच आवाजाही को आसान बनाने के साथ-साथ व्यापारिक और सामाजिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी। विधायक ने चेक डैम के निर्माण को लेकर भी प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि पथलबाजा नाला पर बनने वाला पक्का चेक डैम आसपास के इलाकों के हजारों एकड़ भूमि को सिंचित करेगा, जिससे यहां के किसानों को बहुत लाभ होगा। चेक डैम के माध्यम से पानी का संग्रहण किया जा सकेगा, जो न केवल कृषि कार्यों के लिए उपयोगी होगा, बल्कि सूखा प्रभावित क्षेत्रों में पानी की समस्या का समाधान भी करेगा। विधायक ने इस योजना को क्षेत्र की कृषि विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और कहा कि यह विकास की नई राह खोलेगा, जिससे इलाके में समृद्धि आएगी। उन्होंने इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि उनके लिए क्षेत्र का चौमुखी विकास करना हमेशा प्राथमिकता रहा है और वे इस दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं।

विधायक ने यह भी स्पष्ट किया कि गांवों में मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि क्षेत्रवासियों की जीवनशैली में सुधार हो सके। विधायक ने अपनी बातों को आगे बढ़ाते हुए कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए उन्होंने हमेशा तत्पर रहने का वादा किया है और आगे भी इन कार्यों को तीव्र गति से पूरा किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वे लगातार काम कर रहे हैं और क्षेत्र के विकास में सभी गांववासियों को साथ लेकर चलेंगे। कार्यक्रम में राजद नेता रवि यादव, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, विकास यादव, सत्येंद्र यादव, गोपाल यादव, उमेश यादव, शिक्षक शिव यादव, बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, लखन यादव और जिप सदस्य ददन पासवान सहित कई अन्य स्थानीय नेता और ग्रामीण उपस्थित थे। इसके अलावा, जिप प्रतिनिधि राजेश राम, अशोक यादव, राजकुमार पासवान, कमलेश यादव, दीपक यादव, उमा यादव, रंजीत पासवान, अशोक जायसवाल, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, रामनंदन यादव, मनोज सिंह, विनय यादव, राजेंद्र यादव, ओमप्रकाश यादव, कुंदन यादव, अवधेश यादव, रामाशीष पासवान, इंजीनियर संजय यादव, संगीता देवी, जितेंद्र पासवान सहित अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## किसानों को हर संभव मदद के लिए तत्पर है राज्य सरकार : विधायक

निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)

सोमवार को हरिहरगंज प्रखंड परिसर स्थित हरिहरगंज पूर्वी पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने किया। उद्घाटन समारोह में विधायक ने फीता काटकर इस केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया और किसानों को धान की खरीदारी के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में हमेशा तत्पर है और उनके हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि कृषि कार्य से जुड़े किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

विधायक ने कहा कि किसानों को उनका उचित मूल्य मिलना सुनिश्चित किया जाएगा, और इस दिशा में सरकार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने यह भी बताया कि इस धान अधिप्राप्ति केंद्र के माध्यम से किसानों को अपनी धान की बिक्री में कोई परेशानी नहीं होगी। केंद्र में धान बेचने पर किसानों को प्रति क्विंटल 2400 रुपये मिलेगा, जिससे उनके आर्थिक हालात में सुधार होगा और उन्हें उनके उत्पादन का उचित मूल्य मिलेगा। उद्घाटन के मौके पर उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से विधायक ने आग्रह किया कि धान खरीद की प्रक्रिया में किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए सभी लोग मिलकर कार्य करें।

# तारापीठ से पूजा कर धनबाद लौट रही पेड़ से टकराई कार, तीन लोग घायल

निज संवाददाता | जामताड़ा



रविवार रात करीब दो बजे जामताड़ा थाना क्षेत्र में गोविंदपुर साहिबगंज हाई-वे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। घटना उस समय घटी जब एक क्रेटा कार, जो तारापीठ से पूजा करके धनबाद लौट रही थी, सड़क के किनारे स्थित एक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह हादसा उस वक्त हुआ जब कार का चालक एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। ओवरटेक करते वक्त चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कार बम्पर को जंप करते हुए सड़क के किनारे खड़े एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कार के अंदर सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जामताड़ा के पोसोई मोड़ के समीप हुआ, जो गोविंदपुर साहिबगंज हाई-वे का एक व्यस्त स्थान है। घटना के समय, सड़क पर वाहनों की संख्या अधिक थी और चालक को ओवरटेक करने के प्रयास में नियंत्रण खोने के कारण यह भीषण दुर्घटना घटी। हादसे में कार में सवार चार लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। घायल सभी लोग धनबाद के निवासी हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरन्त पुलिस को सूचित किया और एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को जामताड़ा सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद, तीन गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है। स्थानीय निवासियों के मुताबिक, कार की टक्कर की आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास के घरों में सो रहे लोग चौंककर घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि कार का गेट खुला हुआ था और कार का सामने वाला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। कार के भीतर लोग दर्द से कराह रहे थे, और विशेष रूप से एक युवक कार की अगली सीट से बाहर गिरा हुआ था।

स्थानीय लोगों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को मदद प्रदान करने की कोशिश की। कार के गेट खुलने से राहत मिल सकी और घायल लोगों को बाहर निकाला जा सका। इसके बाद, आसपास के घरों के लोग मदद के लिए दौड़ते हुए आए। कार में सवार लोग गहरी चोटों के कारण दर्द से कराह रहे थे, और स्थानीय लोग उन्हे हर संभव सहायता देने के लिए तत्पर थे। पुलिस ने जल्द ही घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और कार को जब्त कर लिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर कार का निरीक्षण किया। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने चालक से भी पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच से यह संकेत मिलते हैं कि हादसा ड्राइविंग में लापरवाही के कारण हुआ हो सकता है, खासकर ओवरटेक करते समय वाहन पर नियंत्रण खो देना। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है और इस मामले में आगे की जांच जारी है। यह हादसा एक बार फिर से सड़क सुरक्षा की अहमियत को उजागर करता है। तेज रफ्तार और ओवरटेक के दौरान लापरवाही से होने वाले हादसे आम हो गए हैं, और यह सिर्फ वाहन चालकों के लिए ही नहीं, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों के लिए भी खतरनाक साबित हो सकते हैं। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने इस तरह के हादसों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की योजना बनाई है, जिसमें सड़क सुरक्षा को लेकर जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

# रिलायंस क्रिकेट क्लब बी ने फैमिली क्रिकेट क्लब को 98 रन से हराया

निज संवाददाता | गोड्डा




जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में गांधी मैदान में आयोजित ए डिवीजन क्रिकेट लीग के अंतर्गत सोमवार को रिलायंस क्रिकेट क्लब बी ने फैमिली क्रिकेट क्लब को 98 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, रिलायंस क्रिकेट क्लब बी की टीम ने 30 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 178 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम के चन्दन कुमार ने 36 रन और विकास कुमार ने 30 रन की अहम पारी खेली। वहीं, एमडी साहिल अंसारी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट और शाहरुख इमाम ने 2 विकेट प्राप्त किए। जवाब में फैमिली क्रिकेट क्लब की टीम 19.1 ओवर में सिर्फ 80 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम के शाहरुख इमाम ने 36 रन और एमडी गुफरान अंसारी ने 11 रन बनाए। इस पारी में कुंदन कुमार और राहुल रंजन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट प्राप्त किए।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कुंदन कुमार को जिला क्रिकेट संघ के सदस्य अजीत कुमार द्वारा प्रदान किया गया। इस मैच के अंपायर की भूमिका में प्रभुनाथ साह और अजीत कुमार थे, जबकि स्कोरर का कार्य मनीष कुमार ने किया। इस अवसर पर क्रिकेट संघ के संयोजक संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष सनोज कुमार, और अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## महिला मजदूर घायल

साहिबगंज (नि.सं.)। पाकुड़-बरहरवा पथ स्थित पलास बोना गांव के भंगापुल के पास एक दुखद घटना घटित हुई। घटना के अनुसार, महिला मजदूर चंदा देवी (35), जो पोखरिया निवासी हैं, टेम्पु से उतरने के बाद विपरीत दिशा से आ रहे टोटो की चपेट में आ गईं। महिला टेम्पु से उतर रही थीं, तभी अचानक तेज गति से आ रहे टोटो ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद, टोटो चालक ने मानवता का परिचय देते हुए घायल महिला को अपनी टोटो में बैठा लिया और उसे तत्काल इलाज के लिए पाकुड़ अस्पताल ले गया। अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा है, और डॉक्टर उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। महिला के परिजनों और स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंच कर उनकी हालत के बारे में जानकारी ली। घटना के बाद, पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# धनबाद में नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

- बैंक मोड़ फ्लाईओवर मरम्मत के मद्देनजर वैकल्पिक मार्ग पर उठाए गए कदम

निज संवाददाता | धनबाद



सोमवार को धनबाद नगर निगम ने शहर के विभिन्न हिस्सों में अतिक्रमण हटाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया। नगर आयुक्त के निर्देशानुसार, विशेष रूप से मनईटांड से पुराना बाजार तक के क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इस अभियान के तहत शहर के महत्वपूर्ण रास्तों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया, ताकि बैंक मोड़ फ्लाईओवर के मरम्मत कार्य के दौरान वैकल्पिक मार्ग से होने वाली यातायात की भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। बैंक मोड़ फ्लाईओवर के मरम्मत कार्य के कारण इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस बढ़ी हुई भीड़ को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने आसपास के वैकल्पिक मार्गों पर अतिक्रमण हटाने का निर्णय लिया। मनईटांड से पुराना बाजार तक और हीरापुर तक की सड़क से लगातार अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया जारी है ताकि यातायात सुगम और सुरक्षित बना रहे। इस अभियान के दौरान नगर निगम के कर्मचारियों ने सड़कों के किनारे अवैध रूप से लगाए गए चाय के गुमटी, दुकानें और अन्य व्यापारिक गतिविधियों को हटाया। कई दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानों को स्थानांतरित किया, जबकि कुछ अन्य दुकानदारों से नगरपालिका द्वारा इस संदर्भ में निर्देशित किया गया कि वे किसी भी हालत में सड़कों पर अतिक्रमण कर दुकानें न लगाएं।

निगम के अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान विशेष ध्यान इस बात पर दिया गया कि न केवल सड़क के किनारे, बल्कि नाली के ऊपर भी कई अवैध दुकानें संचालित हो रही थीं, जो सड़क पर पानी के बहाव में रुकावट डाल रही थीं। इन स्थानों को भी पूरी तरह से खाली कराया गया और दुकानदारों को कड़े निर्देश दिए गए कि भविष्य में इस तरह के अतिक्रमण की पुनरावृत्ति न हो। नगर निगम द्वारा किए गए इस अभियान का उद्देश्य सड़क के यातायात को अवरुद्ध करने वाले सभी अवैध अतिक्रमणों को हटाकर नागरिकों के लिए सुरक्षित और सुव्यवस्थित मार्ग सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि अब से लगातार अतिक्रमण पर नजर रखी जाएगी और किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण या व्यापार को सड़कों पर संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस अभियान के दौरान नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया का संचालन और निगरानी की। नगर निगम द्वारा चलाए गए इस अभियान को स्थानीय जनता ने भी सराहा और इसे शहर के बेहतर विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

# बोरियो विधायक ने किया मिर्जाचौकी स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

निज संवाददाता | साहिबगंज



साहिबगंज जिले के बोरियो विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनंजय सोरेन ने सोमवार को मंडरो प्रखंड के मिर्जाचौकी स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था और वहां की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का विस्तृत जायजा लिया। विधायक धनंजय सोरेन ने स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध दवाओं, चिकित्सकों की कार्यप्रणाली और मरीजों की देखभाल की स्थिति के बारे में चिकित्सकों से जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने का निर्देश दिया ताकि यहां आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। विधायक धनंजय सोरेन ने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह है कि प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलें, और इसके लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थाओं को लगातार मजबूत किया जाए। उन्होंने मिर्जाचौकी स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यरत चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों से यह भी अनुरोध किया कि वे अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा मरीजों को न हो। विधायक ने स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध संसाधनों का भी जायजा लिया और उचित कार्यवाही के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके बाद, विधायक धनंजय सोरेन ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नया टोला गांव स्थित झामुमो कार्यकर्ता राजेश राम के घर भी पहुंचे। यहां उन्होंने राजेश राम के परिवार से मुलाकात की और उनके पिता गोपाल राम की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त की। विधायक ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और दुख की इस घड़ी में उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक ने इस दौरान कहा कि यह समय किसी भी परिवार के लिए बहुत कठिन होता है और उन्हें इस मुश्किल घड़ी में उनके साथ खड़ा रहने की जरूरत है। वे हमेशा उनके साथ हैं और परिवार के अन्य सदस्य किसी भी प्रकार की मदद के लिए उनसे संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर विधायक के साथ स्थानीय नेता संजय कुमार मिश्रा, हीरा यादव, संजय चौधरी, बेचन तांती और अन्य स्थानीय लोग भी मौजूद थे। सभी ने विधायक के इस संवेदनशील दौरे की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र के हर व्यक्ति की भलाई के लिए विधायक हमेशा तत्पर रहते हैं।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक घायल

पाकुड़ (नि.सं.)। पाकुड़िया-महेशपुर मुख्य पीडब्ल्यूडी सड़क पर धावाडंगाल गांव के तीखे मोड के पास सोमवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में चालक घायल हो गया है। घटना की सूचना स्थानीय ने अस्पताल को दी और उसे वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां घायल का प्राथमिक ईलाज चिकित्सक डॉ. मंजर आलम द्वारा किया गया। घायल रवि किस्कू रघुनाथपुर गांव का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक तलवा से बाइक लेकर महेशपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सड़क दुर्घटना होने से घायल हुआ है। चिकित्सक डॉ. मंजर ने बताया कि घायल व्यक्ति का बाएं हाथ की एक अंगुली टूट गई है। प्राथमिक ईलाज के उपरांत उसे बेहतर चिकित्सा के लिए बाहर रेफर कर दिया गया है।

# आदिम जनजाति 56 परिवार को अनाज वितरण

निज संवाददाता | रानीश्वर (दुमका)



खाद्य आपूर्ति गोदाम के सहायक प्रबंधक बिश्वनाथ सिंह ने सोमवार को पीवीटीजी के तहत बांसकुली पंचायत के कुमिर खाला गांव के 40 पहाड़िया परिवारों को दिसंबर महीने का अनाज वितरित किया। इसके अलावा, बिलकांदी पंचायत के सिलाजुड़ी गांव स्थित चकिन्द्र प्रसाद के पहाड़िया टोला के 16 परिवारों को भी अनाज वितरण किया गया। इस प्रकार, प्रखंड के कुल 547 आदिम जनजाति पहाड़िया परिवारों को डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से अनाज वितरित किया जा रहा है। यह वितरण कार्यक्रम आदिवासी समुदाय को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। सरकार द्वारा यह पहल, खासकर पहाड़िया जनजाति जैसी आदिवासी समूहों के लिए, उनके जीवनस्तर को सुधारने और उनकी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए की जा रही है। डोर स्टेप डिलीवरी सेवा से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अनाज सीधे उन परिवारों तक पहुंचे जो कठिन भूगोलिक क्षेत्रों में बसे हुए हैं और जिन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े।

# पांच कलस्टर के सहिया साथी को कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम पर दिया गया प्रशिक्षण

निज संवाददाता | पाकुड़

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) के सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कुष्ठ रोग की पहचान, उपचार और इसके उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाना था। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार किस्कू उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में पांच कलस्टर—मानिकपुर, देवीनगर, चंडालमारा, खांपुर और धर्मखापाड़ा—के सहिया साथी, सहिया और बीटीटी (बेसिक ट्रेनिंग ट्रेनी) कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार किस्कू ने उपस्थित सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों और सहिया साथियों से अपील करते हुए कहा कि कुष्ठ रोग के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग एक पुरानी और गंभीर बीमारी है, जिसका समय रहते इलाज किया जा सकता है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बीमारी के बोझ को कम करना, विकलांगता की रोकथाम और कुष्ठ रोग के शुरुआती लक्षणों पर ध्यान देना है। उन्होंने बताया कि सहिया साथी और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण कार्य है कि वे संभावित क्षेत्रों में जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान करें और यदि कोई व्यक्ति कुष्ठ रोग से ग्रस्त पाया जाए, तो उसका तत्काल निःशुल्क उपचार शुरू करें। डॉ. किस्कू ने यह भी कहा कि कुष्ठ रोग के शुरुआती दौर में उपचार शुरू करने से रोगी को पूरी तरह स्वस्थ किया जा सकता है और विकलांगता से भी बचा जा सकता है।

उन्होंने यह भी बताया कि कुष्ठ रोग के इलाज के लिए सरकार द्वारा निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है, और इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले सभी लोगों को मिलना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने सभी उपस्थित सहिया साथियों से यह आग्रह किया कि वे लोगों को यह जानकारी दें कि कुष्ठ रोग के उपचार की शुरुआत समय पर होनी चाहिए ताकि किसी भी प्रकार के विकलांगता से बचा जा सके। यदि किसी को कुष्ठ रोग के लक्षण महसूस हों, तो उसे तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच करानी चाहिए। प्रशिक्षण के पहले दिन के सत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीएमडब्ल्यू (प्रोग्राम मैनेजमेंट वर्कर) ज्योतिष पासवान, केटीएस (कुष्ठ उपचार अधिकारी) आलमगीर आलम, जगन्नाथ कुमार और अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी उपस्थित थे। उन्होंने भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला और अपने-अपने अनुभवों को साझा किया। इस कार्यक्रम में कुष्ठ रोग की पहचान, इसके इलाज के तरीके, निवारण और जागरूकता कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। स्वास्थ्य कर्मचारियों को इस प्रशिक्षण में विशेष रूप से यह बताया गया कि वे किस प्रकार स्थानीय स्तर पर लोगों तक पहुंचकर इस बीमारी को नियंत्रित कर सकते हैं और उसके उपचार में मदद कर सकते हैं। अंत में, डॉ. सुनील कुमार किस्कू ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों और सहिया साथियों को धन्यवाद दिया और इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए उनकी सराहना की। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्रीय स्तर पर कुष्ठ उन्मूलन में सहायक सिद्ध होगा और लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करेगा।

## बाइक एवं साइकिल की सीधी टक्कर, एक घायल

पाकुड़ (नि.सं.)। महेशपुर-पाकुड़िया मुख्य सड़क के नारायणगढ़ गांव के पास सोमवार को बाइक व साइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गयी। घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जख्मी बाइक चालक का पहचान पाकुड़िया थाना क्षेत्र के दलदली गांव निवासी 30 वर्षीय जुनास हेम्ब्रम के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां डा. अपूर्वा हर्ष ने स्वास्थ्य कर्मी जोतिष पासवान एवं अजय कुमार के साथ जख्मी व्यक्ति का प्राथमिक उपचार कर सर में लगी चोट की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बंगाल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही महेशपुर पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की छानबीन किया। जख्मी के स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार जुनास हेम्ब्रम अपने घर से बाइक लेकर पाकुड़ जा रहा था। इसी दौरान नारायणगढ़ के पास एक साइकिल चालक के साथ आमने-सामने जोरदार धक्का लग गया। इस घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से जख्मी होकर सड़क पर गिर गया। इस घटना में साइकिल चालक को भी हल्की चोट लगी है। उसका नाम पता नहीं चल पाया है।

# शिव शक्ति महायज्ञ एवं राम कथा आयोजन की कमिटी गठित, आयोजन की तैयारियों पर चर्चा

- राम कथा के आयोजन में भक्तों की सुविधा के लिए पूरी व्यवस्था की जाएगी

निज संवाददाता | गोड्डा



साहिबगंजः प्रखंड क्षेत्र के रक्सी विद्यालय के पास सोमवार को शिव शक्ति यज्ञ कमिटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी 02 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित होने वाले शिव शक्ति महायज्ञ और राम कथा के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में महायज्ञ के आयोजन के दौरान की जाने वाली तैयारियों, व्यवस्थाओं और राम कथा के संचालन के बारे में सभी पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही शिव शक्ति यज्ञ कमिटी का पुनर्गठन भी किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से प्रेम प्रकाश चौधरी को अध्यक्ष और पंकज चौधरी को उपाध्यक्ष चुना गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शिव शक्ति महायज्ञ और राम कथा का आयोजन बाल संत बाबा त्यागी जी महाराज के सानिध्य में किया जाएगा। बाबा त्यागी जी महाराज की उपस्थिति में इस आयोजन को धर्मिक और सामाजिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बैठक में रक्सी गांव के सभी ग्रामीणों के साथ मिलकर महायज्ञ, मेला और राम कथा के आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने सुझाव दिए और आयोजन को भव्य रूप से सफल बनाने के लिए अपनी पूरी सहभागिता का वादा किया। महायज्ञ के आयोजन में विशेष रूप से ग्रामवासी अपनी भूमिका निभाएंगे, ताकि आयोजन में किसी प्रकार की कोई कमी न हो। इसके अलावा, राम कथा के आयोजन में भक्तों की सुविधा के लिए पूरी व्यवस्था की जाएगी, जिसमें मंच, पंडाल, पानी, शौचालय और अन्य आवश्यक सेवाओं का समुचित ध्यान रखा जाएगा। कमिटी के सभी सदस्य और ग्रामीण एकजुट होकर इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए तत्पर हैं। कमिटी की बैठक में शिलन पंडित, विक्की केंवट, बजरंगी ठाकुर, परमेश्वर ठाकुर, वीरेन साह, सूरज कुमार, विकास जयसवाल, दुर्योधन साह, गंगा सागर ठाकुर, अरविंद ठाकुर, जगदीश ठाकुर सहित कई अन्य प्रमुख व्यक्ति भी उपस्थित थे। इन सभी ने आयोजन के लिए विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी ली और इस आयोजन के महत्व को समझते हुए पूरी तत्परता से सहयोग देने का संकल्प लिया। कमिटी के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चौधरी ने बैठक में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज के सामूहिक एकता और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने यह भी कहा कि गांव के सभी नागरिकों को मिलकर इस आयोजन में भाग लेना चाहिए, ताकि यह महायज्ञ और राम कथा का आयोजन एक ऐतिहासिक और अविस्मरणीय बन सके। सभी ने इस आयोजन को लेकर उत्साह और जोश दिखाया और आयोजन की सफलता के लिए अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। कमिटी ने यह भी कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से गांव में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और एकजुटता का संदेश जाएगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

# सबका साथ जरूरी

एक देश एक चुनाव पर अमल की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। विपक्षी पार्टियां अभी भी इसके खिलाफ हैं, लेकिन सत्ता पक्ष इसे अमल में लाने पर अडिग है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि संसद में इस पर किस तरह की रस्साकशी होती है। वैसे मूल रूप से पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का विचार बुरा नहीं है। चाहे अलग-अलग चुनावों पर होने वाले खर्च की बात हो या सरकार के कामकाज में इसकी वजह से होने वाली दिक्कतों की या देश के राजनीतिक माहौल में बनने वाले तनाव की- हर तरह से यह बात सुविधाजनक लगती है कि पांच साल में एक ही बार पूरे देश के चुनाव करा लिए जाएं ताकि बाकी समय सारी सरकारें विकास कार्यों पर फोकस कर सकें। सुविधा के इस तर्क से आगे बढ़ने पर लोकतांत्रिक चेतना का सवाल आता है। किसी भी लोकतंत्र में चुनावों को सिर्फ सुविधा और खर्च के नजरिए से नहीं देखा जा सकता। लोकतंत्र चुनाव में वोट देने की प्रक्रिया तक सीमित रहने वाली चीज नहीं है। असल बात समाज की लोकतांत्रिक चेतना है। उसका मजबूत बने रहना और समय-समय पर शांतिपूर्ण तरीकों से व्यक्त होते रहना जरूरी है। देश के अलग-अलग हिस्सों में समय-समय पर चुनाव होते रहें तो इस चेतना को निरंतरता मिलती है जो इसकी मजबूती को बनाए रखने में सहायक होती है। इसके साथ ही व्यवहार का पहलू भी जुड़ा है। लोकतंत्र एक जीवंत भाव है और यह सिर्फ स्थिरता में नहीं बल्कि अस्थिरता में भी खिलता है। ध्यान रहे, शुरुआती डेढ़ दशक तक देश में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होते रहे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सामान्य उतार-चढ़ावों के क्रम में ये अलग-अलग होने लगे। अगर एक साथ चुनाव शुरू कराने के बाद फिर से अविश्वास प्रस्ताव या खंडित जनादेश के चलते यह क्रम बिगड़ता है तो उसे बनावटी ढंग से एक साथ बनाए रखना लोकतांत्रिक सहजता के लिहाज से कितना उचित होगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है। एक साथ चुनाव पर फैसला करते हुए क्षेत्रीय दलों के तर्क को भी दरकिनार नहीं किया जा सकता। उनकी इस बात में दम है कि एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं के मन पर राष्ट्रीय मसले हावी हो सकते हैं। बहरहाल, यह बिल अभी संसद में पेश किया जाना है।

# दिल्ली की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?

(ललित गर्ग)

> कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फ आठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमशः 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया। वहीं, आप ने 54.6 प्रतिशत और 53.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भारी जनादेश हासिल किया। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं आप के बीच गठबंधन न होने का फायदा भाजपा को मिलता हुआ दिख रहा है। असल में आप के वोट कांग्रेस ही काटेगी।

दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है। दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है। भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है। भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है। निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मार्लेना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है। आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बढ़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार बढ़ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी।

# सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश

खेलों में बने कीर्तिमान सबका ध्यान खींचते हैं। हालांकि इसके साथ ही कीर्तिमान अगले किसी मजबूत इच्छाशक्ति रखने वाले खिलाड़ी के लिए चुनौती होते हैं कि क्या वह इसे अपने हिस्से कर सकता है। भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश दोम्माराजू शतरंज में जब कोई भी चाल चलने से पहले अपनी आंखें बंद कर अपने भीतर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो यह एक संकेत होता है कि वे किसी भी चुनौती को पार सकते हैं या कोई भी चुनौती पेश कर सकते हैं। सिंगापुर में काफी उतार-चढ़ाव से भरे एक खिताबी मुकाबले में गुकेश ने जिस तरह पिछले विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को अंतिम बाजी में मात दी, वह गुकेश के साथ-साथ भारत के हिस्से में एक ऐसी जीत के रूप में दर्ज हुई, जिसका इंतजार सभी देशवासियों को अरसे से था।भारत में शतरंज की राजधानी माने जाने वाले चेन्नई के रहने वाले गुकेश जीत के इस मुकाम तक इसके बावजूद पहुंचने में कामयाब रहे कि उनके परिवार में किसी ने उन्हें यह नहीं सिखाया या प्रेरित किया था। हालांकि इस खेल के प्रति उनकी प्रतिभा, दीवानगी और लगातार कई प्रतियोगिताओं में जीत के सफर के समांतर उनके माता-पिता ने अपनी सीमा में सब कुछ किया। दरअसल, गुकेश ने शतरंज की विश्व प्रतियोगिता में यह उपलब्धि सिर्फ अठारह वर्ष की उम्र में हासिल की है और यही इस बार की जीत का सबसे खास पहलू है। गुकेश फिलहाल सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन हैं।इससे पहले नार्वे के मैगनस कार्लसन ने बाईस वर्ष की उम्र में विश्व प्रतियोगिता जीती थी। गुकेश को मिली खिताबी जीत का यह मुकाबला इस लिहाज से भी ऐतिहासिक था कि इसके एक सौ अड़तीस वर्ष के इतिहास में आमने-सामने दोनों एशियाई खिलाड़ी थे। इस खेल में दोनों पक्षों की ओर से टक्कर कितनी जबर्दस्त थी, इसे सिर्फ इससे समझा जा सकता है कि खेले गए चौदह दौर की बाजियों में से तेरहवें दौर तक मुकाबला बराबरी पर चलता रहा।

# डीटीसी की खस्ता हालत, दिल्ली की महिलाओं के साथ हो रहा है बड़ा धोखा

(संतोष पाठक)

हालांकि एक बात सही है कि डीटीसी, दिल्ली की लाइफ़लाइन हैं। दिल्ली मेट्रो के महंगे किराए को नहीं झेल पाने वाले मिडिल क्लास और लोअर मिडिल क्लास के लिए डीटीसी आज भी परिवहन का एकमात्र साधन बना हुआ है। दिल्ली में कुछ ही महीनों बाद विधानसभा चुनाव होने है। यह माना जा रहा है कि फरवरी 2025 में दिल्ली में विधानसभा चुनाव करवाए जा सकते हैं। इससे पहले ही आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच वोटर लिस्ट से नाम कटवाने और वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू हो चुका है। विधानसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ ही आम आदमी पार्टी की सरकार ने श्रेय लेने और दिल्ली के अलग-अलग मतदाता वर्ग को लुभाने का काम भी जोर-शोर से शुरू कर दिया है। बुधवार, 11 दिसंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने डीटीसी कर्मचारियों से मुलाकात करने के बाद उनकी मांगे मानने की घोषणा कर दी। आतिशी ने डीटीसी कर्मचारियों से मुलाकात करने की तस्वीरों को बुधवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए दावा किया, आज डीटीसी कर्मचारियों के चेहरों पर मुस्कान देखकर सुकून मिला। अपनी मांगें पूरी होने के बाद आज वे सचिवालय आए थे, हमने साथ बैठकर चाय पी। ये सिर्फ़ कर्मचारी ही नहीं, हमारे अपने परिवार के लोग हैं। यही लोग सड़कों पर हमारी दिल्ली को चलाते हैं, दिल्ली की लाइफ़लाइन हैं। हमें गर्व है कि हमारे नेता अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने उनकी समस्याओं को सिर्फ़ 3 हफ्तों में हल कर दिया। विडंबना देखिए कि, दिल्ली की जो आप सरकार डीटीसी कर्मचारियों की समस्याओं को सिर्फ 3 सप्ताह में हल करने का दावा कर रही है, वह वर्ष 2015 से लगातार सत्ता में है। यानी चुनाव का समय आ गया तो समस्याओं की भी याद आ गई। हालांकि एक बात सही है कि डीटीसी, दिल्ली की लाइफ़लाइन हैं। दिल्ली मेट्रो के महंगे किराए को नहीं झेल पाने वाले मिडिल क्लास और लोअर मिडिल क्लास के लिए डीटीसी आज भी परिवहन का एकमात्र साधन बना हुआ है। लेकिन दिल्ली की लाइफलाइन डीटीसी आज स्वयं अपने जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन ढूंढ रही है। डीटीसी की ज्यादातर बसों की वैलिडिटी एक्सपायर हो चुकी है और विशेष अनुमति लेकर इन्हें मजबूरी में चलाया जा रहा है। डीटीसी की हालत इतनी खराब हो गई है कि बीच सड़क पर बसों के खराब होने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। छोटी-छोटी खराबियों के कारण भी बसें डिपो में पड़ी रहती है। दिल्ली सरकार के इस रवैये को दिल्लीवासियों और खासकर महिलाओं के साथ एक बड़ा धोखा माना जा सकता है। क्योंकि आप सरकार ने फ्री बस यात्रा के नाम पर दिल्ली की महिलाओं को ऐसा झुनझुना थमाया हुआ है, जिसकी सच्चाई अब सामने आती जा रही है। दिल्ली की सड़कों से बसें गायब है। दिल्ली में जरूरत की तुलना में इतनी कम बसें सड़कों पर दौड़ रही है कि महिलाओं और लोगों को घंटों तक बस स्टॉप पर इंतजार करना पड़ता है। मजबूरी में महिलाओं और अन्य यात्रियों को अनाप-शनाप भाड़ा देकर बैटरी वाले रिक्शा या ग्रामीण सेवा में सफर करना पड़ता है। बाहरी दिल्ली और यमुना पार के इलाकों की हालत तो और भी बुरी है। अति व्यस्तम और ज्यादा सवारियों वाले बस रूटों पर भी बस की संख्या इतनी कम कर दी गई है कि हालत लगातार भयावह होते जा रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने एक जमाने में जिस सुंदर नगरी में अनशन किया था, अगर वह बिना किसी ताम-झाम के उसी बस स्टॉप पर चले जाएं या उससे महज कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर सीमा पुरी डिपो या नंद नगरी डिपो पर चले जाएं तो सारी सच्चाई उन्हें पता लग जाएगी। बड़ी बात तो यह है कि, अगर किसी तरह से महिलाओं को बस मिल भी जाती है तो उनके साथ ड्राइवर और कंडक्टर का व्यवहार भी बहुत ही अपमानजक होता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5584

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5583

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 5584



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 26 जुलाई 1965 को यह द्वीप समूह स्वतंत्र हुआ इस पर ब्रिटेन का कब्जा था, इसकी राजधानी माले है (4)
4. भारत के पूर्व में अंतिम छोर पर किबितु गांव अरूणाचल प्रदेश के इस जिले में स्थित है, मंगल ग्रह का एक नाम (3)
7. गले के नीचे पेट में उतारना, निगलना (3)
8. वे प्राणी जो आकाश मे विचरित होते हों (4)
9. खोपड़ी, खपरा, शिरोस्थि (3)
11. आस्तीन को अंग्रेजी में यह कहते है, पाणिपेट (2)
13. छल, कपट से धन हरने वाला (2)
14. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
15. एक गहना जो नाक में पहना जाता है, लटकने की क्रिया या भाव (4)
18. ऐंठन, शारीरिक शक्ति (2)
19. ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)
20. ब्रांच, पल्लवाधार, टहनी (2)
21. अवरिमन, शीघ्रता (4)
24. आदर सहित (3)
25. पंजाब की ऐतिहासिक प्रणय जोड़ी (4)

**ऊपर से नीचे**

1. बाग बगीचे की देखभाल करने (2)
2. तीव्र उत्कंठा, प्रबल अभिलाषा (3)
3. नसीरूदीन शाह की अभिनेत्री सास (5)
4. लालच, जुगुप्सा (2)
5. झिझकना, सकपकाना, ठिठकना (4)
6. आयाम, दिशा, अभिमुखता (3)
10. वे दिन जिसमें विवाह आदि संपन्न कराए जाते हों, तल्लीनता (3)
12. जिसका बदन फूल जैसा कोमल हो (5)
14. बैकग्राउंड, जानिब, तरफ (2)
16. किसी काम के लिए निश्चित समय से आगे का समय नियत करना (3)
17. ज्वर, संचित आवेश (3)
20. प्रसन्न, हर्षित, खुश (2)
22. क्षीरज (2)
23. पुरूष, मर्द (2)
24. हिस्सेदारी, भागीदारी (2)

### वर्ग पहेली 5583 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | | स | | रो |
| मी | न | | म | क | र | ध्व | ज |
| न | का | र | ना | | प | स्त | |
| स | | सि | | ना | र | | मा |
| या | च | क | | म | स्त | मौ | ला |
| नी | ल | | ना | ज | | ल | |
| | ता | ना | | द | | वी | र |
| ता | ऊ | | जा | गी | र | | क्षा |

# आज का राशिफल

### मेष
आज दिन करियर के लिहाज से बेहद शुभ है। आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी। व्यापार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी तो आप फूले नहीं समाएंगे। आपकी खुशी बढ़ेगी और रात में किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने से आपको प्रसन्नता का अनुभव होगा। लोग आपके काम की सराहना करेंगे।

### वृष
आज करियर में हर काम संभलकर करने की जरूरत है। आपको हर विवाद से बचने की सलाह है। आप अपने प्रतिद्वंदियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। व्यापार में अचानक उम्मीद से ज्यादा लाभ होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। संतान पक्ष से भी अच्छी खबर मिलेगी। परिवार का कोई व्यक्ति आपकी आर्थिक मदद कर सकता है, लेकिन उससे सावधान रहें।

### कर्क
आज दिन लाभ से भरा होगा और आर्थिक मामलों में योजनाएं सफल होंगी। आर्थिक मामलों में सुखद रहेगा। काफी समय से जो असमंजस चल रहा था, आज उसका अंत होगा और निराशा भी दूर होगी। जिस कारण से आपके काम नहीं बन रहे थे, आज वह बाधा दूर हो जाएगी तो आपको रचनात्मक कार्यों में तेजी आएगी।

### सिंह
आज करियर के मामले में लाभ होगा। जो काम जोखिम भरे हैं, उन्हें करने से बचें, वरना नुकसान हो सकता है। कार्यक्षेत्र में सहयोगी आपकी मदद करेंगे। किसी संकट में फंस सकते हैं, इसलिए अपने काम पर ध्यान दें, वरना नुकसान हो सकता है। आपकी योजनाएं सफल होंगी और धन में वृद्धि होगी। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### मिथुन
आज करियर के मामले में सफलता लेकर आया है। ग्रहों के शुभ योग से आपको लाभ होगा। किसी महान व्यक्ति के आशीर्वाद से आपको करियर में सफलता मिलेगी। कोई कीमती वस्तु अचानक मिल सकती है, जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

### कन्या
आज करियर में लाभ मिलेगा और नौकरी के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। नौकरी को संभालकर करें। व्यापार के विस्तार के लिए समय अनुकूल है। आपको बाहर से भी सुविधाएं मिल रही हैं और आर्थिक मामलों में भी लाभ होगा। करियर में आपको बड़ा लाभ होगा।

### तुला
आज दिन काफी व्यस्त रहेगा। घरेलू और व्यावसायिक माहौल में काफी थकान हो सकती है। कई तरह के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं, लेकिन धैर्य से काम लें। अपनी कार्यकुशलता से आप अपनी परेशानियां कम कर पाएंगे और ऑफिस में लोग आपकी मदद करेंगे। रात का समय किसी सामाजिक या राजनीतिक कार्यक्रम में बीतेगा।

### वृश्चिक
आज दिन लाभ से भरा होगा। आप जिस प्रतियोगिता या परीक्षा को पास करना चाहते हैं, उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं। आप जिस तरह से अपनी रणनीति बना रहे हैं, उससे लगता है कि आपके प्रयास सफल होंगे। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा। रात में किसी की सेहत को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होगी।

### मकर
आज दिन शुभ है। आपका मूड सुबह से अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने को तैयार रहेंगे। परिस्थितियां जब अनुकूल होने लगती हैं तो सभी काम बनने लगते हैं और आप सफलता की ओर बढ़ते हैं। व्यर्थ की भागदौड़ और तनाव भी कम होने लगेगा और आपके लिए तरक्की के योग बनेंगे। आप उन पर काम करेंगे और आपको लाभ होगा।

### कुंभ
आज दिन व्यस्त रहेगा। आपके सामने कई काम एक साथ आएंगे। आपके विरोधी भी कुछ ऐसी हरकतें कर सकते हैं जिससे आपको गुस्सा आएगा। लेकिन खुद को शांत रखें और अपने काम पर ध्यान दें। अगर आपको अपनी स्थिति स्पष्ट करनी है तो अपने वरिष्ठ अधिकारी को बताएं। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं और भाग्य साथ देगा।

### धनु
आज दिन करियर में सफलता दिलाने वाला है। आप जो भी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। धन-संपत्ति में वृद्धि होने से मन में प्रसन्नता रहेगी। घर में भाइयों के साथ जमीन जायदाद का विवाद हल हो सकता है, किसी भी मामले में बहुत ही संभलकर रहें। हर मामले में धैर्य से काम लें। कार्यकुशलता से अगर आप समस्या का समाधान निकालने की कोशिश करेंगे।

### मीन
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपको आय के मामले में लाभ होगा। आय के स्रोत मजबूत करने में जुटे हुए थे। कुछ निजी मामलों में लाभ होगा और आपको घरेलू मसले आपके लिए चिन्ता का विषय बने हुए हैं। अब इस मामले में आत्मनिर्भर हो जाने के बाद यहीं सबसे जरूरी है कि शादी ब्याह या नौकरी एडमिशन के उन मामलों को देखें जिसे घर के छोटे सदस्यों को जरूरत है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के लातूर में 12 लाख रुपये की चंदन की लकड़ी बरामद, दो लोग गिरफ्तार

**लातूर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में तस्करी के लिए ले जाई जा रही 12.08 लाख रुपये मूल्य की 152 किलोग्राम चंदन की लकड़ी बरामद की गई है और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की एक टीम ने यहां राजमार्ग पर औसा के पास एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) को शनिवार रात रोका। इसमें बताया गया कि वाहन की जांच करने पर पुलिस को उसमें से 12.08 लाख रुपये मूल्य की चंदन की लकड़ियां मिलीं, जिससे यह पता चलता इसकी तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने बताया कि बार्शी और औसा के रहने वाले 30 और 50 साल के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उसने बताया कि एक अन्य आरोपी फरार हो गया है और उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ कानून के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। चंदन की लकड़ी के उच्च मूल्य के कारण इसे वन अधिनियम के तहत संरक्षित किया गया है। चंदन की लकड़ी की कटाई और उसको ले जाने के लिए वन विभाग से अनुमति लेना आवश्यक है। इसका उपयोग चंदन का तेल निकालने के लिए किया जाता है।

### हिमाचल : सुक्खू ने 31 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया

**सोलन, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को सोलन जिले के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 31 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की प्रगति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और भरोसा दिलाया कि वित्तीय समस्याएं क्षेत्र के विकास में बाधा नहीं बनेंगी। सुक्खू ने मित्तियां, बेहली, खल्लर और आसपास के क्षेत्रों के गांवों के लिए 7.24 करोड़ रुपये की लागत वाली पेयजल योजना का उद्घाटन किया। उन्होंने नालागढ़ के लिए 5.22 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सात नलकूपों तथा क्षेत्र में 4.82 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल सुधार परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। उन्होंने तीन पुलों की आधारशिला रखी, जिनमें 5.77 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाला कोटला कलां पुल, 4.44 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाला रेतार खड्ड पुल तथा 3.51 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाला भटौली खड्ड पुल शामिल हैं।

### असम के एक सांसद का अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस से संबंध : हिमंत

**गुवाहटी , एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य के एक सांसद का अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस से संबंध है। हिमंत का यह बयान भाजपा द्वारा कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व पर देश को अस्थिर करने के लिए हंगरी मूल के अमेरिकी निवेशक के साथ मिलीभगत होने का आरोप लगाये जाने के बीच आया है। हालांकि, हिमंत ने उक्त सांसद का नाम या उनकी पार्टी का उल्लेख नहीं किया। एक कार्यक्रम के दौरान, कांग्रेस-सोरोस मुद्दे के बारे में पूछे जाने पर हिमंत ने संवाददाताओं से कहा, ''असम के एक सांसद के भी जॉर्ज सोरोस से संबंध हैं। मैं इस विवाद में नहीं पड़ना चाहता।'' यह पूछे जाने पर कि क्या उक्त सांसद ने अमेरिकी निवेशक की वित्तीय मदद से चुनाव जीता था, मुख्यमंत्री ने कहा, मैं इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता क्योंकि मेरे पास कोई सबूत नहीं है। वैसे भी मुझे इस मामले में ज्यादा दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि पत्रकार स्वयं सोरोस और उक्त सांसद के बीच संबंधों का पता लगा सकते हैं। शनिवार को लोकसभा में दिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण पर हिमंत ने कहा, (नरेन्द्र) मोदी जी ने कांग्रेस को पूरी तरह से बेनकाब कर दिया...मोदी जी ने उन्हें आईना दिखाया...।'' एक देश, एक चुनाव विधेयक पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में इसे पेश किये जाने परसभी पक्ष अपने विचार रख सकेंगे। उन्होंने कहा, ''जब संसद में इस पर चर्चा होगी तो हमारे लोग इसके लाभ को जान पाएंगे।'' समान नागरिक संहिता पर हिमंत ने कहा, ''मोदी जी ने कहा है कि एक धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता तैयार किया जाएगा और मैं इसका पूरा समर्थन करता हूं।

# प्रयागराज महाकुंभ-2025 के रोड शो में शामिल हुए उप्र के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और दिनेश प्रताप सिंह

**भोपाल, एजेंसी।**
योगी सरकार महाकुंभ-2025 को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश के उत्तर प्रदेश के जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भोपाल में एक भव्य रोडशो का नेतृत्व किया। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन को भारत की विविधता में एकता का अद्वितीय उत्सव बताते हुए मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल महामहिम मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा वहां की सम्मानित जनता को प्रयागराज महाकुंभ-2025 में आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यह सरकार महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठा रही है। रोडशो के बाद जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि महाकुंभ, भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना का स्पंदन है। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत-समावेशी भारत' की दिव्य और जीवंत झांकी है।




आप सबमें बहुत से ऐसे लोग होंगे, जिनके पास प्रयागराज कुम्भ-2019 का %दिव्य एवं भव्य% अनुभव होगा, भारतीय सांस्कृतिक गौरव के रूप में जिसकी अविस्मरणीय छवि विश्व पटल पर अंकित हुई थी। यही नहीं, मेले के कुशल प्रबन्धन को भी पूरी दुनिया ने मुक्त कंठ से सराहा था। उन्होंने कहा कि इस बार आयोजित हो रहा महाकुंभ पिछले कुंभ से और अधिक दिव्य एवं भव्य होगा। प्रयागराज महाकुंभ-2025 में 45 करोड़ तीर्थयात्रियों, साधु, संतों, कल्पवासियों एवं पर्यटकों के आने की संभावना है। इसके दृष्टिगत उत्तर प्रदेश सरकार ने समयबद्ध ढंग से समुचित प्रबंध कर लिया है।

जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक माँ गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम तट पर प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर महाकुंभ 12 वर्ष के अंतराल पर एक बार फिर प्रयाग की पुण्य धरा पर आयोजित हो रहा है।

जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने महाकुंभ की तैयारी के बारे में कहा कि यह स्वच्छ, स्वस्थ्य, सुरक्षित एवं डिजिटल महाकुंभ है। मेला को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त महाकुम्भ का संकल्प लिया गया है। इस अभियान के तहत मेला क्षेत्र में विभिन्न दोना-पत्तल विक्रेताओं की दुकानों का आवंटन, 400-स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ स्वच्छता पर बैठक, 4 लाख बच्चों और प्रयागराज की जनसंख्या के 5 गुना नागरिकों तक स्वच्छ महाकुम्भ की पहल को पहुंचाया जा रहा है। साथ ही हर घर दस्तक अभियान के अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त का संदेश घर-घर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ- 2025 को हरियाली से भरा बनाने के लिए क्लीन के साथ-साथ ग्रीन कुंभ पर विशेष ध्यान दिया गया है। पूरे प्रयागराज में करीब तीन लाख पौधों का रोपण भी किया गया है। मेले के खत्म हो जाने के बाद पौधों को संरक्षण खुद उत्तर प्रदेश सरकार करेगी। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि इसे स्वस्थ महाकुंभ के दृष्टिकोण से भी तैयार किया जा रहा है।

# शिल्पा शेट्टी ने कर्नाटक के जगद्गुरु रेणुकाचार्य मंदिर को यांत्रिक हाथी दान किया

**बेंगलुरु, एजेंसी।** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने श्रीमद् रंभपुरी वीररुद्रमुनि जगद्गुरु के शताब्दी जन्म समारोह के लिए यहां श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य मंदिर को एक यांत्रिक हाथी रविवार को दान किया। कर्नाटक के मंत्री ईश्वर बी खांडरे ने वीरभद्र नामक यांत्रिक हाथी को सौंपते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी ने मंदिरों में हाथी को बेड़ियों में बांधे बिना रखना संभव बना दिया है। रंभपुरी पीठ स्थित श्री जगद्गुरु रेणुकाचार्य मंदिर ने न तो जिंदा हाथियों को रखने और न ही किराए पर लेने का निर्णय लिया है। मंदिर के निर्णय की सराहना करते हुए वन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे खांडरे ने कहा, ''कई अन्य मंदिरों और मठों ने मुझसे हाथी दान करने का अनुरोध किया। लेकिन वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अनुसार हम किसी भी मंदिर को हाथी दान नहीं कर सकते। इन परिस्थितियों में रोबोट हाथी जैसी नयी तकनीकें आ गई हैं।'' मंदिर को हाथी का दान 'पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स' (पेटा) इंडिया और बेंगलुरु स्थित पशु कल्याण संगठन 'कम्पैशनेट अनलिमिटेड प्लस एक्शन' (सीयूपीए) द्वारा किया गया। पेटा इंडिया के अनुसार, तीन मीटर लंबा यांत्रिक हाथी 800 किलोग्राम वजन का है और यह रबड़, फाइबर, धातु, जाल, फोम और स्टील से बना है तथा पांच मोटर से चलता है। वन मंत्री ने वन विभाग और कर्नाटक सरकार की ओर से पेटा, सीयूपीए और अभिनेत्री को धन्यवाद दिया। कर्नाटक के ऊर्जा मंत्री के जे जॉर्ज और श्रृंगेरी विधानसभा के सदस्य टी डी राजेगौड़ा भी इस अवसर पर मौजूद थे।



# 3 दिन में विभाग आवंटन?, देवेन्द्र फडणवीस ने कहा- मंत्रियों को ढाई साल का कार्यकाल मिलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि नए मंत्रियों को अगले दो-तीन दिनों में विभागों का आवंटन कर दिया जाएगा। राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र की पूर्व संध्या पर, मंत्रिमंडल विस्तार के तहत सत्तारूढ़ गठबंधन के 39 विधायकों के मंत्री पद की शपथ लेने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए फडणवीस ने कहा कि महायुति के सहयोगी दलों ने मंत्रियों के कार्यकाल के दौरान उनके प्रदर्शन की 'ऑडिट' कराने पर सहमति जताई है। हालांकि, फडणवीस ने इसकी कोई समय सीमा नहीं बताई, लेकिन उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने कहा कि उनकी पार्टी से बनाये गए मंत्रियों को ढाई साल का कार्यकाल मिलेगा। उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार ने कहा कि अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वालों को ढाई महीने में भी बदला जा सकता है। फडणवीस ने कहा कि महायुति सरकार महाराष्ट्र के विकास के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा, ''हमने विभागों के आवंटन पर फैसला कर लिया है और दो से तीन दिनों में इसकी घोषणा कर दी जाएगी। हमारा प्रशासन तेजी से विकास करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।'' उन्होंने महायुति सरकार को ''ईवीएम की सरकार'' कहने के लिए विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) की आलोचना की।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमारी सरकार इसलिए सत्ता में आई कि हर वोट महाराष्ट्र के लिए गया। मेरी सरकार संविधान के अनुसार काम कर रही है और संविधान का सम्मान करना हमारी प्राथमिकता है।'' फडणवीस ने बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की विशेष जांच टीम (एसआईटी) से जांच कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा, ''मामला सीआईडी ??को सौंप दिया गया है और जांच के लिए एक विशेष एसआईटी गठित की जाएगी। दोषियों को सजा दिलाई जाएगी।'' उन्होंने कहा कि परभणी में हिंसा की साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा, ''मैंने पुलिस को परभणी में पथराव करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।'' फडणवीस ने कहा कि उन्होंने और उनके सहयोगियों- एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने नये मंत्रियों से कहा है कि उनके प्रदर्शन का ऑडिट किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''हम तीनों इस पर सहमत हैं।''

# यमुना एक्सप्रेसवे के बाद अब नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर भी घटेगी वाहनों की रफ्तार

**नोएडा, एजेंसी।**
कोहरे को देखते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर भी सोमवार या मंगलवार से वाहनों की गति सीमा में कमी कर दी जाएगी। इस मामले में सोमवार को ट्रैफिक पुलिस और नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच बैठक होगी। वाहनों की गति सीमा लागू करने से कैमरों से जुड़े सर्वर में भी नई गति सीमा को अपडेट करना होगा।

पिछले साल यमुना एक्सप्रेसवे की तरफ नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर भी 15 दिसंबर से वाहनों की गति सीमा कम कर दी गई थी जो 15 फरवरी तक लागू रही थी, लेकिन इस बार अभी ये व्यवस्था यहां लागू नहीं हो सकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रविवार से सिर्फ यमुना एक्सप्रेसवे पर गति सीमा कम करने का नियम लागू किया गया है, नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे को लेकर सोमवार को बैठक होगी।

डीसीपी ट्रैफिक लखन यादव ने बताया कि इस मामले में सोमवार को बैठक कर निर्णय ले लिया जाएगा। ऐसे में उम्मीद है कि सोमवार या मंगलवार से ही यहां पर भी वाहनों की गति सीमा कम कर दी जाएगी।



ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कोहरे को देखते हुए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, एमपी टू एलिवेटेड रोड सहित शहर की छह सड़कों पर गति सीमा घटाई जाएगी। एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहन (चार पहिया) के लिए गति सीमा 100 से घटाकर 75 किलोमीटर कर दी जाएगी। भारी वाहनों के लिए 80 से घटाकर 60 किलोमीटर प्रति घंटा की जाएगी। उन्होंने बताया कि एमपी टू स्थित एलिवेटेड रोड पर हल्के वाहनों के लिए 50 और भारी वाहनों के लिए 40 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार तय की जाएगी। प्लाजा से सेक्टर-57 चौराहा), 2 (सेक्टर-18 से सेक्टर-60 अंडरपास), 3 (कालिंदी कुंज से सेक्टर-122) और रोड नंबर-6 (सेक्टर-62 मॉडल टाउन गोलचक्कर से सेक्टर-71 अंडरपास) के अलावा डीएससी (दादरी-सूरजपुर-छलेरा) रोड पर भी वाहनों की गति कम की जाएगी। इन जगह 80 से घटाकर 60 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार तय होगी। इसके अलावा जो भी 75 मीटर चौड़ी रोड हैं, वहां पर भी यही व्यवस्था रहेगी। नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर तेज गति का नियम तोड़ने वालों के कैमरों से चालान किए जा रहे हैं।

# गुरुग्राम सनसिटी के 20 मकान मालिकों पर दर्ज होगी एफआईआर



**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में गोल्फ कोर्स रोड पर सेक्टर-54 स्थित सनसिटी कॉलोनी में 20 मकान मालिकों पर एफआईआर होगी। नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के डीटीपीई ने 10 मकान मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस में शिकायत दे दी है। सोमवार को 10 और मकान मालिकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी जाएगी। अगले सप्ताह में दोबारा इन मकानों को सील किया जाएगा। यदि दोबारा यह मकान मालिक सील तोड़ते हैं तो अवैध निर्माण को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सनसिटी कॉलोनी के ईडब्ल्यूएस ब्लॉक में करीब 20 मकानों में नक्शे और कब्जा प्रमाण पत्र का उल्लंघन हुआ है। कब्जा प्रमाण पत्र लेने के बाद किसी ने अतिरिक्त मंजिल का निर्माण कर लिया तो किसी ने 100 प्रतिशत कवर कर लिया। इसके साथ-साथ इन इमारतों में पीजी और गेस्ट हाउस का संचालन भी हो रहा है। इन शिकायतों के आधार पर डीटीपीई कार्यालय ने इन मकान मालिकों को कारण बताओ नोटिस दिया था। मकान मालिकों की तरफ से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर इन मकानों को सील कर दिया गया था। इन मकान मालिकों ने सील को तोड़कर दोबारा व्यवसायिक गतिविधियों को शुरू कर दिया था। इस मामले में आरडब्ल्यूए के पूर्व महासचिव वीएमके सिंह का कहना है कि ये मकान मालिक पिछले तीन साल से घरों के अंदर पीजी और गेस्ट हाउस का संचालन कर रहे हैं। कई बार इनके मकानों को सील किया जा चुका है, लेकिन ये फिर खोल लेते हैं। इस बार इन मकान मालिकों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाना चाहिए। मनीष यादव, डीटीपीई, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने कहा, सनसिटी कॉलोनी के ईडब्ल्यूएस ब्लॉक के 10 मकान मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस में शिकायत दे दी गई है। सोमवार को 10 और मकान मालिकों के खिलाफ शिकायत दी जाएगी। अगले सप्ताह में इन मकानों को दोबारा सील किया जाएगा।

# दंतेवाड़ा में खुला छत्तीसगढ़ का पहला वन मंदिर, 18 एकड़ में बना गार्डन

**दंतेवाड़ा, एजेंसी।**
दंतेवाड़ा में तैयार किए गए वन मंदिर की शुरुआत रविवार को हुई. छत्तीसगढ़ के वन एवं पर्यावरण मंत्री केदार कश्यप ने इसका शुभारंभ किया. वन मंदिर की शुरुआत के बाद वन मंत्री ने इसका अवलोकन किया. इस मौके पर भारी संख्या में आए लोगों ने भी वन मंदिर में घूमकर इसका आनंद उठाया. छत्तीसगढ़ में ऐसा पहली बार हुआ है कि पहली बार 18 एकड़ में वन मंदिर को बनाया गया है. इसमें कई तरह के पेड़ पौधों को संरक्षित किया गया है. कई वनों की खासियत से बना वन मंदिर : छत्तीसगढ़ के इस वन मंदिर में अलग अलग तरह के गार्डन तैयार किए गए हैं. उनका नाम बाग के तर्ज पर रखा गया है. इसके साथ ही इसमें कई अलग अलग तरीके के वन मंदिर हैं. जो वन और बाग इसमें बनाए गए हैं उनमें आरोग्य वन, राशि वन, नव ग्रह, नक्षत्र वन, रॉक गार्डन, सप्त ऋषि वन और पंचवटी वन हैं.

**18 एकड़ में बना गार्डनः** 18 एकड़ में बने इस वन मंदिर में 7 थीम पर काम हुए हैं. जिसमें राशि, ग्रह नक्षत्र के पौधे लगाए गए हैं. इसके अलावा बीमारियों के इलाज के लिए योग और औषधीय और हर्बल पौधे की जानकारी भी दी गई है. इस वन में सप्तऋषि और पंचवटी वन भी है. जिसमें प्रभु श्री राम के वनवास काल का वर्णन है. इस वन के जरिए पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया गया है. लोगों को ग्लोबल वार्मिंग के खतरे के बारे में भी बताया गया है. इससे लोगों को काफी फायदा होगा।

**वन मंदिर की खूबियां :** वन मंदिर की खूबियों की बात करें तो इसमें तितलियां, शेर, हाथी, भालू समेत विभिन्न जानवरों की 3डी पेंटिंग और पोस्टर बनाए गए हैं. इसकी डिजाइनिंग शानदार तरीके से की गई है. ऐसा लग रहा है कि मानों ये खुद अपना इंट्रो दे रहे हैं. बच्चों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए आसान और सरल शब्दों में स्लोगन भी लिखे गए हैं. जिससे आने वाली पीढ़ियों को जानकारी मिल सके. दंतेवाड़ा वन विभाग के अधिकारियों का दावा है कि ये देश का पहला वन मंदिर है. जो लोगों को शिक्षित और स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करेगा. इस वन मंदिर में आरोग्य वन को तैयार किया गया है. जिसमें थ्रीडी के तहत लोगों को हेल्दी जानकारी दी गई है.

# करोड़ों के कोठी और स्कूल, लाखों की सुख-सुविधाएं

**नोएडा, एजेंसी।**
नोएडा प्राधिकरण के पूर्व ओएसडी रविंद्र सिंह यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मेरठ विजिलेंस टीम ने शनिवार को उनके घर पर छापा मारकर संपत्ति की जांच की। इस दौरान करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज मिले। बताया गया कि रविंद्र यादव जिस घर में रह रहे हैं, उसकी कीमत 16 करोड़ से अधिक है, जहां सुख-सुविधाओं की चीजों पर उन्होंने 37 लाख रुपये खर्च किए हैं। विजिलेंस टीम आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह जांच कर रही है। मेरठ विजिलेंस टीम ने शनिवार को ओएसडी रविंद्र सिंह यादव के नोएडा स्थित आवास पर और इटावा के गांव मलाजनी में स्थित स्कूल पर छापा कर कार्रवाई की। विजिलेंस टीम ने न्यायालय से सर्च वारंट प्राप्त करने के बाद यह कार्रवाई की थी। विजिलेंस टीम ने नोएडा में सेक्टर 47 में स्थित उनके घर पर छापा मारा था, यह तीन मंजिला कोठी है। विजिलेंस के अनुसार इस कोठी की कीमत 16 करोड़ रुपये से अधिक है और यहां पर सुख सुविधाओं के लिए लगे उपकरणों पर 37 लाख रुपये से अधिक खर्च किए गए थे। इसके अलावा वहां से 62 लाख 44 हजार रुपये के आभूषण और 2 लाख 47 हजार रुपये की नकदी मिली है। यहां से सभी परिवारजनों के पासपोर्ट भी मिले हैं, जिन पर हुई विदेश यात्राओं की जानकारी भी विजिलेंस टीम जुटा रही है। घर से मिली दो कारों के संबंध में भी जानकारी की जा रही है। यहां से छह बैंक खातों, विभिन्न पॉलिसियों और अन्य निवेश से संबंधित कागाजात भी मिले हैं, जिनको लेकर भी जांच जारी है। इसके अलावा एक दर्जन से अधिक अन्य संपत्तियों के दस्तावेजों की भी जांच हो रही है। इसके अलावा सर्च के दौरान गांव मलाजनी इटावा में स्थित अरिस्टोटल वर्ल्ड स्कूल से संबंधित भी दस्तावेज मिले। इस स्कूल के भवन और जमीन की वर्तमान में कीमत 15 करोड़ से अधिक है। स्कूल की सोसाइटी का अध्यक्ष भी रविंद्र का बेटा निखिल यादव है। यह स्कूल पूरी तरह से वातानुकूलित है, जहां पर स्मार्ट क्लासेस द्वारा शिक्षण कार्य होता है। स्कूल में लगे फर्नीचर और उपकरणों की कीमत दो करोड़ से ज्यादा है। स्कूल में दस बस भी हैं, जो एक करोड़ 4 लाख से अधिक कीमत की हैं। दोनों स्थानों की जांच विजिलेंस के 18 अधिकारियों ने की थी और यहां से मिले दस्तावेजों की जांच अभी जारी है। नोएडा प्राधिकरण में ओएसडी रहे रविंद्र यादव के खिलाफ फरवरी 2023 में विजिलेंस ने जांच के बाद आय से अधिक संपत्ति के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। उस समय वह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात थे। मुकदमा दर्ज होने के बाद औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उन्हें निलंबित कर दिया था। वह तभी से निलंबित चल रहे हैं। उनके खिलाफ विजिलेंस विभाग ने जांच के बाद मेरठ में स्थित विजिलेंस थाने में मुकदमा दर्ज किया था। जांच में पाया गया कि राजकीय सेवा में आने की तारीख 1 जनवरी, 2005 से 31 दिसंबर,



2018 तक रविंद्र को 94 लाख 49 हजार 888 रुपये की आय हुई। वहीं 2 करोड़ 44 लाख 38,547 रुपये खर्च किए। ओएसडी ने 1 करोड़ 49 लाख 88,959 रुपये अधिक खर्च किए, जो उनकी आय से 158.61 फीसदी अधिक पाया गया। विजिलेंस की ओर से जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि उनके द्वारा वर्ष 2007 में नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी के पद पर रहते हुए आईसीएमआर को आवंटित 9712 वर्ग मीटर के सरकारी भूखंड को एक प्राइवेट ग्रुप हाउसिंग सोसाइट को नियम विरुद्ध अंतरण किया गया। इसकी सीबीआई जांच भी हुई थी।

### पूरी तरह से अंधेरे में रखा गया, जैसन गिलेस्पी ने इस्तीफे के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को लताड़ा



**सिडनी, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जैसन गिलेस्पी ने सोमवार को पीसीबी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बोर्ड ने पूरी तरह से उन्हें अंधेरे में रखा जिसकी वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। गिलेस्पी का करार 2026 तक का था लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि संवादहीनता के कारण उन्हें लगने लगा था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उनकी जरूरत नहीं है। गिलेस्पी ने कहा, 'चुनौतियां तो थी। मैं कुछ करने के इरादे से वहां गया था। मुझे पता था कि पाकिस्तान ने बहुत कम समय में बहुत सारे कोच बदले हैं। मैं चाहता था कि मुख्य कोच होने के नाते नियोक्ता से मेरा सीधा और स्पष्ट संवाद हो। मुझे हाई परफार्मेंस कोच नहीं रखने को लेकर पूरी तरह से अंधेरे में रखा गया। पीसीबी ने हाई परफार्मेंस कोच टिम नीलसन के करार का नवीनीकरण नहीं किया जिन्हें गिलेस्पी लेकर आए थे। गिलेस्पी ने कहा, 'टिम नीलसन को बताया गया कि उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है और मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। इससे पहले भी बहुत कुछ हुआ लेकिन इस घटना के बाद मुझे लगने लगा कि मेरी जरूरत है भी या नहीं।

## 'मैं अब इस सर्कस का हिस्सा नहीं हूं'



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2024 विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन पर डी गुकेश की ऐतिहासिक जीत के बाद, यह सवाल फिर उठने लगा है कि क्या दुनिया के नंबर एक और पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन 2023 में छोड़े गए अपने खिताब को पुनः हासिल करने के लिए क्लासिकल शतरंज में वापसी करेंगे। हालांकि, मैग्नस कार्लसन ने ऐसी किसी भी संभावना को पूरी तरह से खारिज कर दिया। यूट्यूब पर अपने चैनल पर गुकेश की जीत पर एक समीक्षा वीडियो में मैग्नस कार्लसन ने कहा, 'यह मैं नहीं होने जा रहा हूं। मेरा मतलब है, चलिए गुकेश और मैच वगैरह के बारे में बात करते हैं। मैं अब इस सर्कस का हिस्सा नहीं हूं।' मैग्नस कार्लसन ने मौजूदा विश्व चैंपियनशिप फॉर्मेट को लेकर अपना असंतोष भी जाहिर किया।

मैग्नस कार्लसन ने गुकेश और डिंग लिरेन की 14वीं चाल को लेकर कहा, 'बेशक, यह कुछ ऐसा था जो थोड़ा अप्रत्याशित था। हममें से बहुतों ने सोचा था कि गुकेश मैच जीतने के दावेदार हैं, लेकिन यह एक ऐसा खेल था जो वास्तव में कभी नहीं चल पाया। गुकेश स्पष्ट रूप से जीत के लिए संघर्ष कर रहे थे। मुझे लगता है कि वह खेल को जीवंत रखने के लिए बहुत अच्छा काम कर रहे थे। लेकिन यह सब बहुत, बहुत अचानक हुआ। मुझे लगता है कि यही बात उन्होंने बाद में भी बताई, कि वह थोड़े ऑटोपायलट पर थे, उम्मीद कर रहे थे कि यह टाई ब्रेक पर जाएगा और अचानक आपको यह मौका मिलता है और यह सब खत्म हो जाता है।'

मैग्नस ने प्रतिरोध दिखाने के लिए डिंग लिरेन को भी श्रेय दिया। उन्होंने कहा, 'आप डिंग और उनके खेलने के तरीके के बारे में जो चाहें कह सकते हैं, लेकिन उन्होंने मैच के दौरान अपना स्तर बढ़ाया।' गुकेश ने इस साल की शुरुआत में अप्रैल में, गुकेश ने टोरंटो में आठ-पुरुष कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर दुनिया को चौंका दिया और इयान नेपोमनियाचची, हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना जैसे खिलाड़ियों के बीच शीर्ष स्थान हासिल करके विश्व चैंपियनशिप के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए।

**गाबा टेस्टः**

# भारत पहली पारी में 51/4, राहुल-रोहित नाबाद लौटे, ऑस्ट्रेलिया 394 रन से आगे

### ● बारिश के कारण तीसरे दिन 33 ओवर ही हुए



**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** ब्रिस्बेन में सोमवार को दिन भर रुक-रुककर बारिश होती रही।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट का तीसरा दिन बारिश के नाम रहा है। ब्रिस्बेन के द गाबा मैदान पर सोमवार को सुबह से रुक-रुककर बारिश होती रही। ऐसे में 33 ओवर ही डाले जा सके। स्टंप्स तक भारत ने पहली पारी में 4 विकेट पर 51 रन बनाए। केएल राहुल 33 रन और कप्तान रोहित शर्मा शून्य पर नाबाद लौटे। टी-ब्रेक से पहले ऋषभ पंत (9 रन) और विराट कोहली (3 रन) पवेलियन लौट गए थे। यशस्वी जायसवाल (4 रन) और शुभमन गिल (1 रन) को मिचेल स्टार्क ने आउट किया था। ऑस्ट्रेलिया अपनी पहली पारी में 445 रन पर ऑलआउट हो गई थी। टीम ने 40 रन बनाने में आखिरी 3 विकेट गंवा दिए हैं। एलेक्स कैरी 70 रन बनाकर आउट हुए। जसप्रीत बुमराह ने 6 विकेट चटकाए। रविवार को दूसरे दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ट्रैविस हेड (152 रन) और स्टीव स्मिथ (101 रन) के शतकों के सहारे 405 रन बनाए थे। पहले दिन बारिश के कारण 90 में से 13.2 ओवर ही डाले जा रहे। भारतीय टीम टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी थी।

# रजत पाटीदार ने रचा इतिहास

### ● टी-20 टूर्नामेंट फाइनल में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय कप्तान बने, गंभीर का तोड़ा रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में मुंबई के खिलाफ मध्य प्रदेश संघर्ष कर रही थी और टीम के 4 विकेट 54 रन पर गिर गए थे। इस मुश्किल परिस्थिति में फिर कप्तान रजत पाटीदार बल्लेबाजी करने आए और ऐसी पारी खेली की टीम का स्कोर 174 रन पर पहुंच गया।

इस दौरान रजत ने जोरदार पारी खेली और नाबाद 81 रन बनाए। रजत ने इस पारी के दम पर इतिहास रच दिया।

**बतौर भारतीय कप्तान टी20 फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर रजत पाटीदार के नाम**

मुंबई के खिलाफ खेली अपनी नाबाद 81 रन की पारी के दम पर रजत पाटीदार टी20 क्रिकेट इतिहास में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान बन गए। इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले रजत पाटीदार ने इसके साथ ही गौतम गंभीर का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इससे पहले गौतम गंभीर ने बतौर भारतीय कप्तान टी20 क्रिकेट में सबसे बड़ी पारी साल 2014 में सीएसके के खिलाफ चैंपियंस लीग टी20 में खेली थी और 80 रन बनाए थे। अब रजत पाटीदार ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं।

**भारतीय कप्तान द्वारा टी20 टूर्नामेंट फाइनल में सर्वोच्च स्कोर**

81* रन - रजत पाटीदार बनाम मुंबई एसएमएटी,2024

80 रन - गौतम गंभीर बनाम सीएसके, सीएलटी20, 2014

68 रन - रोहित शर्मा बनाम डीसी,आईपीएल,2020

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 में रजत पाटीदार का प्रदर्शन**

रजत पाटीदार ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 में कमाल की बल्लेबाजी की और रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर रहे।

उन्होंने इस सीजन में खेले 10 मैचों की 9 पारियों में 428 रन बनाए और उनका औसत 61.14 का रहा।

उनका स्ट्राइक रेट इन मैचों में 186.08 का रहा। रजत ने इन मैचों में 5 अर्धशतक लगाया और बेस्ट स्कोर फाइनल में नाबाद 81 रन की खेली। उन्होंने इस दौरान 32 चौके और 27 छक्के भी लगाए।

# कमेंटेटर ने बुमराह को बंदर कहा, फिर माफी मांगी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर और फॉक्स स्पोर्ट्स की कमेंटेटर ईसा गुहा ने जसप्रीत बुमराह से नस्लीय टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। ईसा ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के गाबा टेस्ट के दूसरे दिन रविवार, 15 दिसंबर को कमेंट्री के दौरान बुमराह के लिए प्राइमेट शब्द का इस्तेमाल किया था। प्राइमेट का एक अर्थ बंदर भी होता है। इसके बाद मामला तूल पकड़ने लगा तो ईसा ने बुमराह से माफी मांग ली। ईसा गुहा फिलहाल बेस्ट विमेन कमेंटेटर में से एक हैं। वे दुनियाभर की लीग, सीरीज और ढ्रष्ष्ट टूर्नामेंट्स में कमेंट्री करती नजर आती हैं। ईसा गुहा (बाएं से दूसरी) बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए फॉक्स स्पोर्ट्स के कमेंटेटर पैनल में हैं। पैनल में अन्य कमेंटेटर (बाएं से)- एडम गिलक्रिस्ट, ब्रेट ली और रवि शास्त्री। ईसा गुहा (बाएं से दूसरी) बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए फॉक्स स्पोर्ट्स के कमेंटेटर पैनल में हैं। पैनल में अन्य कमेंटेटर (बाएं से)- एडम गिलक्रिस्ट, ब्रेट ली और रवि शास्त्री। अगर मेरे शब्द से ठेस पहुंची तो उसके लिए माफी- ईसा ईसा ने गाबा में दूसरे दिन बुमराह की तारीफ करते हुए उन्हें मोस्ट वैल्यूएबल प्राइमेट कहा था।

# वीरेंद्र रघुवंशी ने 65 वर्ष की उम्र में एथलेटिक्स दौड़ में गोल्ड मेडल जीता



**इंदौर, एजेंसी।** 5वीं मास्टर गेम्स स्टेट चैंपियनशिप में गुना के वीरेंद्र रघुवंशी ने 65 प्लस उम्र ग्रुप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल हासिल किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न उम्र ग्रुप के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इसके अलावा, 35 प्लस उम्र ग्रुप में तौफीक खान, खेल युवक कल्याण विभाग के ग्रामीण युवा समन्वयक, ने हाई जंप में गोल्ड मेडल, 100 मीटर में सिल्वर मेडल और लॉन्ग जंप में सिल्वर मेडल जीते। 30 प्लस उम्र ग्रुप में संतोष कुशवाहा ने 100 मीटर और लॉन्ग जंप में गोल्ड मेडल, और 200 मीटर में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

इन सभी मेडलिस्ट खिलाड़ियों को अब हिमाचल प्रदेश के शिमला में अप्रैल में आयोजित होने वाली नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा।

**महिला जूनियर एशिया कपः**

# भारत बना चैंपियन

### पेनल्टी शूटआउट में चीन को हराया



**मस्कट, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम ने रविवार को यहां महिला जूनियर एशिया कप के फाइनल में चीन को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। तय समय में 1-1 से बराबरी के बाद खिताबी मुकाबला शूटआउट तक गया, जिसमें गत चैंपियन टीम विजयी रही। इस अवसर पर हॉकी इंडिया (एचआई) ने टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। एचआई ने एक्स पर लिखा, टीम इंडिया ने जूनियर महिला एशिया कप 2024 के फाइनल में चीन पर रोमांचक पेनल्टी शूटआउट जीतकर शानदार जीत हासिल की। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया ने प्रत्येक खिलाड़ी को 2 लाख रुपये और सहयोगी स्टाफ को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

चीन के लिए पहला गोल जिनझुआंग टैन ने किया, लेकिन कनिका सिवाच ने तीसरे क्वार्टर में भारत के लिए बराबरी का गोल किया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। भारत की गोलकीपर निधि ने पेनल्टी शूटआउट के दौरान तीन महत्वपूर्ण बचाव किए और अपनी टीम को खिताब जीतने में मदद की। पहले क्वार्टर में दोनों टीमें बराबरी की स्थिति में थीं, क्योंकि उन्होंने शुरुआती गोल करने की कोशिश की। दोनों टीमों ने गेंद को बराबरी पर रखा और दोनों टीमों ने अच्छे मौके बनाए, लेकिन वे गोल नहीं कर पाईं। भारत को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन चीनी टीम ने उनका अच्छी तरह से बचाव किया और स्कोर बराबर कर दिया। भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत शानदार तरीके से की, लेकिन शूटिंग सर्कल में कोई अच्छा गोल करने का मौका नहीं बना सका।

दूसरे क्वार्टर के अंत में चीन ने बढ़त हासिल की और भारतीय बैकलाइन पर दबाव बनाया। घड़ी में सिर्फ़ 14 सेकंड बचे थे, चीन को पेनल्टी स्ट्रोक के रूप में एक सुनहरा अवसर मिला। जिनझुआंग टैन ने मौके पर कदम रखा और भारतीय गोलकीपर को चकमा देते हुए गोल किया, जिससे चीन को दूसरे हाफ में मामूली बढ़त मिल गई। तीसरे क्वार्टर में भारत ने आक्रामक तरीके से हमला किया और खेल पर अपना दबदबा बनाया।

दीपिका ने शानदार ड्रिबल किया, चीनी डिफेंस को भेदा और अपनी टीम के लिए पेनल्टी कॉर्नर जीता। दीपिका ने गोल की ओर ड्रैग फ्लिक करने का प्रयास किया, जिसे चीनी गोलकीपर ने कई बार बचाया। कुछ ही क्षणों बाद 41वें मिनट में, सुनीता टोप्पो और दीपिका ने कुछ बेहतरीन पास के साथ गेंद को आगे बढ़ाया और शूटिंग सर्कल के अंदर कनिका सिवाच को पाया, जिन्होंने एक खूबसूरत फील्ड गोल करके टीम को बराबरी पर ला खड़ा किया।



# जिम्बाब्वे के खिलाफ हुआ अफगानिस्तान की टेस्ट टीम का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो में होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने 18 सदस्यीय अफगानिस्तान टीम की घोषणा की। इस सीरीज के जरिए टीम के स्टार स्पिनर राशिद खान क्रिकेट के लंबे प्रारूप में वापसी करेंगे जो 3 साल से ज्यादा वक्त से टेस्ट नहीं खेल रहे थे। अफगानिस्तान की इस टीम में पहली बार युवा ओपनर सेदिकुल्लाह अटल को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

इमर्जिंग एशिया कप में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद अटल ने हाल ही में टी20 और वनडे में डेब्यू किया था।

अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज तीन मैचों की वनडे सीरीज के बाद खेली जाएगी जिसकी शुरुआत 17 दिसंबर से होगी। वहीं इसके बाद दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 26 दिसंबर से खेला जाएगा जबकि दूसरा मुकाबला 2 जनवरी से शुरू होगा। अफगानिस्तान की इस टेस्ट टीम में कुल सात अनकैप्ड खिलाड़ी हैं जिनमें ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फरीद मलिक जैसे नाम भी शामिल हैं।

**जिम्बाब्वे में टेस्ट सीरीज के लिए अफगानिस्तान टीम**

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमत शाह (उप-कप्तान), इकराम अलिखाइल (विकेटकीपर), अफसर जजई (विकेटकीपर), रियाज हसन, सेदिकुल्लाह अटल, अब्दुल मलिक, बहीर शाह महबूब, इस्मत आलम, अजमतुल्लाह उमरजई, जहीर खान, जिया उर रहमान अकबर , जहीर शहजाद, राशिद खान, यामीन अहमदजई, बशीर अहमद अफगान, नवीद जादरान, फरीद अहमद मलिक।

**इंडिया- वेस्टइंडीज वूमेन टी-20:**

# स्मृति-जेमिमा चमकीं, भारत ने विंडीज को 49 रन से हराया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नवी मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी स्टेडियम में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विंडीज को पहले टी20 मुकाबले में 49 रनों से हरा दिया है। भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए स्मृति मंधाना के 53 तो जेमिमा के 73 रनों की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 195 रन बनाए थे।

जवाब में खेलने उतरी विंडीज टीम 146 रन ही बना पाई। विंडीज के लिए जोसेफ और डॉटिंन ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाई। भारतीय गेंदबाजी भी बढ़िया रही। तितास साधु ने 37 रन देकर 3 विकेट लीं।

**वेस्ट इंडीज महिला: 140-6 (20 ओवर)**

जवाब में खेलने उतरी विंडीज को दूसरे ही ओवर में झटका लगा जब हेले मैथ्यूज मात्र 1 रन बनाकर आऊट हो गई। इस दौरान कियाना जोसेफ ने डींड्रा डॉटिन के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। जोसेफ ने जहां 33 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से 49 रन बनाए तो वहीं, डॉटिंन ने 28 गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए। इनके विकेट गिरते ही विंडीज की हालत पतली हो गई। मध्यक्रम में केवल शबिका 15 ही रन बना पाई और स्कोर 20 ओवर में 146 तक ही पहुंच पाया। भारत के लिए तितास साधु ने 37 रन देकर 3 विकेट लीं। इसी तरह दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने 2-2 विकेट लीं। मैच जीतने के बाद तितास साधु ने कहा कि मुझे लगता है कि हम सभी ने सभी चीजों को वास्तव में अच्छी तरह से निष्पादित किया। कुछ चीजें हैं जिन्हें हम बेहतर कर सकते हैं और हम उस पर काम करेंगे। हम यहां पहले भी खेल चुके हैं और आपको सही क्षेत्र में गेंदबाजी करते रहना होगा, यहां की पिच स्पिनरों की तुलना में तेज गेंदबाजों को अधिक मदद करती है। कियाना का विकेट लेने पर उन्होंने कहा कि यह बहुत गलत तरीके का बाउंसर था। कई बार आप अपनी योजनाओं को लागू कर लेते हैं और कई बार ऐसा नहीं होता। मैंने बस खुद का समर्थन किया और सही क्षेत्रों में गेंदबाजी करने की कोशिश की।



**भारत महिला: 195-4 (20 ओवर)**

शैफाली वर्मा के बिना खेल रही भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी रही। स्मृति मंधाना ने उमा छेत्री के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। उमा ने 24 रनों का योगदान दिया जबकि स्मृति ने 33 गेंदों पर 7 चौके और 2 छक्कों की मदद से 54 रन बनाए।

जेमिमा रोड्रिग्स ने एक छोर संभाला और 35 गेंदों पर 9 चौके और 2 छक्कों की मदद से 73 रन बनाए। इसके अलावा ऋचा घोष ने 14 गेंदों पर 20 तो कप्तान हरमनप्रीत ने 13 रन बनाकर स्कोर 195 तक पहुंचाया। विंडीज की ओर से करिश्मा ने 18 रन देकर 2 विकेट लिए।

## न्यूज बाइट्स

### जाकिर हुसैन का निधन अपूरणीय क्षति : मुख्यमंत्री

**पटना (नि. सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मशहूर तबला वादक पद्म विभूषण जाकिर हुसैन के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि जाकिर हुसैन के निधन से संगीत एवं कला के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। देश अपने इस अनमोल रत्न को हमेशा याद रखेगा। दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना है।

### पटना में महिला से 80 हजार की ठगी

**पटना (नि. सं.)।** पटना में ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर एक महिला से 80 हजार रुपए की ठगी हुई है। साइबर अपराधियों ने एनीडेस्क एप की जरिए महिला को अपना शिकार बनाया है। पीड़िता ने इस संबंध में साइबर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। बिहटा निवासी रूबी ने बताया कि 9 दिसंबर को ऑनलाइन स्वेटर ऑर्डर किया था। जिसका पेमेंट 1100 रुपए ऑनलाइन ही कर दिया था। डिलीवरी की डेट 12 दिसंबर को थी। समय पर डिलीवरी नहीं होने के बाद 14 दिसंबर को कंपनी का नंबर गूगल से निकाला। जो नंबर गूगल से मिला था, उस पर फोन नहीं लगा। 5 मिनट बाद दूसरे नंबर से मेरे पास कॉल आया। फोन करने वाले शख्स ने कहा कि आपने स्वेटर ऑर्डर किया था। उसका पेमेंट हो गया है, लेकिन कुछ टेक्निकल कारण से ऑर्डर प्लेस नहीं हो पाया है। एक एप का लिंक भेज रहे हैं। डाउनलोड करके उस पर अपना ऑर्डर नंबर डालकर भेज दीजिए। 2 से 3 दिन में समस्या का समाधान हो जाए। एप डाउनलोड करके जैसे ही ऑर्डर नंबर डाला, मेरे खाते से 80 हजार रुपए कट गए। वहीं, साइबर थानाध्यक्ष राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। बैंक से डिटेल मांगा गया है। जिसे खाते में पैसा गया है, उसका फ्रिज कराया जाएगा। मामले की छानबीन की जा रही है।

### टायर्ड मुख्यमंत्री, रिटायर्ड अधिकारियों से नहीं चलेगा बिहार : तेजस्वी

**पटना (नि. सं.)।** नेता प्रतिपक्ष और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव दिनों कार्यकर्ता संवाद यात्रा पर निकले हुए हैं। इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस करके वो नीतीश सरकार को घेरने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। एक बार फिर से तेजस्वी ने नीतीश कुमार पर तंज कसा है। सहरसा में उन्होने कहा कि नीतीश सरकार के पास न कोई विजन है, न कोई रोडमैप, ये नकलची लोग हैं। बिहार को अब नई दृष्टि की ज़रूरत है। टायर्ड मुख्यमंत्री, रिटायर्ड अधिकारियों से नए बिहार का निर्माण नहीं होगा। तेजस्वी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि नीतीश कुमार के पास कोई विज़न नहीं, कोई रोडमैप व ब्लूप्रिंट नहीं, कोई आउट ऑफ बॉक्स सोच नहीं है। ये नकलची लोग है। हमारी हर योजना, घोषणा एवं विज़न की कॉपी कर लेते है। पहले ये हमारी घोषणाओं का मजाक उड़ाते है, हमारी आलोचना करते है, उन्हें असंभव बताते है और आख़िर में बेशर्मी से हमारी ही योजनाओं की नकल करते है। हम विपक्ष में रहकर इनको इतना सीखा पा रहे है। अभी तो हम छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता पर भी अध्ययन कर रहे है। बिहार को अब नई दृष्टि की ज़रूरत है। टायर्ड मुख्यमंत्री, रिटायर्ड अधिकारियों से नए बिहार का निर्माण नहीं होगा।

### एसटीएफ को 17 डकैतों की तलाश

**पटना (नि. सं.)।** बिहार में बैंक डकैती और लूटपाट जैसी वारदात पर ब्रेक लगाने की तैयारी स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने शुरू कर दी है। सूत्रों की मानें तो 17 बैंक डकैतों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है। इनमें कुछ डकैतों ने बिहार के बाहर अपना 'सेफ जोन' बना रखा है। वे दूसरे राज्यों में भी लूट-डकैती की वारदातों को अंजाम देते हैं। अजय राय के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद कई बैंक डकैत और लुटेरे बिहार से फरार हो गए हैं। एसटीएफ के तेवर को देखकर अपराधियों के बीच दहशत का माहौल है। सूत्र बताते हैं कि जमीन के लिये खूनखराबा करने वाले, रंगदारी वसूलने वाले और ठेकेदारों को धमकी देने वाले अपराधियों की लिस्ट भी तैयार की जा रही है। इन सभी को गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं वांटेड अपराधियों की तलाश में भी एसटीएफ की टीम अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर रही है। हाल के दिनों में स्पेशल टास्क फोर्स ने कई कुख्यात अपराधियों को पकड़कर सलाखों के पीछे पहुंचाया है। एसटीएफ अलग-अलग जिलों के वांटेड अपराधियों की लिस्ट तैयार कर रही है। कई बड़े गिरोह के सरगना बड़ी वारदात को अंजाम देने के बाद अंडरग्राउंड हो गए हैं। वहीं खून खराबा करने वाले बालू माफियाओं की लिस्ट भी एसटीएफ तैयार कर रही है।

---

जिला नियोजनालय कौशल विकास के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

# डीएम ने बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाने का दिया निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले में सोमवार को श्रम विभाग, जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र और जिला नियोजनालय कौशल विकास के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में बाल श्रम मुक्ति, युवाओं के कौशल विकास और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ को युवाओं तक पहुंचाना था। बैठक में जिलाधिकारी ने बाल श्रमिकों के मुद्दे पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने सभी प्रखंडों में निरंतर धावादल संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि बाल श्रमिकों को मुक्त किया जा सके। साथ ही, उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश दिए कि दोषी नियोजकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को बाल श्रम मुक्ति की दिशा में जिला स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने का भी आदेश दिया। बाल श्रम मुक्त जिले की ओर कदम बढ़ाते हुए जिलाधिकारी ने बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक और बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष को भी आदेश दिए कि वे विमुक्त बाल श्रमिकों का समग्र पुनर्वास सुनिश्चित करें। इसके लिए एक विस्तृत योजना तैयार करने और पुनर्वास की प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने इन बाल श्रमिकों के पुनर्वास के बारे में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा, ताकि उनकी स्थितियों का सही तरीके से मूल्यांकन किया जा सके और उन्हें एक नए जीवन की शुरुआत मिल सके।

बैठक में जिलाधिकारी ने युवाओं के कौशल विकास को लेकर भी अहम दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने डीआरसीसी (जिला रोजगार और संपर्क केंद्र) के प्रबंधक को मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत युवाओं को कौशल विकास योजना से जोड़ने के लिए कैंप मोड में काम करने का आदेश दिया। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त हों और वे अपनी योग्यता के अनुसार आत्मनिर्भर हो सकें। इसके साथ ही, जिलाधिकारी ने विकास मित्रों के सहयोग से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ युवाओं तक पहुंचाने के लिए एक सुव्यवस्थित योजना बनाने की बात की। उन्होंने कहा कि विकास मित्रों का सहयोग प्राप्त करके युवाओं को इस योजना का सही जानकारी दी जा सकती है, ताकि वे इसका अधिकतम लाभ उठा सकें।

बैठक में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने यह स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ जिला स्तर पर सही तरीके से लागू करना और हर युवा को उनके अधिकारों का पूरा फायदा दिलवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। यह बैठक और इसमें लिए गए निर्णय जिले में सामाजिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए एक ठोस कदम साबित हो सकते हैं। इस बैठक के माध्यम से यह संकेत मिलता है कि औरंगाबाद जिले में बाल श्रम उन्मूलन और युवाओं के कौशल विकास के लिए सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाओं का पालन किया जा रहा है, जो न केवल जिले के विकास में मदद करेगा बल्कि युवा पीढ़ी के लिए रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगा।

### कौशल विकास केंद्रों की गुणवत्ता में सुधार

जिलाधिकारी ने कौशल विकास केंद्रों की गुणवत्ता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उनका मानना था कि अगर कौशल विकास केंद्रों में प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर किया जाए तो युवाओं को बाजार में बेहतर रोजगार मिल सकेगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे केंद्रों के प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की समीक्षा करें और सुनिश्चित करें कि वे उन्नततम तकनीकों और प्रशिक्षण पद्धतियों पर आधारित हों। इसके अलावा, केंद्रों के प्रशिक्षकों की गुणवत्ता और प्रशिक्षण का स्तर भी बढ़ाने के निर्देश दिए गए, ताकि युवाओं को रोजगार की दिशा में प्रगति करने का पूरा अवसर मिल सके।

---

# बालिकाओं को देश के अग्रणी सौंदर्य प्रशिक्षण संस्थान में मिलेगा एडवांस प्रोफेशनल मेकअप का निःशुल्क प्रशिक्षण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिले की चयनित बालिकाओं के लिए एक विशेष अवसर सामने आया है, जो उन्हें सौंदर्य उद्योग में पेशेवर कौशल प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इन बालिकाओं को ऑरेन इंटरनेशनल स्कूल ऑफ हेयर मेकअप एंड न्यूट्रिशन के पटना शाखा में 21 दिनों का एडवांस प्रोफेशनल मेकअप कोर्स निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण के रूप में प्रदान किया जाएगा। इस कोर्स को बिहार सरकार के कौशल विकास मिशन के अंतर्गत चल रही संकल्प योजना के तहत औरंगाबाद जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चयनित बालिकाओं को सौंदर्य उद्योग में जरूरी कौशल और विशेषज्ञता प्रदान करना है, ताकि वे इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकें और रोजगार के नए अवसरों का लाभ उठा सकें। प्रशिक्षण में मेकअप, हेयर स्टाइलिंग, न्यूट्रिशन, स्किनकेयर, और सौंदर्य सेवाओं के अन्य पहलुओं को शामिल किया जाएगा। यह कोर्स बालिकाओं को आधुनिक सौंदर्य तकनीकों और उद्योग मानकों के बारे में पूरी जानकारी देगा, जिससे वे किसी भी सौंदर्य पार्लर या स्पा में काम करने के लिए तैयार हो सकें। यह पहल बालिकाओं को केवल पेशेवर कौशल नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने का आत्मविश्वास भी देगी। इसके माध्यम से वे अपने परिवारों के आर्थिक विकास में भी योगदान कर सकेंगी और साथ ही समाज में अपनी पहचान बना सकेंगी। चयनित बालिकाओं की टीम को जिला नियोजनालय से जिला नियोजन पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर पटना के लिए रवाना किया। जिला नियोजनालय द्वारा इस चयन प्रक्रिया में विभिन्न मानदंडों का पालन किया गया था, जिनमें प्रतिभाशाली और इच्छुक बालिकाओं का चयन किया गया।

इस विशेष मौके पर औरंगाबाद जिले के विभिन्न अधिकारी और विशेषज्ञ उपस्थित थे। जिला कौशल विशेषज्ञ निरंजन कुमार सिंह, जो इस कार्यक्रम की सफलता के लिए मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान कर रहे हैं, ने बालिकाओं को उनके इस नए अध्याय के लिए शुभकामनाएं दी। इसके अलावा, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक संतन झा और लेखापाल सह प्रबंधक विशाल कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित थे और उन्होंने कार्यक्रम की महत्ता को बताया। इन अधिकारियों ने बालिकाओं को इस प्रशिक्षण से जुड़ी सारी जानकारी दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह कार्यक्रम कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में औरंगाबाद जिले में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

### भविष्य में रोजगार के अवसर

इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बालिकाओं को न केवल शिक्षा बल्कि रोजगार के अवसर प्रदान करना भी है। इस क्षेत्र में प्रशिक्षित होने के बाद, इन बालिकाओं के पास सौंदर्य पार्लर, स्पा, फिल्म इंडस्ट्री, फैशन शो जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने के अवसर होंगे। इसके अलावा, ये बालिकाएं खुद का व्यवसाय शुरू कर सकती हैं और दूसरों को भी प्रशिक्षित कर सकती हैं, जिससे उनके लिए रोजगार सृजन के नए रास्ते खुलेंगे।

---

# रफीगंज में तिरंगें में लिपटे सेना के जवान का शव आते ही मचा कोहराम, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

एसवीवी सं. | रफीगंज (औरंगाबाद)



रफीगंज के न्यू एरिया मुहल्ले में सोमवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवान चितरंजन सिंह का शव उनके घर पहुंचा। शव के आते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई, और मृतक के परिवार सहित मुहल्ले के लोग गहरे दुख और शोक में डूब गए। परिवारजन अपने प्रिय सदस्य के निधन पर रो-रोकर बेहाल हो गए। चितरंजन सिंह की मौत का कारण चितरंजन सिंह (40), जो सीआईएसएफ यूनिट बीएसएल बोकारो में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे, पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उनके पिता भोला सिंह ने बताया कि चितरंजन का ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन हुआ था और वह इलाज के दौरान ठीक हो गए थे, लेकिन बीमारी के बाद उनका स्वास्थ्य पूरी तरह से ठीक नहीं हो पाया। अंततः सोमवार को उनकी मौत बोकारो में हो गई। चितरंजन के निधन से परिवार और क्षेत्रवासियों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। सोमवार की शाम, जैसे ही चितरंजन सिंह का शव तिरंगे में लिपटा हुआ सीआईएसएफ के जवान राकेश कुमार और सुजीत लकड़ा द्वारा उनके घर रफीगंज के न्यू एरिया में लाया गया, यह खबर पूरे मुहल्ले में फैल गई। शव के आगमन के साथ ही सैकड़ों लोग घर के बाहर इकट्ठा हो गए। मृतक के माता-पिता श्यामपरी देवी और भोला सिंह, और उनके अन्य परिजन शव के पास रोते-रोते अत्यधिक व्यथित हो गए। यह दृश्य अत्यंत भावुक और दिल तोड़ने वाला था, क्योंकि एक परिवार अपने प्रिय सदस्य को खोने के दुख में डूबा हुआ था। चितरंजन सिंह का पैतृक घर आंती थाना क्षेत्र के गौरी बिगहा में था, लेकिन पिछले आठ वर्षों से वह अपने परिवार के साथ रफीगंज के न्यू एरिया के वार्ड 14 में रह रहे थे। चितरंजन सिंह की एक 14 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार और एक 4 वर्षीय पुत्री अनवी कुमारी है। इसके अलावा उनके परिवार में दो भाई और दो बहनें भी हैं, और वह अपने परिवार में सबसे बड़े भाई थे।

---

# गांजे की खेती का भंडाफोड़, आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)



रफीगंज थाना पुलिस ने चरकावां निचलाडीह गांव में अवैध गांजे की खेती करने वाले एक आरोपी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस के मुताबिक, यह खेती राजीव रंजन कुमार, जो वशिष्ठ दास के पुत्र हैं, द्वारा उनके घर के आंगन में की जा रही थी। इस बारे में सूचना मिलने पर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की और गांजे की फसल को नष्ट कर दिया। साथ ही, घर की तलाशी के दौरान एक किलो आठ सौ ग्राम गांजा भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी राजीव रंजन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। रफीगंज पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि राजीव रंजन कुमार गांव में बड़े पैमाने पर गांजे की खेती कर रहा है और इसके साथ ही गांजे की बिक्री का कारोबार भी चला रहा है। सूचना मिलते ही, रफीगंज थाना अध्यक्ष गुफरान अली के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिसमें अंचलाधिकारी भारतेंदु कुमार, एसआई कुशो कुमार, गीतांजलि कुमारी, ध्रुव कुमार, परमजीत कुमार मंडल और मुक्ति देव निराला शामिल थे। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चरकावां निचलाडीह गांव पहुंचकर मौके पर छापेमारी की। जब पुलिस ने राजीव रंजन के घर के आंगन में छापेमारी की, तो वहां पर गांजे के पेड़ बड़े पैमाने पर लगे हुए थे। पुलिस टीम ने वहां पर 32 बड़े गांजे के पेड़ देखे और उन्हें तुरंत काटकर थाना लाया। इसके अलावा, छोटे गांजे के पेड़ जो अभी विकसित हो रहे थे, उन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि ये पेड़ और पौधे अवैध तरीके से उगाए गए थे और इनका इस्तेमाल नशे के कारोबार के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने घर की तलाशी लेने पर एक किलो आठ सौ ग्राम गांजा भी बरामद किया। गांजा घर के विभिन्न स्थानों पर छिपाकर रखा गया था। जब्त गांजे और काटे गए पेड़ों को साथ लेकर राजीव रंजन कुमार को रफीगंज थाना लाया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रफीगंज थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने मीडिया से बातचीत में बताया कि यह एक महत्वपूर्ण सफलता है, जिसमें अवैध गांजा कारोबार और खेती का पर्दाफाश किया गया। उन्होंने कहा, "गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में गांजे की खेती और अवैध कारोबार का भंडाफोड़ हुआ है।

---

### पटना जंक्शन पर जज के बॉडीगार्ड की कार्बाइन चोरी

**पटना (नि.सं.)।** पटना जंक्शन पर गोपालगंज अपर जिला जज(एडीजे-12) के बॉडीगार्ड की बैग चोरी हो गई। बैग में सरकारी कार्बाइन और मैगजीन रखा था। मैगजीन में 20 राउंड कारतूस लोड था। इस संबंध जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। जीआरपी घटना के बाद से छापेमारी कर रही है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। बॉडीगार्ड धनजी गोंड ने बताया को 15 दिसंबर को पटना सिटी के एडीजे 9 के साथ ड्यूटी लगी थी। ड्यूटी खत्म होने बाद शाम को अपने घर आरा टाटा-बक्सर एक्सप्रेस से जा रहा थी। जिसे पटना सिटी में ही पकड़ा था। जनरल बोगी में खिड़की के पास बैठा था। हथियार बैग में रखा था। पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर ट्रेन रूकते ही पिट्ठू बैग गायब हो गया। गाड़ी में कार्फी भी थी। बैग में कपड़े के साथ सरकारी कार्बाइन रखा था। मैगजीन में 20 राउंड गोली लोड था। काफी खोजबीन के बाद भी बैग जब नहीं मिला तो जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई।

---

# दलित छात्रा का रेप व मर्डर करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर माले ने निकाला प्रतिरोध मार्च

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)




जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय दलित छात्रा के साथ हुए रेप और मर्डर के मामले में प्रशासन की तरफ से कार्रवाई नहीं होने को लेकर सोमवार को भाकपा माले ने विरोध प्रदर्शन किया। यह मार्च शहर के गांधी मैदान से शुरू होकर पुरानी जीटी रोड, रमेश चौक होते हुए समाहरणालय तक गया, जहां प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस विरोध मार्च का नेतृत्व पार्टी के जिला सचिव मुनारिक राम ने किया। इसके अलावा, आइसा नेता योगेंद्र राम, आरवाई नेता गुड्डू चंद्रवंशी, नबीनगर के प्रभारी वीरेंद्र वर्मा, ऐपवा की नेत्री अलकारी देवी, ऐपवा की जिलाध्यक्ष रिंकू देवी, निर्माण मजदूर नेता अवधेश गिरी, माले नेता जनार्दन प्रसाद, किसान महासभा के जिला सचिव कामता यादव और अम्बा के सचिव रमेश पासवान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता भी इस मार्च में शामिल हुए। मार्च का उद्देश्य केवल दलित छात्रा के साथ हुए अपराध की निंदा करना नहीं था, बल्कि आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी थी। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन मामले में पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहा और आरोपितों के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। उनका कहना था कि अगर जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार नहीं किया गया और उन्हें सजा नहीं दी गई, तो वे और भी कठोर कदम उठाएंगे।

मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख मांगों को लेकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि दलित छात्रा के साथ हुए इस अपराध में दोषियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए और उन्हें फांसी की सजा दी जाए। इसके अलावा, उन्होंने माली थानाध्यक्ष को बर्खास्त करने की मांग की, क्योंकि उनका आरोप था कि थानाध्यक्ष ने इस मामले में लापरवाही बरती और सही समय पर कार्रवाई नहीं की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ित परिवार को दस लाख रुपये का मुआवजा देने की भी मांग की और उन्हें सुरक्षा की गारंटी देने की बात कही। माले पार्टी और अन्य संगठनों के नेता इस बात पर जोर दे रहे थे कि प्रशासन और सरकार को तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और न्याय दिलवाने के लिए जरूरी कदम उठाने चाहिए। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने यह भी कहा कि अगर प्रशासन ने मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो वे इस मामले को लेकर और भी बड़े विरोध प्रदर्शन करेंगे।

---

# तीन फरवरी को जम्होर में होगा सातवां दहेज रहित सामूहिक विवाह का आयोजन

निज संवाददाता | जम्होर ( औरंगाबाद)



जम्होर के श्री राम प्रज्ञा मंडल के प्रांगण में दहेज रहित सामूहिक विवाह के आयोजन के निमित एक बैठक की गई। श्री राम प्रज्ञा मंडल के अध्यक्ष नवनीत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं 3 फरवरी 2025 को 11 जोड़ों का दहेज रहित निःशुल्क सामूहिक विवाह भव्य तरीके से करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु एक समिति गठित की गई जिसमें अध्यक्ष नवनीत कुमार, उपाध्यक्ष विक्की अग्रवाल, सचिव अनिल कुमार गुप्ता उर्फ बबलू, उपसचिव प्रवीण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिलेश कुमार, सह कोषाध्यक्ष आनंदी कुमार एवं उपेंद्र कुमार गुप्ता को बनाया गया। संयोजक बेनी पासवान सह संयोजक राम पुकार ओझा, अजीत मालाकार बनाए गए। कार्यक्रम समन्वयक संतोष कुमार गुप्ता, व्यवस्थापक दीपचंद गुप्ता, सह व्यवस्थापक अमन गुप्ता, संरक्षक समाजसेवी ऋषि शेखर को बनाया गया।

जोर-शोर से तैयारी को मूर्त रूप देने वास्ते सभी सदस्य संकल्पित हुए एवं एक सप्ताह के भीतर तैयारी से संबंधित अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। चिन्हित जगह पर होर्डिंग लगाई जाएगी। औरंगाबाद जिले में दहेज रहित सामूहिक विवाह के प्रचार–प्रसार करने एवं आयोजन करने वाली संस्थाओं एवं व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही एक साल के भीतर जितने भी व्यक्ति दहेज रहित आदर्श विवाह किए हैं उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा।

---

# जवाहर नवोदय विद्यालय बारुण में पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन सम्पन्न



निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

विगत 1987 में स्थापित जवाहर नवोदय विद्यालय का पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन 15 दिसंबर को विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय से निकले हुए सभी पूर्व छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रशासन द्वारा आमंत्रित किया गया था। ज्ञात हो बारुण नवोदय विद्यालय ने अनेकों प्रतिभाओं को जन्म दिया है, यहां से निकले अनेकों छात्र छात्रा देश-विदेश में अच्छे संसाधनों में अपना योगदान दे रहे हैं। विद्यालय के मीडिया प्रभारी गणेश प्रसाद ने बताया कि नवोदय विद्यालय बारुण औरंगाबाद जिले का अग्रणी शिक्षण संस्थान रहा है बारुण नवोदय विद्यालय की पूर्ववर्ती छात्र समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ने कार्यक्रम को संचालित किया तथा विद्यालय परिसर में आए पूर्ववर्ती छात्र छात्राओं ने विद्यालय के समस्त स्टाफ को व अर्धवार्षिक परीक्षा में सर्वोच्च अंक लाने वाले छात्रों को कक्षाबार पुरस्कृत किया तथा उन्होंने अपनी सफलता का टिप्स अध्यनरत छात्र-छात्राओं को साझा किया कि कैसे उन्हें और अच्छे प्रयास करने हैं और जीवन में सफल होना है इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया विद्यालय के प्राचार्य रवींद्र कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय अपने विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है और कई विकास के कार्य बच्चों के हित में हो रहे हैं इस अवसर पर विद्यालय में अध्यनरत बच्चों के साथ दिन भर बिताकर अपनी पुरानी यादों को ताजा किया जिसमें अनिल कुमार, आनंद प्रकाश, प्रदीप कुमार, प्रेम कुमार, विक्रांत, श्वेता कुमारी, आदि प्रमुख थे विद्यालय के समस्त कर्मचारियों के साथ पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन अपने आयाम में सफल रहा।

---

# वर्चुअल वर्कशॉप में एक्सपर्टस ने किया राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में फाइनल एवं प्री-फाइनल वर्ष के स्टूडेंट्स के लिए इंडस्ट्रीज एक्सपर्ट्स पैनल द्वारा तीन दिवसीय इंडस्ट्रियल टॉक, इंटरव्यू एवं मार्गदर्शन को लेकर वर्चुअल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में मूग इंडिया टेक्नोलॉजी सेंटर के टेक्निकल स्पेशलिस्ट विवेक चतुर्वेदी, पी-एस एंटरप्राइज के बिज़नेस हेड व ह्यूमन रिसोर्स पर्सन श्वेता, एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजर लक्ष्मीकांत एवं इंटेल से केवीएन सावन कुमार ने बतौर एक्सपर्ट्स भाग लिया। वर्कशॉप की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि के वेलकम स्पीच से हुई। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से आप बाहरी तकनीकी दुनियां में चल रहे शोध एवं डेवलपमेंट से अवगत होंते हैं। इसके माध्यम से आप कंपनियों के लिए जरूरी स्किल्स के बारे में भी जान पाएंगे। वर्कशॉप में रिज्यूम के फॉर्मेशन पर लक्ष्मीकांत, एरोस्पेस इंडस्ट्रीज के डिज़ाइन एवं प्रोडक्शन के क्षेत्र में जरूरी स्किल्स पर विवेक चतुर्वेदी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। वहीं एचआर इंटरव्यू राउंड को लेकर श्वेता ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होने इंटरव्यू क्रैक करने के कई टिप्स भी बताए। वहीं केवीएन सावन ने छात्रों को वीएलएसआई के क्षेत्र में कैरियर निर्माण को लेकर जरूरी स्किल्स एवं संभावनाओं के बारे में छात्रों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक प्रो. कृष्णकांत चौबे ने बताया कि इस वर्कशॉप से छात्रों को उनके प्लेसमेंट इंटरव्यू में काफी लाभ मिलेगा। डॉ. सचिन महेश्वर ने बताया कि यह कार्यक्रम काफी इंटरैक्टिव रहा।

---

# किसान का बेटा बना अंचलाधिकारी चौथी बार में प्राप्त की सफलता



निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

रफीगंज प्रखंड के ओडियाचक गांव के अजय यादव के पुत्र सुभाष कुमार 69वीं बीपीएससी उत्तीर्ण कर अंचलाधिकारी के पद पर चयनित हुये हैं। इस उपलब्धि पर डा तुलसी यादव, डा विकास कुमार, लड्डू खां, भोला वर्मा सहित कई लोगो ने घर पहुंचकर सुभाष कुमार को अंगवस्त्र, गुलदस्ता देकर सम्मानित किया है। कहा कि ऐसे मेधावी छात्रों से अन्य छात्रो को प्रेरणा लेना चाहिए। वहीं दादा वासुदेव यादव, रामनाथ यादव, रामचन्द्र यादव, पिता अजय यादव, मां गीता देवी, भाई विकास, मनीष एवं रंजीत, मुना, अभय कुमार ने मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त करते हुये सुभाष को बधाई दिया है। सुभाष कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं अपने बडे भाई को दिया।

---

# डिजिटल मासिक पत्रिका के लिए उपलब्धियों के संग्रहण पर बैठक आयोजित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



सोमवार को अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन (बिप्रसे) की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न विभागों की उपलब्धियों को डिजिटल मासिक पत्रिका के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित करने हेतु बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिले के सभी विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों को एकत्र कर डिजिटल रूप में संरक्षित करने के उद्देश्य से की गई। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार 7 सदस्यीय डिजिटल मासिक संग्रहण समिति का गठन किया गया है, जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता कर रहे हैं। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे आपदा, कल्याण, वन विभाग, जीविका, पंचायती राज, बाल संरक्षण सहित अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक माह जिले की कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को एकत्रित करें। इसके अतिरिक्त, संपूर्णता अभियान से जुड़े चार प्रखंडों (मदनपुर, देव, नवीनगर और कुटुंबा) के प्रखंड समन्वयकों को निर्देश दिया गया कि वे प्रखंड स्तरीय उपलब्धियों को संग्रहित कर समिति को सौंपें। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, सहायक आपदा पदाधिकारी अंतरा कुमारी और प्रखंड समन्वयक (एबीपी) पिंकी कुमारी, आसमा राणा, नेहा सिन्हा और सचिन मौर्य उपस्थित रहे।